सूर्योदय प्रातः 5:13 सूर्यास्त संध्या 6:18 पखवाड़ा वैशाख कृ. एकादशी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 39° न्यूनतम 23°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, शनिवार, 04 मई 2024, वर्ष : 15, अंक : 80, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार



सेंसेक्स	73,878.15	-732.96 (-0.98%)
निफ्टी	22,475.85	-172.35 (-0.76%)

सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

सोना (22 carat)	65,750.00
चांदी	835.00

फूलों की हुई बारिश, गूंजा मोदी-मोदी का नारा

प्रधानमंत्री की आभा पर मुग्ध हुई रांची

- सम्मान में बिछ गयी राज्य की राजधानी
- जनता ने पीएम पर खूब लुटाया अपना प्यार
- ओपन जीप में रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के साथ हुआ रोड शो
- हजारों की संख्या में उमड़ा लोगों का हुजूम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को झारखंड पहुंचे। यहां उनका रोड शो हुआ। रोड शो में लोगों की उपस्थिति उनके उत्साह को बहुत ही स्पष्ट तरीके से दर्शा रही थी। प्रधानमंत्री ने भी हाथ में कमल का फूल लेकर सभी का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ रांची लोकसभा से प्रत्याशी संजय सेठ और अमर कुमार बाउरी भी थे। पीएम हाथ हिला कर लोगों के स्नेह का जवाब दे रहे थे। उन पर रांची की जनता फूलों की बारिश कर रही थी। मोदी-मोदी के नारों से पूरा हरमू रोड गूंज उठा। हर कोई बस पीएम की एक झलक पाना चाह रहा था। मोबाइल में उन्हें कैद करना चाह रहा था। फूलों की बारिश देख वह अभिभूत दिखे। बस ! एक मुस्कान के साथ सभी को धन्यवाद देते दिखे। सुरक्षा में तैनात एसपीजी के जवान फूलों की बारिश तो नहीं रोक पाये। अलबत्ता, कुछ देर पर वह हाथों से फूलों को जरूर हटाते रहे। नरेन्द्र मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग पैदल ही पहुंच गये थे। कोई चार घंटे से उनका इंतजार कर रहा था, तो कुछ लोग दूसरे राज्यों से भी उनकी झलक पाने को पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे हैं। पीएम चाईबास में चुनावी सभा को सम्बोधित करने के बाद शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसके बाद एयरपोर्ट से उनका काफिला चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच राजभवन के लिए निकला।

वहीं, बिरसा चौक पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान पीएम ने दोनों हाथों से लोगों का अभिवादन कर मुस्कुराते हुए विक्ट्री साइन दिखायी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन की होगी जीत : मुख्यमंत्री

■ जमशेदपुर से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने दो सेटों में शुक्रवार को नामांकन किया। नामांकन से पूर्व मोहंती ने आवास पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनका पूरा परिवार उनके साथ रहा। उनके नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन और सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद थे। समीर मोहंती के नामांकन से बाद साकची स्थित बोधि मैदान में आयोजित सभा में चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडिया गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव में लड़ रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के चाईबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं आ-जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की सभी 14 सीटों पर कब्जा जमा रहा है।

बंगाली हूं, किसी से डरनेवाला नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर मोहंती के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुका है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वह चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े बलात्कारी के साथ मंच साझा कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है। भट्टचार्य ने कहा कि जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

राहुल गांधी सात मई को झारखंड में

रांची : कांग्रेस नेता राहुल गांधी सात मई को झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। राहुल गुमला जिला के बसिया में जनसभा करेंगे। सात चरणों में होने वाले आम चुनाव के पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि पहले राहुल गांधी का कार्यक्रम छह मई को तय हुआ था लेकिन इसे एक दिन के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इस जनसभा में लोहरदगा और खूंटी क्षेत्र के लोग शामिल होंगे। पार्टी इसकी तैयारी में जुट गई है।

हेमन्त सोरेन को चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने की मिली अनुमति

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को जमीन घोटाले से जुड़े मामले में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को उनके चाचा के श्राद्ध कर्म में छह मई को पुलिस कस्टडी में शामिल होने की अनुमति दे दी। साथ ही, हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय के कोर्ट ने उनकी प्रोविजनल बेल की याचिका को खारिज कर दिया। पुलिस कस्टडी के दौरान कोर्ट ने मीडिया और गवाह से बात नहीं करने या कोई राजनीतिक बयान नहीं देने की बात भी कही है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे पर सुरक्षा कड़ी

शिमला : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 04 मई से 08 मई तक हिमाचल प्रदेश के 05 दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वह शिमला से सटे छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शिमला में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा और एक हजार से अधिक पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किये गये हैं।

राष्ट्रपति का काफिला शनिवार को कल्याणी हेलिपैड मशोबरा में लैंड करेगा। कल्याणी हेलीपैड पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव देवेश कुमार, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा, शिमला के डीसी अनुपम कश्यप, एसपी संजीव गांधी इत्यादि उनको रिसीव करेंगे। शिमला के मॉल रोड में राष्ट्रपति के काफिले के गुजरने की रिहर्सल की गयी। मॉल रोड और रिज मैदान पर बैरिकेडिंग की गयी है।

कल्पना सोरेन ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसम्पर्क अभियान ; कहा

हमें झारखंड को विकास की राह पर निरन्तर ले जाना है आगे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गिरिडीह : गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को जनसम्पर्क अभियान चलाया। मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी को हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी के बाद स्थिति काफी बदल गयी। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। नेता के प्रति उनका प्यार देख कर मैंने सोचा कि जब तक हेमन्त वापस नहीं आ जाते, तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी।

कल्पना ने कहा, ‍मैं हेमन्त सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं। लेकिन, वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है...एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर निरन्तर आगे ले जाना है। सरकार चलाने के भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भाजपा ने झूठ फैलाने ● शेष पृष्ठ 11 पर

चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में

लोकसभा चुनाव

एजेंसी

नयी दिल्ली : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों के लिए मतदान होगा, जिसके लिए कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण के मतदान के लिए कुल 4,264 नामांकन पत्र दाखिल किये गये, जिनकी जांच-पड़ताल

के बाद 1970 नामांकन वैध पाये गये। इस चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल थी। 253 उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद कुल 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान ● शेष पृष्ठ 11 पर

व्हाट्सएप ने 07 करोड़ से ज्यादा मोबाइल नम्बर को किया बैन

नयी दिल्ली : दुनिया के चौथे सबसे अमीर कारोबारी मार्क जुकरबर्ग की कम्पनी व्हाट्सएप ने एक बड़ा एलान किया है। मेटा के स्वामित्व वाली कम्पनी ने बताया कि +91 से शुरू होनेवाले 07 करोड़ से ज्यादा मोबाइल नम्बर को व्हाट्सएप से बैन कर दिया गया है। यह डेटा जनवरी से लेकर नवम्बर 2023 तक का है। कम्पनी ने बताया कि उसने 01 जनवरी से लेकर 31 मार्च 2024 के बीच 7,954,000 अकाउंट को बैन कर दिया है। इसमें से 1,43,000 ● शेष पृष्ठ 11 पर

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित चुनावी जनसभा में गरजे मोदी, कहा

कांग्रेस को इस बार 50 व तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी

एजेंसी

कोलकाता : नदिया जिले के कृष्णानगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी। कांग्रेस को इस बार 50 से कम सीटें मिलेंगी। ऐसी स्थिति में वे सरकार कैसे बनायेंगे? भाजपा ही सरकार बना सकती है।

नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल पर हमले तेज करते हुए कहा कि उसने गरीबों का राशन भी नहीं छोड़ा। हर जगह भ्रष्टाचार है। तृणमूल और इंडी गठबंधन से लोगों का भरोसा उठ गया है। हमारी सरकार मतुआ लोगों को न्याय देने के लिए सीएए लाने की बात कर रही है। सभी को लगा कि तृणमूल सीएए का समर्थन करेगी, लेकिन वे वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं। सीएए का विरोध कर रहे हैं। तृणमूल को पता होना चाहिए, वे सीएए को नहीं रोक पायेंगे। मतुआ को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसे कोई नहीं रोक सकता।

उन्होंने कहा कि एक समय पूरा बंगाल इंडस्ट्री के मामले में कितना आगे था। ● शेष पृष्ठ 11 पर

बीरभूम में बोले प्रधानमंत्री : बंगाल को लूटनेवालों को नहीं छोड़ूंगा

पश्चिम बंगाल के बीरभूम में प्रधानमंत्री एवं भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपनी तीसरी और आखिरी जनसभा को सम्बोधित करते हुए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जिन्होंने बंगाल को लूटा है, उन्हें छोड़ेंगे नहीं। मोदी ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले से तृणमूल नेताओं का असली चरित्र सामने आया है। उन्होंने गारंटी देते हुए कहा ● शेष पृष्ठ 11 पर

झारखण्ड सरकार

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

-:अति आवश्यक सूचना:-

पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवत: बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण	बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय
➤ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना। ➤ कलगी फूल जाना। ➤ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना। ➤ नाक से पानी आना। ➤ पतला दस्त होना। ➤ सांस लेने में लकलीफ होना। ➤ चलने में लड़खड़ाना	➤ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए। ➤ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें। ➤ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें। ➤ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराऐं नहीं।

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।

PR- 324397 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

एक झलक

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सरहुल का त्योहार

गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत स्थित सोनडीमरा गांव में पुराने रीति रिवाज के अनुसार हर्षोल्लास के साथ सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सोनडीमरा गांव के पाहन बरता मुंडा द्वारा सरहुल पूजा किया गया। सरहुल पूजा में गाँव की सारी जनता उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। पूजा के पश्चात पूरे गाँव में जुलूस निकाला गया। जुलूस में बरलंगा थाना क्षेत्र के पुलिस बल शांति व्यवस्था को बनाए रखा। जुलूस के दरमियान विभिन्न तरह के झाँकियों का प्रदर्शन किया गया। मौके पर बरता मुंडा, हलधार मुंडा, पूरन मुंडा, लक्ष्मीकांत महतो, किशोर महतो, निकेन महतो, हीरालाल महतो, कालेश्वर महतो, सुभाष चंद महतो, प्रदीप महतो, जितेन महतो, धर्मेंद्र कुमार महतो, हीरा महतो, मोती महतो, खेलाराम महतो सहित गांव के लोग उपस्थित थे।

डायन बिसाही का आरोप लगा कर महिला से मारपीट

बरकाकाना : डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए घर में घुसकर तोड़फोड़ और महिला से मारपीट का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी मूर्ति देवी ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि बीती रात मूर्ति देवी और उसकी बेटी छोटी कुमारी अपने घर में सोए हुए थे इसी दौरान पड़ोस के उत्तम करमाली 32 वर्ष, घनश्याम करमाली 35 वर्ष सुरेश शर्मा जी 37 वर्ष तीनों पिता स्वर्गीय मदन करमाली और राजेश करमाली उम्र 36 वर्ष पिता स्वर्गीय चिता करमाली तीनों हरवे हथियार से लैस होकर उसके घर पहुंचे और हो-हंगामा करदरवाजा खुलवाने। मूर्ति देवी ने दरवाजा खोला और उनसे पूछ कि क्या बात है। जिसपर उनलोगों ने मूर्ति देवी को डायन कहते हुए अपनी मां का मौत का जिम्मेवार बताया इसके साथ ही गाली गलौज करते हुए सभी घर में तोड़फोड़ करने लगे शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग जुटने लगे। इस क्रम में मूर्ति देवी व उसके बेटी छोटी कुमारी किसी तरह उन लोगों के चंगुल से बचकर घर से भाग निकले। उन्होंने रात एक खेत में गुजारी सुबह होते ही मूर्ति देवी और उसकी बेटी बरकाकाना ओपी पहुंचे। और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस मामले में छानबीन में जुट गई है।

बुढ़मू पुलिस की अवैध बालू माफियाओं पर कार्रवाई जारी

बुढ़मू : शुक्रवार को अवैध बालू लदा 5 ट्रेक्टर को जब्त किया गया। अवैध बालू के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है, इसी कड़ी में बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को गुप्त सुचना मिली की चकमे टोंगरी के झाड़ियों मे अवैध बालू लदा 5 ट्रेक्टर को छुपा कर खड़ा किया गया था, जिसकी सूचना बुढ़मू थाना प्रभारी रामजी कुमार को दी गई, सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए झाड़ियों में छुपा कर रखा गया 5 ट्रेक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है, थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा की किसी भी हाल मे अवैध परिवहन नहीं करने दी जायगी। अवैध बालू परिवहन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायगी। विदित हो की पिछले एक सप्ताह से अवैध बालू परिवहन पर पुलिस लगातर कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जप्त की है, साथ ही दर्जनों तस्करो को जेल भेज दिया है। इधर बुढ़मू पुलिस की इस करवाई से अवैध बालू तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

कुच्चू में मंडा पूजा में दहकते अंगारे पर चले शिवभक्त

अनगड़ा : कुच्चू गांव में सात दिनों से चल रहे शिव महामंडा पूजा का शुक्रवार को समापन हो गया। सात दिनों से भगवान शिव की आराधना में डूबे शिव भक्तों ने झूलन कर दहकते अंगारे में चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस मौके पर रात्रि जागरण में छऊ नृत्य का आयोजन हुआ। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। उन्होंने मंडा को झारखण्ड की संस्कृति और आस्था का परिचायक बताया। महादेव की आराधना से मन के विकार दूर होते है और आस्था को मजबूती मिलती है। छऊ नृत्य का मुकाबला हेमचंद्र महतो और संनत महतो के बीच काफी आकर्षक रहा। इस मौके पर बिगेश्वर महतो, सफीक अंसारी, गिलू बेदिया, कृष्णा महली, समिति के अध्यक्ष जयशंकर पाहन, सचिव रतीलाल महली, कोषाध्यक्ष हरिशंकर शाही मुंडा, मुखिया सहदेव बेदिया, बाली महली, सूरदास बेदिया, नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

नगड़ी बाजार में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम

पीएलवी ने दी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी

■ पीएलवी उमेश कुमार ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व पीड़ित मुआवजा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : नगड़ी प्रखण्ड के नगड़ी बाजार में 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रिना लिंडा, उमेश कुमार, सतीश कुमार उपस्थित थे। पीएलवी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के बारे में बताया। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीना लिंडा एवं उमेश कुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि दिनांक 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी दी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठक कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जा रहा है। दिनांक 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है। तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जूलाई को यह भी ज्ञात हो कि 13 जूलाई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित कर-के पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 'कैड कैम' पर अतिथि व्याख्यान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
ओरमांझी : आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक उच्च स्तरीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें रैकेड कैमर के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा हुई। इस अवसर पर झारखंड सरकार टूल रूम, रांची से अनुभवी विशेषज्ञ पंकज कुमार और कमलकान्त ने विशेष जानकारी साझा किये। इस अतिथि व्याख्यान को आरटीसी इंस्टीट्यूट के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जो नवाचार क्षेत्र में अपनी ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित हैं। 'कैड कैम' ऐसे शीर्षक हैं जो आधुनिक और उत्कृष्ट औजारों के उपयोग को संभव बनाते हैं जो उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया को सुगम और कुशल बनाते हैं। झारखंड सरकार टूल रूम के पंकज कुमार ने बताया कि इस विषय पर अपने अनुभव को साझा करने का यह अवसर एक महत्वपूर्ण कदम है तकनीकी ज्ञान और नवाचार में। उन्होंने कहा, रैकेड कैम और स्वचालन के क्षेत्र में हमें नई तकनीकी प्रक्रियाओं के साथ कदम रखने की आवश्यकता है ताकि हमारे उद्योग में उत्पादन और उत्कृष्टता में सुधार हो सके। आरटीसी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य डॉ एन हरि बाबू ने इस अतिथि व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा यह एक महत्वपूर्ण अवसर है हमारे छात्रों के लिए जो उत्कृष्ट विशेषज्ञ से नवाचारिक विचारों का परिचय प्राप्त करेंगे। उन्होंने और भी जोड़ा, हमें निरंतर तकनीकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे अवसरों की आवश्यकता है। डॉ जय प्रकाश एवं प्रिय रंजन ने कहा की यह अतिथि व्याख्यान छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जिसमें वे कैड कैम और स्वचालन के नवीनतम तकनीकी अद्यतनों के बारे में अधिक जान सकेंगे। इसके साथ ही, इस व्याख्यान से उन्हें उद्योग में अपने करियर के लिए बेहतर दिशा मिलेगी।

07 जून से स्वर्गीय आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
ओरमांझी : आईपीएल के तर्ज में कांके प्रखंड के चुट्टू गांव रिंग रोड ईदगाह स्थित मैदान मे 6 दिवसीय स्वर्गीय आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का झारखंड ज्योति क्लब छुट्टू के द्वारा 7 मई से शुरू किया जाएगा। इसकी जनकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके टूर्नामेंट के अध्यक्ष जावेद अंसारी सहित आयोजन समिति के लोगो ने दी. जावेद अंसारी ने कहा कि इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए एक टीम को 6100 सौ रुपया इंट्री फीस देना होगा और इसमें पंचायत स्तर के 32 टीमें भाग लेगी और प्रत्येक मैच 8-8 ओवरों का होगा. टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मैच खेलने के समय अपना ऑरिजनल आधार कार्ड लेकर आना होगा और आधार कार्ड का सत्यापन ओटीपी के द्वारा किया जायेगा की आधार कार्ड ऑरिजनल है की नही। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता टीम को 55 हजार रुपया नगद व बड़ा ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 35 हजार रुपया नगद और बड़ा ट्रॉफी और तीसरा और चौथा स्थान में आने वाली टीम को 10-10 हजार रूपया नगद देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं हर मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टी-शर्ट एवं कप और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 32 इंच का एलईडी टीवी एवं कप दिया जाएगा।इस मौके पर अध्यक्ष जावेद अंसारी, उपाध्यक्ष मोदस्सिर एहरार, सचिव सलमान, अकील, सहसचिव शाहिद, जुगेस, कोषाध्यक्ष सुल्तान राजा, खेल प्रभारी रपसन, आबिद,जेआर मुन्ना, अबुशामा, मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा, हयात अंसारी, सरीफ अंसारी, आशिक अहमद, नसीमुद्दीन अंसारी, जावेद अख्तर, जाबुल अंसारी, सत्रुधन महतो, तबरेज अंसारी, संरक्षक जावेद - अख्तर, अनवारुल अंसारी, एजाज अंसारी (डायरेक्टर राज घराना) प्रेमकिशोर महतो, इम्तियाज अंसारी, सईद अंसारी, प्रतुल मुंडा, सफीक अंसारी, जहांगीर अंसारी, महताब अंसारी, आफताब अंसारी, मजनू मालिक, वाजेदुल अंसारी है।

हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एक घायल

अनगड़ा : थाना क्षेत्र अंतर्गत हाहे-राहे सड़क पर पैका जोड़ा पुल के समीप शुक्रवार को हुये सड़क दुघर्टना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। बताया गया कि टाटीसिलवे से पैका जा रहे हाईवा (जेएच 05डीक्यु 3686) की सीधी टक्कर सामने से आ रहे एक बाईक से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों ही वाहन तेज रफ्तार में थे। बाईक हाईवा में फंस कर कुछ दूर घसीटता चला गया। घटना में बाईक सवार नामकुम थाना क्षेत्र के कोचबोंग महुआटोली निवासी अजय कच्छप 32 व मेढ़ा निवासी बंधन मुंडा घायल हो गये। सूचना मिलने पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए रिम्स भेजा, जहां अजय कच्छप की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है।

दो दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रामगढ़ : बरकाकाना ओपी क्षेत्र के हेहल चैक में गुरुवार की देर रात दो जेनरल स्टोर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायरब्रिगेड की टीम ने तकरीबन तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्टसर्किट बताई जा रही है। घटना में दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो चुका है। दोनों दुकानें ब्रहमदेव प्रजापति और दिलीप प्रजापति (दोनों भाई) की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात दुकानों से धुआं आग की लपटें देख लोगों ने इसकी जानकारी दुकानदार ब्रह्मदेव प्रजापति को फोन पर दी। ब्रह्मदेव प्रजापति घटनास्थल पहुंचे। अफरातफरी के बीत दुकान के दरवाजे को तोड़ आग बुझाने की कवायद शुरू हुई। स्थानीय लोग पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करते रहे। वहीं मामले की सूचना पर रामगढ़ से प्रशासनिक और सीसीएल की दमकल की गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंची। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में दुकान संचालक ब्रहमदेव प्रजापति ने कहा कि शॉर्टसर्किट से आग लगी है। अगल-बगल होने के कारण दूसरी दुकान भी आग की चपेट में आ गई। दोनों दुकानों का सारा सामान जलकर खाक हो गया है। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

झंडागड़ी सह प्रार्थना सभा की तैयारी को लेकर हुई बैठक, कार्यसमिति का हुआ विस्तार

लापुंग : लापुंग प्रखंड के आदिवासी सरना आश्रम विकास केंद्र बलांदु में ग्राम प्रधान सुनील उरांव की अध्यक्ष की अगामी 10 मई को प्रार्थना सभा सह झंडा गाड़ी की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। बैठक में कार्य समिति का विस्तार किया गया है। मौके पर समाजसेवी जितिया उरांव तिगरा, फगुवा भगत देवगांव, रामू उरांव, भोले उरांव ददगो, गंदूर उरांव दरंदा, सुनील प्रधान नवाटोली, माघी उरांव, बैजनाथ तिर्की लतरातू, रवीन्द्र उरांव, नितेश उरांव, विश्राम उरांव, भिखारी उरांव, बिशाल उरांव, सुनील उरांव, विजय उराँव, बोरा उरांव समेत कई लोग मौजूद रहें।

सात पड़हा के तत्वावधान में तीन दिवसीय विशु शिकार से लौटे ग्रामीण, हुआ भव्य स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लापुंग : सात पड़हा देवगांव के चंपा राजा के नेतृत्व में तीन दिवसीय विशु शिकार पर निकले पांच गांव तिगरा , देवगांव , पोला , तिलई व शंकरपुर के ग्रामीणों का दल शुक्रवार को वापस देवगांव पंचायत के शकरपुर गांव के सीमना में पहुंचने पर गांव के महिलाओं पुरुषों के द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया ।कांसे की लोटा में जल लेकर गांव पहुंचे पड़हा राजा व कोटवार का पैर धोकर पारम्परिक रूप से स्वागत किया गया। साथ ही सामूहिक रूप से पारम्परिक नृत्य करते हुए गांव के अखरा तक लाया गया। मौके पर मुखिया दुर्गा उरांव समेत कई लोगों ने स्वागत किया। विशु शिकार में शामिल लोगों में कोटवार लिटीया उरांव, विष्णु उरांव, बेला उरांव, भीमा उरांव , रेला उरांव, मंगरू उरांव, बुधुवा उरांव, मंगा उरांव, बिरसा उरांव समेत कई लोग शामिल रहें।

एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने किया नामांकन ओरमांझी से हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
ओरमांझी : रांची लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर बिरसा उरांव के नेतृत्व में ओरमांझी मंडल एवं कोकर मंडल के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं मीडिया से बात करते हुए प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर बिरसा उरांव ने कहा कि संजय सेठ के नामांकन में अप्रत्याशित भीड़ से स्पष्ट हो गया है कि इनकी यहां से जीत तय है।
इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि अपने परिवार को बचाने के लिए यह गठबंधन किया गया। लोकसभा चुनाव परिणाम से पहले इन लोगों का गठबंधन टूट जायेगा। वहीं यूसीसी बिल पर कहा कि इसे पूरे देश में लागू किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक मोदी जी के नेतृत्व पूरे देश का विकास हो रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए चार सौ के पार होगा। साथ ही साथ वोटिंग की प्रतिशत भी बढ़ेगी। इस नामांकन में रांची लोकसभा क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। लोगों को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है। झारखंड की जनता सभी 14सीटें जीतेगी। पीएम मोदी के हाथों को हम लोग मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड में कभी भी विधानसभा चुनाव हो सकता है। विधानसभा चुनाव में दो तिहाई सीटों पर एनडीए की जीत होगी।

बरही विधायक उमाशंकर अकेला का भुरकुंडा में स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
भुरकुंडा : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव भुरकुंडा पटेल नगर स्थित कोलफिल्ड मजदूर यूनियन के कार्यालय पहुंचे। जहां यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत दुबे एवं केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य और भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने शॉल ओढ़ाकर और फूलमाला से उनका स्वागत किया गया। उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए अकेला यादव ने कहा कि संविधान की रक्षा ओर महंगाई-बेरोजगारी से छुटकारा पाने के लिएभाजपा को सता से हटाना जरूरी है। मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, संतोष यादव, संजय यादव, दयानंद प्रसाद केशरी, रामानुज प्रसाद, बसंत बसपत, रामदेव महतो, उमेन्द्र कुमार, मनोज राम, बिंदु बेदिया, सुलेन्द्र बेदिया, वासुदेव, अर्जुन, रवि कुमार, सनोज हरिजन, बैजनाथ केवट, धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा कार्यालय में अनिमा लकड़ा का हुआ स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बेड़ो : गुमला रोड स्थित भाजपा मंडल कर्यालय में बुधवार को भाजपा में शामिल हुई करमचंद भगत कॉलेज की शिक्षिका डा अनिमा लकड़ा का महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती देवी मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा व महामंत्री बलराम सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर व पट्टा देकर जोरदार स्वागत किया गया। वही स्वागत का आभार व्यक्त करते हुए अनिमा लकड़ा ने कहा केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीति व कार्यो के चलते जनता का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है। आज किसी भी पार्टी के पास आज कोई मुद्दा नहीं बचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के सपना पूरा करने के लिए संकल्प के साथ भाजपा में आयी हूं। मैं अपने नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाउंगी। उन्होंने कहा कुछ राजनीतिक दल विकास कार्यो में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर रहे है।ऐसे लोगो से जनता सावधान रहें।मौके परपवन साहू,अजय मुंडा,अजय दुबे,वाणी कुमार राय,धनंजय कुमार राय,राजीव रंजन अधिकारी,समीर कुमार मुंडा,आदित्य ताम्रकार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

जसपुरिया बीएड कॉलेज में जागरूकता अभियान मतदान रैली

अनगड़ा : जशपुरिया बीएड कॉलेज में शुक्रवार को प्रशिक्षुओं द्वारा जागरूकता अभियान मतदान रैली निकाली गई। रैली गेतलसूद से लेकर रामदगा होते हुए अनगड़ा प्रखंड तक गई। इस दौरान प्रशिक्षर्थियों ने लोकतंत्र में हिस्सेदारी हम सब की है जिम्मेदारी। देश के विकास में दो अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान के नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया ।इस मौके पर सभी शिक्षक व प्रशिक्षु उपस्थित थे।

मिट रहा ऐतिहासिक डाक बंगला कुएं का अस्तित्व

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
बेड़ो : जल जीवन हरियाली के माध्यम से पौधारोपण, तालाब एवं कुएं का जीर्णोद्धार कर संरक्षण करना है। लेकिन प्रखंड मुख्यालय स्थित अंग्रेजों के जमाने के पुराने चौकोना कुएं की स्थिति बदहाल हो गया है। जिसपर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मृत हो रहे ऐतेहासिक कुएं व तालाब को जीवंत बनाने में प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि भी ध्यान नहीं दें रहे है। मामला जिला परिषद परिसर का है जो पहले डाक बंगला के नाम से जाना जाता था। यहां अंग्रेजों के जमाने के बने वर्षो पुराने हल्के लाल रंग का चौकोना कुएं का अस्तित्व मिटने के कगार पर है। मौजूदा स्थिति यह है कि यहां दुकानदारों द्वारा कचरा फेंका जा रहा है। जिससे इसकी स्थिति बदहाल बनी हुई है। यह कुआं अपना अस्तित्व खोता जा रहा है। अंग्रेजों द्वारा बनवाए गए इस कुएं के जीर्णोद्रार के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। हालात ये हैं कि कूड़े करकट में यह कुआं तब्दील होता जा रहा है। बेड़ो के लोगों का कहना है कि अंग्रेजों के जमाने में इस कुएं को बनवाया गया था। इसी कुएं के पानी अंग्रेज उपयोग करते थे। बाद में ग्राम वासी और बेड़ो के साप्ताहिक सोमवार और गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के दुकानदार और बाजार आने वाले लोग इसी कुएं का पानी का उपयोग करते व पीते थे। प्रखंड मुख्यालय की धरोहर के रूप में इस कुएं की पहचान तो जरूर मिली, लेकिन यह आज अपनों की ही उपेक्षा का शिकार है। चुनावों के दौरान लंबी चौड़ी बात करने वाले जनप्रतिनिधि भी इस पहचान के सौंदयीकरण के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इसको लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए तो यह कुआं इतिहास के पन्नों में ही दर्ज होकर रह जाएगा। पद्मश्री सिमोन उरांव ने कहा है कि यह कुंआ वर्षो पुरानी है। इस कुंए से चार दशक पूर्व तक बेड़ो बाजार आने वाले लोगों और गांव के लोगों की प्यास बुझती रही। धीरे-धीरे चापानल व नल जल योजना के कारण कुएं का उपयोग कम होते चला गया। इस कुएं का यथाशीघ्र जीर्णोद्धार होना चाहिए। समाजसेवी अशोक कुमार बैठा, सौमित्र शर्मा व सेवा निवृत्त शिक्षक नकुल राम महथा कहते हैं कि डाक बंगला कुआं बेड़ो की धरोहर है। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि इस कुएं का सौंदर्यीकरण कर-के धरोहर के रूप में संजोने का काम करें। कुएं की साफ-सफाई कराई जाए। आज भी लोग कुएं को देखने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उसकी हालत देख मायूस हो जाते हैं।

बाल विवाह रोकने में विफल होने पर पंचायत व पंच होंगे जवाबदेह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
गोला (रामगढ़) : प्रदेश में बाल विवाहों की रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान उच्च न्यायालय के त्वरित आदेश के बाद रामगढ़ में भी इस तरह की आवाजें उठने लगी हैं कि जिले में इसी तरह के सख्त एवं कठोर कदम उठाए जाएँ। जिले में 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' के सहयोगी संगठन अग्रगति ने राज्य सरकार से अपील की है कि इस प्रकार के संविधान सम्मत कदम उठाते हुए बेहतर नजीर पेश करें तथा इस कदम का अनुसरण करते हुए सुनिश्चित किया जाय कि अक्षय तृतीया के दौरान कहीं भी बाल विवाह नहीं होने पाए। उच्च न्यायालय का यह फौरी आदेश ₹जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस₹ की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने की माँग की थी। जिसपर न्यायालय ने सुनवाई की। उच्च न्यायालय का यह आदेश ऐसे समय आया है जब अक्षय तृतीया के मौके पर बाल विवाह के मामलों में खासी बढ़ोतरी देखने को मिलती है।जिसे रोकने के लिए राज्य सरकारें और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे तमाम गैरसरकारी संगठन हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा, सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है। याचिकाओं द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राज्य सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए 'बेहद कड़ी नजर' रखने को कहा है। यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके है।लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है। जिसकी सभ्य और प्रगतिशील समाज में अस्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान उच्च न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक है। पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयाँ बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक है। राजस्थान उच्च न्यायालय का यह फैसला इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

120 गैरसरकारी संगठन (एनजीओ) जुड़े है इस अभियान में
जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है। जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए है। पूरे देश में बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल दुव्यापार जैसे बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

कोर्ट का आदेश स्वागत योग्य : किरण शंकर दत्त
अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने कहा, राजस्थान उच्च न्यायालय का यह आदेश ऐतिहासिक है। जिसके दूरगामी परिणाम निकलेंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है। वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी के तौर पर हम पूरे देश के जिलाधिकारियों से इसी तरह के कदम उठाने की अपील करते हैं। जमीनी स्तर पर हमारी पहलों ने यह साबित किया है कि बाल विवाह जैसे मुद्दों के समाधान में सामुदायिक भागीदारी सबसे अहम है।

एमआरडी बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वस्थ व विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक : आरफा सदफ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
ओरमांझी : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ओरमांझी प्रखण्ड के सांडी सिकिदिरी रोड स्थित मोती राज देवी बीएड कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। छात्रों को 'मेरा वोट, मेरी पहचान सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, 'मतदान मेरा अधिकार' आदि के संदेश दिए गए। उप प्राचार्या आरफा सदफ ने इस अवसर पर कहा कि देश के नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है। इसलिए किसी के प्रलोभन में न आकर स्वेच्छा से सोच विचार कर योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। सरकार निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सलोनी तिर्की, ज्योत्सना, शाहीन,बिनीता, अनीशा, नामरोधी, जेनक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एक झलक

योग प्रतियोगिता का होगा आयोजन

रांची : आगामी 4 और 5 मई को यूनियन क्लब व लाइब्रेरी एवं स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है जिसमें प्रथम दिन शनिवार प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे रखी गई है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूनियन क्लब के सचिव श्री सेतांको सेन स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के सचिव सुशांत सुशांत भट्टा के द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज योग संस्थान के छात्र-छात्राएं शामिल इस प्रतियोगिता में 5 वर्ष से 60 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भी भाग लेंगे। जूनियर वर्ग के प्रतियोगिता 5 मई को रखा गया है जिसमें आयु वर्ग 8 वर्ष से 18 वर्ष तक का प्रतियोगिता होंगी।

वामदलों ने श्रमिक नेताओं को हिरासत में लिए जाने की निंदा की

रांची : भाकपा और माकपा ने रांची पुलिस के जरिये सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष और हटिया मजदूर यूनियन के नेता भवन सिंह और एचईसी बचाओ मजदूर संघर्ष समिति के दिलीप सिंह को हिरासत में लेकर धुर्वा थाने में बैठाए रखने की कड़ी निंदा की है। साथ ही दोनों श्रमिक नेताओं को अविलंब रिहा करने की मांग की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव और भाकपा के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अजय सिंह ने कहा कि पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई एहतियात के तौर पर की गई है लेकिन एचईसी के मजदूरों के जरिये प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान किसी प्रकार के विरोध कार्रवाई का कोई आह्वान भी नहीं किया गया था। नेताओं ने कहा कि एचईसी के अनुशासित मजदूर इस बात से अवगत हैं कि आम निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है और पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में एचईसी के मजदूर चुनाव की प्रक्रिया में कोई बाधा खड़ा करना नहीं चाहते हैं लेकिन एचईसी के मुद्दे पर अलग-थलग पड़ी भाजपा घबराई हुई है और उसने ही रांची पुलिस पर दबाव बनाकर श्रमिक नेताओं को गिरफ्तार कराया है।

भाकपा के राष्ट्रीय सचिव अतुल अनजान के निधन पर पार्टी ने झुकाया झंडा

रांची : भाकपा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अनजान के निधन पर तीन दिनों के लिए पार्टी का झंडा झुका दिया गया है। राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि अनजान भाकपा के बौद्धिक संपदा थे। वह प्रखर वक्ता और कई भाषाओं के जानकर हर दिल अजीज थे। राज्य कार्यकारिणी के सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि वह निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता थे। संघर्ष की राह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता डॉक्टर एपी सिंह विख्यात स्वतंत्रता सेनानी थे। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के कई आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कई वर्षों तक जेल में रहे। 20 साल की उम्र में नेशनल कॉलेज के प्रेसिडेंट और 60 के दशक भाकपा के मेंबर बने। एआईएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में राष्ट्रीय सचिव और अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव थे। कई आंदोलनों में सक्रिय भूमिका खासकर उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध पुलिस पीएसी रिवॉल्ट एक्ट में लगभग पांच वर्ष तक जेल में रहे। उल्लेखनीय है कि अनजान का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। 60 साल के अनजान कैंसर से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लखनऊ के गोमतीनगर स्थित मेयो अस्पताल में मौत से जंग लड़ रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा की

पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें : रवि कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हर मतदाता तक पहुंचते हुए वोटरगाइड एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित कराएं। विगत के मतदान में किन कारणों से मतदान कम हुए थे, उसका निराकरण करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। पदाधिकारी केवल डेटा पर नहीं, बल्कि मौके पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें। रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पांचवें और छठे चरण के मतदान से संबंधित जिले खूंटी, सरायकेला-खरसावां, रांची, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, पलामू, सिमडेगा और लोहरदगा में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टारगेटेड स्वीप एक्टिविटी से मतदाताओं को जागरूक करने से वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। पदाधिकारी मतदाता सहभागिता के लिए कोई कसर नहीं छोड़ें। रवि कुमार ने कहा कि पदाधिकारी कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों का भौतिक निरीक्षण करें और संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना सुनिश्चित कराएं। साथ ही बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिम्मेवारी सौंपे। इसके अलावा

इंटर पर्सनल कम्युनिकेशन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। ऐसी पहल से मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों को इस तरह तैयार करें कि लगे वह मतदाताओं को मतदान के लिए पुकार रहा हो। रवि कुमार ने कहा कि कम मतदान वाले क्षेत्रों में प्रत्येक घरों तक पहुंच बनाते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कोई भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर मूर्त रूप दें। उन्होंने रांची के बुंडू में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही खूंटी जिले के कम मतदान वाले मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रवि कुमार ने सरायकेला-खरसावां के जिला स्वीप पदाधिकारी को मतदान केंद्र संख्या 147 एवं 148 का भौतिक निरीक्षण कर संबंधित कारणों का निराकरण करने तथा लोहरदगा के प्रवासी मजदूरों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर बल दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि पदाधिकारी मतदाताओं से पारस्परिक संपर्क कर कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के लिए इनोवेटिव आईडिया के साथ सभी मतदाताओं तक पहुंचें। बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के मेंबर्स को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान केंद्र तक लाने की जिमेवारी सौंपें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निदेशक जनसम्पर्क आनंद सहित संबंधित जिलों के स्वीप से संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपस्थित थे।

जेसीआई यूथ ने तीन दिवसीय स्पीच क्राफ्ट कार्यक्रम का किया आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जेसीआई यूथ द्वारा आज से तीन दिवसीय स्पीचक्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया। तीन दिनों तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में लोगों को माइक पर बोलने, स्टेज पर खडे होकर संवाद करने की कला, विषय पर पकड, आत्मविश्वास जैसी चीजों को सिखाया जायेगा। लोगों को प्रशिक्षण देने के लिए कोलकाता, नागपुर, लखीमपुर से विषेशज्ञों की टीम भी बुलाई गई है। उक्त जानकारी जेसीआई यूथ के अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने देते हुए कहा कि एक बार में 30-35 लोगों को प्रषिक्षित किया जायेगा। जेसीआई यूथ के द्वारा इस आयोजित कार्यक्रम में लोगों का खूब रेस्पांस मिल रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने जेसीआई यूथ के इस प्रयास की प्रषंसा करते हुए कहा कि इससे वैसे लोग जो स्टेज फियर के कारण लोगों के सामने बोलने में हिचकिचाते हैं, उनका आत्मविष्वास बढ़ेगा। प्रषिक्षुओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि जब आप स्टेज पर हों तो लोगों को जोडे रखने के लिए उनसे संवाद जरूरी है। मंच पर खडे व्यक्ति के संवाद करने से लोग जुडते हैं। यदि आपमें आत्मविष्वास है तो आप आसानी से अपनी बातों को रख सकते हैं। मौके पर चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और सह सचिव अमित शर्मा ने भी जेसीआई यूथ के इस तीन दिवसीय आयोजन की सराहना की। यह भी कहा कि जेसीआई और चैंबर के संयुक्त प्रयास से आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की पहल की जायेगी। मौके पर जेसीआई यूथ की तरफ से पूर्व नेषनल प्रेसिडेंट राखी जैन, जोन प्रेसिडेंट वसुंधरा सिंह, कोलकाता से श्रेया झवर, नागपुर से दीपेश खंडेलवाल, लखीमपुर से विशाल सेठ समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

विकास भवन रांची में मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए The Wall of Democracy शिविर का आयोजन

छात्र/छात्राओं ने लिया कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : शुक्रवार को विकास भवन रांची में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, The Wall of Democracy शिविर लगाया गया है, जो 3 दिनों तक चलेगा। सेंट जेवियर कॉलेज, विमेंस कॉलेज और गोस्सनर कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसमें अन्य कॉलेजों के भी शामिल होने की उम्मीद है। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ दीवारों पर सुंदर-सुंदर कलाकृतियां बनाई। इस आयोजन में कुल-18 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इनके द्वारा कुल-07 पेंटिंग की गई।

नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजन

स्वीप नोडल पदाधिकारी -सह-उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव द्वारा बताया गया कि इस तरह का आयोजन चुनाव में नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इसमें अन्य कॉलेजों को निमंत्रण देकर आमंत्रित किया गया है। जीवंत चित्रों और सम्मोहक संदेशों के माध्यम से, यह कार्यक्रम व्यक्तियों को अपने मतदान अधिकारों के बारे में जाग्रत करेगा एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।

डीएवी गांधीनगर स्कूल कांके रोड में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : शुक्रवार को रिलेशंस कि ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों को रक्षा के लिए 'पक्षी बचाओ अभियान' चलाया गया। इसमें बच्चों ने भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बाटे गए।साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, शिक्षाविद् डॉ. सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैंकड़ो विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

अक्षय तृतीया दस मई को, नये उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : इस वर्ष अक्षय तृतीया दस मई को है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत शुभ है। कुछ नया शुरू करने के लिए यह दिन सबसे अच्छे दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, वाहन, घर-जमीन और घर के सामान आदि की खरीदारी परिवार में समृद्धि और सौभाग्य लाता है। पंडित मनोज पांडेय का कहना है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार, अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है, जो अगले दिन सुबह 4:37 बजे तक रहेगा। मकान, वाहन, जमीन और स्वर्ण सामग्री की खरीदारी के लिए यह बहुत ही उत्तम दिन है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार का शुभ कार्य किया जा सकता है। इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है। अक्षय तृतीया सनातन और जैन धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है, जो धर्मग्रंथों के अनुसार एक शुभ दिन है। इस दिन सभी मांगलिक कार्य किए जाते हैं। यह सौभाग्य, सुख और समृद्धि का त्योहार माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा का विधान है। यह दिन पूर्वजों को सम्मान देने और उनका आशीर्वाद लेने का भी दिन है।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में 05 मई को शुक्राने का दीवान सजाया जायेगा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आठवां महान गुरमत समागम के सफल समागम की खुशी में गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में 5 मई, रविवार को शुक्राने का दीवान सजाया जाएगा। यह विशेष दीवान दोपहर 3:30 बजे से शाम 6.15 बजे तक सजेगा। दीवान की शुरुआत में दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ होगा। शाम 4:30 बजे से 5:00 बजे तक स्त्री सतसंग सभा द्वारा शबद कीर्तन होगा। शाम 5:00 बजे से 5:45 बजे तक हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी शबद गायन कर साध संगत को निहाल करेंगे। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुक्मनामा के साथ दीवान की समाप्ति शाम 6.15 बजे होगी। दीवान की समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा द्वारा संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया जाएगा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि यह शुक्राने का दीवान पिछले दिनों गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम के सफल समागम की खुशी में वाहेगुरु का शुक्राना अदा करने के उपलक्ष्य में सजाया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव के पूर्व तमाड़ विधानसभा में कांग्रेस को लगा जोरदार झटका

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/तमाड़ : लोकसभा चुनाव के पूर्व तमाड़ विधानसभा में कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कांग्रेस छोड़ बिरसा विकास समिति के महासचिवं राजा पीटर के उपस्थिति में बिरसा विकास समिति का दामन थाम लिया। सभी का स्वागत माला पहनाकर पीटर ने किया।कांग्रेस छोड़ने वालों में तमाड़ युवा प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी बुण्डु नगर अध्यक्ष किशन लायक पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महावीर साहु प्रखंड महासचिव लखिराम मुण्डा, राजीव मुण्डा, अनंत सेठ प्रखंड उपाध्यक्ष मधुसूदन प्रामाणिक प्रखंड सचिव अशोक स्वांसी सारजमडीह पंचायत प्रभारी बिमल पांडे बुण्डु कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र महली बुण्डु मिडीया प्रभारी संतोष दुआरी अड़की प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ मुण्डा तमाड़ महासचिव भीम प्रमाणिक सहीत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल रहे इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजा पीटर ने कहा कि नीतीश पांडे कांग्रेस के चर्चित नेता रहे हैं ये परिचय के मोहताज नहीं हैंइनके कांग्रेस छोड़ने से कांग्रेस पार्टी को जोरदार झटका लगा है साथ ही अन्य कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा पार्टी छोड़ने का सीधा लाभ भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा जी को चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा मैं और मेरे समर्थक चुनाव में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं। इस अवसर पर श्री पीटर ने नीतीश पांडे को बिरसा विकास समिति का प्रवक्ता बनाने की घोषणा की, जिसका सभी समर्थकों के द्वारा ताली बजा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नीतीश पांडे ने कहा कि जनता का भारी दवाब था इस कारण पार्टी छोड़ना पड़ा। झामुमो कांग्रेस की सरकार ने घरातल पर वैसा काम नहीं किया जैसा करना चाहिए था। तमाड़ विधानसभा में जनता राजा पीटर की और आशा भरी नजरों से देख रही है।

डीएसपीएमयू में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग ने किया सेमिनार का आयोजन

दिनकर ने कहा है कि जो बोली आत्मा से बोली जाती है, उसे हिन्दी कहा जाता है : डॉ. तपन कुमार शांडिल्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित डॉ. वचनदेव कुमार मेमोरियल स्मृति व्याख्यानमाला के तहत एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय था, हिंदी के विकास में लोकभाषाओं का योगदान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, डॉ. गुरुचरण सिंह, पूर्व अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग और प्रधानाचार्य एसपी जैन कॉलेज, सासाराम, रोहतास बिहार। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत की

आत्मा हिंदी में निवास करती है। हिंदी के विकास के लिए 12 विश्व हिंदी सम्मेलन हो चुके है। इन्होंने विद्यार्थियों को विशेष तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि अवधी, ब्रज, भोजपुरी, मगही, नागपुरी, संताली आदि ऐसी भाषाएं हैं जिनका हिंदी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। लोकभाषा अगर नदी है तो हिंदी सागर है। दिनकर ने लिखा है कि जो बोली आत्मा से बोली जाती है, उसे हिंदी कहा जाता है। उन्होंने अपने संबोधन का अंत करते हुए कहा कि लोकभाषा हिंदी का प्राण और जीवन है। लोकभाषाओ से परिपुष्ट हिंदी भारत की आत्मा है। मुख्य वक्ता डॉ. गुरुचरण सिंह ने कहा कि हिंदी के विकास में लोकभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी में राष्ट्रीय और लोकमंगल की भावना का समावेश लोकभाषा से ही हुआ। यदि लोक भाषाओं का संरक्षण नहीं किया गया तो हिंदी भाषा अपनी मूल संस्कृति से भटककर हिंग्लिश संस्कृति का शिकार हो जायेगी जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उपरोक्त विषय पर डॉ. प्रशांत कुमार कर्ण, हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. जेबी पाण्डेय, विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के जितेंद्र सिंह और मृत्युंजय कोयरी ने भी उपरोक्त विषय पर विस्तार से चर्चा की। विषय प्रवेश और अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुंडा ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विनोद कुमार ने किया। मौके पर डॉ. पीयूष बाला, डॉ.रेखा झा, प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ. रजनी सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

झारखंड हाई कोर्ट से महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता को राहत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता एवं अपर महाधिवक्ता पर आपराधिक अवमानना मामला चलाने से संबंधित कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार को मामले में राहत देते हुए उनके खिलाफ अवमानना याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना। हाई कोर्ट ने 23 जनवरी को सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने 01 सितंबर, 2021 को एक मामले में सुनवाई के दौरान स्वतः संज्ञान लेते हुए इन दोनों पर अवमानना का मामला चलाने का निर्देश दिया था। साथ ही अदालत ने हाई कोर्ट रूल के अनुसार अवमानना का मामला चलाने के लिए मामले को वर्ष 2021 में खंडपीठ में भेज दिया था। साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की की मौत मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत में महाधिवक्ता और अपर महाधिवक्ता के खिलाफ अवमानना चलाने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की थी।

झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के पीटी रिजल्ट को चुनौती

रांची : झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत राज्य पुलिस सेवा, कारा सेवा, नियोजन सेवा में नियुक्ति को लेकर पीटी के रिजल्ट को चुनौती देने वाली आलोक रंजन की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता अविनाश कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जेपीएससी ने संयुक्त असैनिक सेवा बैकलॉग प्रतियोगिता-2017 के तहत 10 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 27/ 2017 निकली थी। इसके लिए वर्ष 2024 में पीटी परीक्षा ली गई थी। इसके बाद जेपीएससी ने आंसर की एवं संशोधन संशोधित आंसर की निकला था लेकिन दोनों में ही त्रुटि थी। इस कारण जेपीएससी की पीटी रिजल्ट भी त्रुटि पूर्ण है। इसलिए रिजल्ट को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि एक प्रश्न के कारण उसका चयन नहीं हो सका।

स्कूल में रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

रांची : रांची के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में रिलेशंस की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों से पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील की गई। मौके पर बच्चो के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सब अपने अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा करेंगे। मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार,शिक्षाविद् डॉ सिद्धार्थ प्रकाश, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी सहित स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

रांची संसदीय क्षेत्र से आज 04 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पांचवे दिन अब तक कुल 10 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज दिनांक 03 मई 2024 को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

आज नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं :

(1) अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।
(2) धनंजय भगत रंगाँधीर, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।
(3) मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।
(4) मनोज कुमार, निर्दलीय।

एक झलक

ग्रामीणों ने गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग को लेकर उपायुक्त को आवेदन

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के महुदी गांव में रामनवमी के अष्टमी की रोज हुए रामनवमी महुदी मार्ग विवाद दर्ज केस को लेकर शुक्रवार को पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर आवेदन सौपा है। आवेदन में नामजद सभी लोगों की गिरफ्तारी पर तत्काल रोक लगाते हुए केस को वापस लेने की मांग की गई है। इसके अलावा आवेदन में महुदी रामनवमी जुलूस विवाद मार्ग को लेकर कई बिंदुओं को रखा गया है। इसकी आवेदन की प्रतिलिपि देश के राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, झारखंड के मुख्य सचिव, राज्य गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक झारखंड, पुलिस महानिरीक्षक, आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल , पुलिस उप महा निरीक्षक हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग तथा बड़कागांव पुलिस पदाधिकारी को दी गई है। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, सीताराम राणा, दामोदर प्रसाद मेहता, रवि कुमार महतो, के अलावा अन्य उपस्थित लोग थे।

50 महिला व युवती के बीच हेलमेट का वितरण

हजारीबाग : सामाजिक क्षेत्र में इनर व्हील क्लब का युवा पिछले कई वर्षों से अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर रहा है प्रतिदिन समाज के प्रति कुछ अनोखा करने में अपनी भूमिका अदा करता है इसी बीच मंगलवार को मंगलवार को झील परिसर के समीप 50 महिलाओं एवं युवक्तियों के बीच नि:शुल्क हेलमेट का वितरण किया गया, इस पूर्व 30 महिलाओं एवं युवक्तियों को भी हेलमेट का वितरण किया गया था। वाहन चलाते समय सभी सुरक्षित रहें इसी दृष्टिकोण से यह सेवा प्रदान की जा रही है इनर व्हील क्लब ऑफ युवा सामाजिक क्षेत्र में कई ऐसे सेवा प्रदान करता है जो समाज के प्रति काफी सराहनीय एवं प्रशंसा के काबिल होता है। हाल ही के दिनों में संस्था के द्वारा बिरहोर बच्चों के बीच अपनी सेवा प्रदान की गई थी। साथ ही सभी महिला एवं युवक्तियों को ट्रैफिक नियमों के विषय में भी जानकारी दिया गया। संस्था के अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में महिला एवं युवती की भागीदारी सबसे अहम होती है, वाहन चलाते समय उनका सुरक्षित रखना बहुत जरूरी है। इसी दृष्टिकोण ये सेवा प्रदान किया गया है। आने वाले दिनों में कई अन्य सेवा भी प्रदान की जाएगी। मौके पर संस्था के अध्यक्ष सुधा वर्मा, अंजु खण्डेलवाल,पूजा मुनका, अन्नु अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव जीत के लिए कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ ने की बैठक

हजारीबाग : शुक्रवार को संध्या 4 बजे लोकसभा चुनाव को लेकर एक बैठक कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के द्वारा स्थानीय कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में की गईं जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड अध्यक्षों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड को जन जन तक पहुंचाएं इसके साथ ही राज्य की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में लोगों का बतलाने का काम करें जिससे कांग्रेस के असल विचारधारा आमलोगों बता चल पायें और इनकी योजनाओं का लाभ मिल सकें।
ओबीसी प्रदेश कोडिंटर सुरजीत नागवाला ने कहा कि मंच मोर्चा के सभी ज़िला अध्यक्ष आपसी समन्वय बनाकर ज़िला स्तर पर विभिन्न प्रखंडो का दौरा कर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल के लिए वोट मंगाने का काम करें। बैठक में उपस्थित सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी का निर्णय काफी सराहनीय है।

चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों का जनसम्पर्क अभियान तेज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़

किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इम समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जाएगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जाएगा।

आम जन का मिल रहा जोरदार समर्थन

प्रचण्ड गर्मी और चिलचिलाती धूप में भी जय प्रकाश भाई पटेल को अपना समर्थन देने लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जहां कहीं भी श्री पटेल जनसंपर्क के लिए गए, आम लोगों का भरपूर साथ मिला। कोई उन्हें पानी पिला रहा था तो कोई गले लगाकर आशीर्वाद देते नजर आया। जेपी भाई पटेल मिले इस स्नेह से अभिभूत थे। उन्होंने भी बड़ों के पाँव छू आशीर्वाद लिया। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव, रेणु देवी, पूर्व मुखिया उदय साव, कोमल कुमारी, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, रंजीत यादव, विक्की धान, उपेवन्द्र यादव, जयकुमार महतो, नीरज यादव, मो. अजहर आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हजारीबाग : लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कटकमदाग क्षेत्र के सलगांवा, लुट्टा, नावाडीह, पकरार, सलगा, सुल्ताना बेन्दी, अडरा तिलैया, चीची, कटकमदाग बांका, बानादाग, पसई, मसरातू, रेवाली, रसूलीगंज, सिरसी, नृसिंह स्थान चौक खपरियावा बन्हा चौक नवादा चौक बेस में चलाया जनसम्पर्क अभियान मौके पर उपस्थित कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह चंद्र शेखर मिश्रा बिनोद कुशवाहा धीरेंद्र दूबे सुनील कुमार ओझा विरेन्द्र सिंह, उदय कुमार साव असगर अली मो जमालुद्दीन संदीप कुमार अजय कुमार मनोज कुमार राजेश कुमार बिनोद सिंह संजय कुमार पिन्टू सिंह नवीन कुमार सिह विक्रम सिंह राहुल कुमार राजेंद्र प्रसाद शोनू कुमार किरण देवी मनोज कुमार कौशिक कुमार इत्यादि थे।

नुक्कड़ सभा का आयोजन कर चलाया गया सघन जनसंपर्क अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल की धर्मपत्नी निशा जायसवाल,छोटे भाई की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल तथा हजारीबाग महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा रेणुका साहु की गरिमामयी उपस्थिति में नुक्कड़ नाटक, नुक्कड़ सभा तथा अखाड़ा चौक से कसेरा मुहल्ला तक सघन जनसंपर्क किया गया।कार्यक्रम के पूर्व विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्षा अंजू देवी समेत अन्य महिलाओं ने निशा जायसवाल, ट्विंकल जायसवाल, मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल, रेणुका साहू को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देते अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। तय कार्यक्रमानुसार बंशीधर अखाड़ा चौक, विष्णुगढ़ कसेरा मुहल्ला,

बनासो चौक, कुसुम्भा चेतलाल पासवान के दुकान के पास तथा भुताही मुरगाओ शिव मंदिर के पास नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की गई। इस मौके पर निशा जायसवाल के द्वारा हृदयस्पर्शी नजारा देखने को मिला एक दादी से मिलकर बड़े आत्ममीय अन्दाज से मिली, और नुक्कड़ नाटक के दौरान वृद्ध महिला को कुर्सी में बिठाकर उनसे जीत का आशीर्वाद लिया। आपलोगों के आपार प्यार और जनसमर्थन से मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार की जीत पिछली जीत से बड़ी होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से राजेन्द्र दुबे,भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा, जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी, गायत्री देवी, राजेश सोनी, जीवन सोनी, नीतीश कुमार बरनवाल, कन्हाई यादव, सुनील कुमार अकेला, राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, प्रकाश सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, सुनील कसेरा, भोला कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, अमूल्यचंद्र पाण्डेय, विनोद गुप्ता, राजू यादव, संतोष पासवान, अशोक

इंडिया गठबंधन भाकपा माले उम्मीदवार को जिताने के लिए डोर टू डोर चलायेगी अभियान

झुमरीतिलैया : इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक शुक्रवार को विशुनपुर रोड स्थित राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर हुई। अध्यक्षता इंडिया गठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने किया,जबकि संचालन जेएमएम अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने किया। बैठक में कोडरमा जिला में चुनावी गतिविधि को लेकर विशेष समीक्षा की गई। बैठक में इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीएम-सीपीआई और भाकपा माले, मजदूर संगठन समेत दलित संगठन एवं प्रगतिशील संगठन के नेतृत्वकारी नेताओ ने शिरकत किया। बैठक में बरकट्ठा के पूर्व विधायक सह जेएमएम नेता जानकी प्रसाद यादव भी मुख्य रूप से शामिल हुए।

हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का दो दिवसीय उर्स हुआ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा कर्बला चौक स्थित मजार में दो दिवसीय हजरत दाता गुलाम हैदर शाह का 90वां उर्स पूरे धूमधाम से मनाया गया। मौके पर अकीदतमंदो ने दो दिनों तक मजार पर चादर पोशी की। उर्स के मौके पर दो दिवसीय मेला एवं शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया।इस उर्स के मुख्य अतिथि झामुमो नेता गौरव पटेल ने फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। इस मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए नाव झूला, ब्रेक डांस झूला, तारा माची, जंपिंग डांस समेत रंग-बिरंगे खिलौने की दुकान एवं खाने पीने की दुकानें लगाई गई। उर्स के संयोजक रफीक आलम ने बताया कि पहला दिन अख्तर आजाद एवं सनम वारसी एवं दूसरे दिन नागपुर से आए शाकिब अली एवं सनम

वारसी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला हुआ। उर्स के अध्यक्ष मनोवर आलम ने मुख्य अतिथि झामुमो युवा नेता गौरव पटेल एवं मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी को प्रशस्ति पत्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में इंटर कॉलेज साइंस के प्रिंसिपल बसंत कुमार झा, शहाबुद्दीन अंसारी, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. एके पांडेय, उमेश प्रसाद को वशिष्ठ सेवा सम्मान में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लाइव इलेवन डॉ. समीम अंसारी उर्स कमेटी के अध्यक्ष लतीफ सेठ एवं कमेटी के अध्यक्ष मनोहर आलम ने उर्स में एवं समाज में बेहतर कार्य करने वालों सभी को पत्र प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। इस मौके पर झारखंड एकता संघ के संस्थापक अनिरुद्ध दांगी, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, अब्बास अंसारी, समाजसेवी किशोरी राणा, डॉ. शमीम अंसारी, इबरार अंसारी, असलम अंसारी, अंसारी मजलूम, शहाबुद्दीन अंसारी डॉ. मुस्ताक आलम, समीम निजाम समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य अतुल कुमार अंजन का निधन

हजारीबाग : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य अतुल कुमार का निधन लंबे बीमारी के बाद लखनऊ में हो गया। हजारीबाग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में 2 मिनट मौन धारण कर उनके आत्म शांति के लिए हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित पार्टी के अन्य सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि अतुल कुमार अंजान लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। लखनऊ अस्पताल में उनके निधन हुई। अतुल कुमार अंजन प्रारंभ से ही राजनीति के क्षेत्र में जिज्ञासा रखते थे और बिहार के बांका जिले से निकलकर लखनऊ में एक राजनीति का मिसाल कायम किया। छात्र जीवन में ही लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यक्ष चुने गए और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से एआईएसएफ के लिए अध्यक्ष चुने गए। अपनी पूरी जिंदगी किसानों पर न्योछावर कर दी। दिल्ली में किसान आंदोलन जब चल रहा था तो पूरे देश का नेतृत्व किसान आंदोलन के लिए अतुल कुमार अंजान ने किया और पूरे देश को आईना दिखाने का काम किया। उनके निधन से हिंदी भाषी क्षेत्र नेता विहीन हो चुका है जिसकी भरपाई करना असंभव है। सबसे बड़ी बात है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं ने अतुल कुमार अंजान को पूरे देश में किसान सभा गठन करने की बात कही थी जिस पर देश का काला कानून किस बल के खिलाफ उन्होंने पूरे देश में मोर्चा खड़ा कर आंदोलन

अनेकता में एकता भारत की खूबसूरती : डॉ. मुनीष गोविंद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस शो में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और परिवेश के विविध रंग देखने को मिले। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी व डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीते 26 अप्रैल से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। फैशन शो में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रणीत कुमार राणा, शिवम कुमार, ओम सिंह, कुंदन कुमार, विशाल, वासू कुमारी, रौशनी, तन्नू श्री, रविंद्र कुमार, सोनी कुमारी, मिकी राज, हेरा फातिमा, रौशनी सिंह, जेपी सिंह, किशोर कुमार, राज सौरभ, विवेक कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ. रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भीषण गर्मी को लेकर मिशन हॉस्पीटल ने की ठंडे पानी का व्यवस्था

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए मरीज एवं आम आवाम के लिए मिट्टी से बने गढा एवं ठंडे पानी का व्यवस्था किया गया। इस दौरान प्रचंड गर्मी का प्रकोप से बचने के लिए अस्पताल परिवार द्वारा जन जागरूकता फैलाया गया। लू से बचने का उपाय एवं लक्षण लोगों के बीच साझा किया गया। मिट्टी के गढे ठंडे पानी से मरीज एवं आम आवाम को काफी राहत मिलेगा। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि आम आवाम व मरीजों के लिए

गढे का ठंडे पानी से गर्मी से काफी राहत मिलेगा। हजारीबाग बढती गर्मी से लू लगने का खतरा बढते जा रहा है। लू से बचने व लक्षण आम आवाम में जन जागरूकता के उद्देश्य से फैलाया गया है। उन्होंने कहा कि हर संस्थान को सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। छोटी सी छोटी कोशिश समाज में बडा बदलाव होता है। उन्होंने हजारीबाग जिला वासियों को गर्मी से बचने एवं स्वास्थ्य का देखभाल करने का अपील किया।

वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : 1 मई को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने मजदूर दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया शिविर का शुभारंभ महेंद्र प्रजापति, सोनू कुमार और राजेश गिरी ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात कैलाश यादव, दिलीप कुमार केसरी, आकाश गुहा, अर्जुन यादव, फिरोज अंसारी, योगेश जैन, पुनीत बग्गा, प्रदीप कुमार महतो, लालचंद महतो, मोहम्मद दानिश, मुदस्सिर अब्दुल्ला, आनंद कुमार, विकास पांडे, विवेक मिश्रा, दामोदर

पांडे, अविनाश पंडित, दिनेश पंडित,, बबलू कुमार, दीपक कुमार, रितेश कुमार, पिंटू कुमार और दीपक राज आदि अनेक रक्तदाताओं ने इस भीषण गर्मी में भी रक्तदान कर मानवता का परिचय रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा रक्तदाताओं को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देने के लिए भी प्रेरित किया गया। शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र प्रजापति, सोनू कुमार, योगेश जैन, पुनीत बग्गा, मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुकीम अख्तर, आंखैरी, मुरली प्रजापति, शमशाद हुसैन, शीलाकुमारी, मधु कुमारी, निहाल राज आदि का विशेष सहयोग रहा।

मनीष जायसवाल ने चुरचू प्रखंड के 08 पंचयतो समेत गांवों का दौरा कर किया जनसंपर्क

मनोज कुमार

चरही : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन शुक्रवार को भीषण गर्मी में चुरचू प्रखंड क्षेत्र का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चुरचू प्रखंड के दो दर्जन गांवों का तूफानी दौरा किया और लोगों से आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने की अपील की। 39 डिग्री सेल्सियस तापमान में मनीष जायसवाल के स्वागत में भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह चरम पर दिखा। हर क्षेत्र में मनीष जायसवाल को आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए लोगों की अपार भीड़ जुटी।

रोटी दान कार्यक्रम मुझे बहुत अच्छा लगा : कुलपति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : रोटी दान कार्यक्रम आयोजित कर राजनीति विज्ञान विभाग एक महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर रहा है। इससे एक तरफ जहां जरूरतमंदों को रोटी उपलब्ध हो रही है वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी दान करने का संस्कार सीख रहे हैं। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीमती सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने कही। वह शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रोटी दान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। कुलपति कार्यक्रम को देखकर बहुत भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि मैं इससे पहले कभी ऐसा किसी कार्यक्रम को नहीं देखा है। मैं इस कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैं आशा करती हूं कि इस कार्यक्रम को विभाग आगे भी चलता रहेगा। विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि 2015 से विभाग समय-समय पर हजारीबाग रोटी बैंक को रोटी दान करता रहा है। इस कार्यक्रम के तहत दान करने वाले दिन विभाग के सभी एक रोटी कम खाते हैं। उसी रोटी को पूरी श्रद्धा के साथ दान करते हैं। इसके बाद विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षकों ने एक-एक रोटी, रोटी बैंक के कंटेनर में दान किया। इस अवसर पर कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मोहम्मद मोख्तार आलम ने भी अपने तरफ से एक-एक रोटी दान किया। विभागीय शिक्षक डॉ मार्गरेट लकड़ा, इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार, डॉ अजय बहादुर सिंह, विश्वविद्यालय के सहायक सचिव कुमार विकास, विभाग के शोधार्थी, इंस्पायर फेलो एवं चतुर्थ एवं द्वितीय समसत्र के विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित थे। पूरे विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति एवं कुलसचिव ने रोटी भरे तीन कंटेनर को रोटी बैंक के मोहम्मद खालिद को सौंपा।

मांडू विस क्षेत्र की जनता स्वीकार रही है कमल फूल, मिल रहा है एनडीए प्रत्याशी को समर्थन फूल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र की जनता भी कमल का फूल स्वीकार रही है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के जनता कमल खिलाने को उत्सुक दिख रही हैं। शुक्रवार को जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा (एनडीए समर्थित) प्रत्याशी मनीष जायसवाल मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के तुफानी जनसंपर्क अभियान में पहुंचे तो स्थानीय मतदाताओं ने जिस प्रकार हरेक गांवों में बड़ी संख्या में अवस्थित होकर उनका अभिनंदन किया वह भाजपा के प्रति उनके प्रेम और समर्थन की झलक को बखूबी प्रदर्शित करता है। यहां पहुंचने पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी से क्षेत्र में स्वागत किया गया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इस क्षेत्र के टूटकी, किमो, चोय, उदलू, आंगो, ओरिया, नगड़ी, चुरचू, बोदरा, चीचीकलां, सरवाहा, चनारो, बहेरा, कजरी, फुसरी, चरही मंडाटांड़, इंदरा, जरबा, दासोखाप, मुकरू, हरहद, नीमाडीह, कारूखाप, हेंदेगढ़ा, कवाड़बंदा, वाकाडीह सहित अन्य गांवों में तुफानी जनसंपर्क के माध्यम से आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर वोट देने का अपील किया। स्थानीय लोगों ने मनीष जायसवाल को अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया। प्रचंड गर्मी में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हर जगह जुटी इसलिए मनीष

जायसवाल ने चरही, चुरचू और आंगो क्षेत्र के लोगों का आभार जताया और धन्यवाद दिया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस के 62 साल में पीएम मोदी का पिछला 10 साल भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस के कार्यकाल में जी हिंदुस्तान को पाकिस्तान और चीन आंख दिखाते थे वो हिंदुस्तान का डंका वर्तमान समय संपूर्ण विश्व में गूंज रही है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं की श्रेणी में ऊंचे स्थान पर हैं। देश आगे बढ़ रहा है और देश में रहने वाले गरीब परिवार को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। मनीष जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत का संकल्प लें इसबार और फिर एक बार

मनीष जायसवाल के पक्ष में प्रचार में उतरी निशा जायसवाल, बहन लूना और देवरानी ट्विंकल ने भी झोकी ताकत

हजारीबाग : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार रहती है उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल मैदान में हैं। निशा जायसवाल ने गुरुवार को बरही और चौपारण क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया तो दूसरे दिन शुक्रवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल की बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल के साथ मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाई और मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने का अपील किया।

बनायें मोदी सरकार। मौके पर विशेषरूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेत रंजीत सिन्हा, पुरुषोत्तम पांडेय, तोकेश सिंह, भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष वकील महतो, भाजपा डांडी मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, भाजपा मांडू मंडल महामंत्री रवि साहू, आजसू के हजारीबाग विधानसभा प्रभारी परमेश्वर महतो, आजसू चूरचू प्रखण्ड अध्यक्ष गोविंद महतो, जदयू विधानसभा के प्रभारी दुष्यंत, चूरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, भाजपा के चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी, रंगीला, इंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

एक झलक

शिकायतों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना

धनबाद : लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सामान्य जन के चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायतों के समाधान हेतु 24×7 कार्यरत राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी हेतु वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 1800 331 1950 टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष धनबाद के दूरभाष संख्या 03262 222 045 पर भी संपर्क किया जा सकता है। आदर्श आचार संहिता/ निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नंबरों का आवश्यकता अनुसार उपयोग किया जा सकता है।

रात्रि में नियमित बिजली काटने के खिलाफ महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन

धनबाद : धनबाद शहर के विभिन्न इलाकों में पिछले 15 दिनों से लगातार रात्रि में 11बजे से तड़के सुबह 3 बजे तक बिजली काट दी जाती है। जिससे त्रस्त स्थिति में धनबाद के हरि मंदिर चिरागुड़ा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात कर उन्हें आशा से संबंधित ज्ञापन दिया। इस वजह से हीरापुर हरि मंदिर, चिरागोड़ा माडा कॉलोनी, अजंता पड़ा, विनोद नगर आदि क्षेत्र में बिजली काट दी जाती है, जिससे लोगों को रहना मुश्किल हो गया ,इसके तहत रात्रि में सोने का समय होते ही लाइट चले जाने से क्षेत्र के लोगों की नींद हराम हो गई है। वही विनोद नगर क्षेत्र में वोल्टेज कम रहने की भी शिकायत रहती है। संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है। बिजली विभाग के महाप्रबंधक से लोगो ने जल्द से जल्द संबंधित ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार, ए टी मुखर्जी तथा पंकज कुमार आदि शामिल थें।

भुक्तभोगी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौप लगायी न्याय की गुहार

कोडरमा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम लरियाडिह में अवस्थित विद्यालय श्यामली पब्लिक स्कूल में कुछ लोगों के द्वारा विद्यालय के मेन गेट में अपना ताला बंद कर दिया ।साथ ही विद्यालय के गेट के सामने चारदीवारी दे दिया। घटना के भुक्तभोगी सत्यम कुमार सिंह पिता स्व. जय प्रकाश सिंह ग्राम पंचायत लरियाडिह ने बया की मैं उक्त जगह का मूल निवासी हूं। मैं अपने पुस्तैनी जमीन खाता संख्या 36 प्लॉट संख्या में निजी विद्यालय का संचालन करता हूं। मेरी पुस्तैनी जमीन पर - 1148 में निशात सिंह पिता किशोर सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष (सरकारी शिक्षक), निशिकांत सिंह पिता किशोर सिंह उम्र -40 लगभग, पंकज सिंह, पिता महेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष लगभग होमगार्ड के पद पर सामाहारणालय में कार्यारत है। किशोर सिंह,पिता स्व० बाबूलाल सिंह,महेन्द्र सिंह पिता बाबूलाल सिंह, निरंजन सिंह पिता महेन्द्र सिंह इन सभी लोगो के द्वारा दिनांक 28-04-2024 को खउइ लगाकर हमारे विद्यालय परिसर का मेन गेट पर अपना ताला लगाकर बंद कर दिया।

मतदान केन्द्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की होगी बैठक

- मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक चलाया जायेगा 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' सोशल मीडिया कैम्पेन
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक कर सोशल मीडिया कैम्पेन को सफल बनाने के लिए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : लोकसभा आम निर्वाचन में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' कार्यक्रम संचालित किया जाना है। जिसके तहत आगामी 7 मई की शाम 6 से 8 बजे तक सभी सोशल मीडिया पर मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कैंपेन संचालित किया जाना है। जिसके निमित्त शुक्रवार 03 मई को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में धनबाद जिला के विभिन्न स्टेकहोल्डर के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी, जिसका फोटो-वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्ट्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जायेगा। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक होगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। उसे धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें। फोटो व वीडियो राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी टैग करें। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक को भी जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाये। जिससे अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग, बैज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं अन्य जागरुकता गतिविधियों के अलावा बैग की बैठक, वीएएफ बैठक की वीडियो, क्षेत्रीय भाषा में जागरूकता, मतदाता प्रतिज्ञा आदि कार्यक्रमों को संचालित कर सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी को जिले के सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन और पीडब्ल्यूडी आईकॉन की वोट अपील आदि को रिकॉर्ड कर उसका सोशल मीडिया साइट्स पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया। जिससे कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। सोशल मीडिया कैंपेन को सफल बनाने के लिए सभी की भूमिका अहम है। वहीं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों एवं सोशल मीडिया पर क्रिएटिव मतदाता जागरूकता गतिविधियों को पोस्ट करने वाले आमजनों के मनोबल को बढ़ाने हेतु उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

चुनाव

लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार 03 मई को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत

बीएलओ द्वारा 38-सिन्दरी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न बुथों के मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका वितरण करते हुए उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ हीं बलियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीश पंचायत में सखी मंडल की दीदियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं, बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालय पी० बी० एरिया में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अचून्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया गया। सिंदरी के बूथ नंबर 357 से 359 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा पीडब्ल्युडी वोटरों को शपथ दिलाकर स्लोगन के माध्यम से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त 419,420,423,424 के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाकर रैली के माध्यम से मतदान दिवस 25 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रखंड पूर्वी टुंडी में बुथ संख्या-109,110,111 में स्विप कार्यक्रम के तहत 50 वर्ष से 70 वर्ष तक के मतदाताओ के साथ रैली एंव शपथ दिलाई गई।

बंद सुदामाडीह वाशरी के कानवेयर बेल्ट में लगी आग

पाथरडीह (धनबाद) : सुदामडीह रिवर साइड स्थित सुदामडीह कोल वाशरी के शिफ्ट माइंस के रिजेक्ट कॉन्भेयर बेल्ट में लगी आग की सूचना पर कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया।
मौके पर कर्मियों ने तत्काल सूचना कर आग बुझाने के लिए टैंकर मंगाई, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस भीषन गर्मी का साथ मिलने से आग का रूप भयानक देख अधिकारियों ने आग की सूचना झरिया व सिंदरी के अग्निशामक विभाग को दी। वहीं, सूचना पर अग्नि शामक की दो गाड़ियां पहुंच आग बुझाने के में जुट गये, मौके पर भारी संख्या में बीसीसीएल कर्मी व सीआईएसएफ भी मौजूद थे। इस संबंध में स्थानीय सुभाष सिंह ने कहा की लापरवाही के कारण यहां आग लगी है, इतना बड़ा वाशरी बना है लेकिन कोई सुविधा नहीं है की आपातकालीन में लगी आग को बुझाया जा सके।

कारबाइननुमा देशी कट्टा व गोली समेत एक गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

केन्दुआ (धनबाद) : केन्दुआडीह पुलिस ने गोधर मोड़ से एक बाइक सवार युवक के पास से कारबाइन नुमा देशी कट्टा एंव एक गोली बरामद किया। उक्त जानकारी धनबाद डीएसपी दीपक कुमार ने केन्दुआडीह थाना में प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी आरएन ठाकुर के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम गठित की गई थी, जो गुरुवार की सुबह 6 बजे गोधर मोड़ स्थित नेपाल रवानी चौक के पास पहुंची तो देखा कि एक युवक मोटरसाईकिल न0 जेएच 10 सीपी 4843 को संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे धूम रहा था। जैसे ही पुलिस की गाड़ी उनके पास पहुंची तो वह युवक भागने लगा तब संदिग्ध के आधार पर उसे पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनिल कुमार उम्र 20 वर्ष पिता नंदकिशोर राम काली बस्ती प्राइमरी विधालय स्थित नयाडीह कुसुंडा सात न0 केंदुआ धनबाद का रहने वाला बताया। उक्त युवक का तलासी लिया गया तो उसके कमीज के अंदर से एक बड़ा सा काला रंग का कारबाईन नुमा 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक 315 बोर का गोली लोडेड बरामद किया गया। वहीं, अभियुक्त को हिरासत में लेकर केंदुआडीह पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम में पुअनी अभिमन्यु चौधरी, नरेंद्र कुमार बैठा, भलेरियानुसा सारस आदि अन्य पुलिस बल शामिल थे।

डैफोडिल्स एकाडेमी के छात्र-छात्राओं ने उठाया समर कैम्प का आनंद

हर्ष

पुटकी (धनबाद) : मारवाड़ी महिला समिति करकेंद शाखा द्वारा डैफोडिल्स एकाडेमी, करकेंद में तीन दिवसीय समर कैम्प का समापन शुक्रवार को हुआ। समर कैंप में नवम एवं दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं महिला समिति की सदस्यों ने समर कैम्प का आनंद उठाया। समर कैम्प बुधवार से शुक्रवार तक चला। पहला दिन नवम एवं दशम वर्ग के छात्राओ को सैंडवीच, नीबू शरवत आदि बनाना सिखाया गया। दूसरे दिन छात्राओं को बटन लगाना, मेहंदी लगाना सिखाया गया। तीसरा दिन नवम एवं दशम वर्ग के छात्रों के बीच एक आकर्षक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था, अगर मै प्रधानमंत्री होता, तो देश के लिए कया करता। इस विषय पर दस मिनट मे अपना विचार लिखना था। इसमें राजा बाउरी(वर्ग दशम), एवं सुमित कुमार, (वर्ग नवम) प्रथम स्थान वीर अग्रवाल (वर्ग दशम), एवं सुमित कुमार (वर्ग नवम) द्वितीय स्थान, रिसु झा (वर्ग दशम), राजवीर सिकदार (वर्ग नवम) तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला समिति के सदस्यो ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय प्राचार्य तापस बनर्जी समिति की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, सचिव अनिता सतनालिका, सदस्यों में सुमित्रा धारी, कविता मित्तल, मंजु अग्रवाल, विनीता खंडेलवाल, बविता जिंदल, मीरा शर्मा, मंजू नारनौली, रोमा गर्ग, पुष्पा खंडेलवाल, नीलम सेन, विधालय शिक्षक-शिक्षिकाओ में देवाशीष मुखर्जी, प्रभाकर मिश्रा, वनमाली, डोली प्रसाद, झूमा, शिल्पा, आदि का सराहनीय योगदान था।

जीनागोरा कांटा घर के समीप झाड़ियों में लगी आग

अलकडीहा (धनबाद): शुक्रवार को जीनागोरा कांटा घर के समीप झाड़ियो में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते भव्य रूप ले लिया। बताया जाता है कि जिनागोरा कांटा घर में कांटा करने आए डीओ ट्रक चालकों में भगदड़ मच गई। जमसं कुंती गुट के रायबाबू सिंह और कांटा के कर्मियों ने लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक को सूचना दी। महाप्रबंधक ने दमकल और डमफर को मौके पर भेज कर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जीनागोरा कांट घर जाने वाले रास्ते में वहां पर मंदिर है घर है, कुछ दुरि पर जिनागोरा औफिस भी है। इसके अलावा दर्जनों आवास है। यदि समय से आग नहीं बुझाया जाता तो कई घरों में आग लग सकता था।

बीआईटी सिन्दरी में तीन दिवसीय टेक महोत्सव का शानदार आगाज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिन्दरी (धनबाद) : बीआईटी सिंदरी मे तकनीकी क्लबों के सौजन्य से तीन दिवसीय वार्षिक फेस्ट टेक महोत्सव का शानदार आगाज शुक्रवार को हुआ। आईएसटीई बिट्स द्वारा आयोजित टेक महोत्सव -24 का उद्घाटन समारोह आई टी भवन में प्रारंभ हुआ। निदेशक डॉ. पंकज राय ने टेक महोत्सव को बीआईटी सिंदरी का तकनीकी क्लबों का महान उत्सव बताते हुए शानदार आगाज किया। इस अवसर पर डॉ धनश्याम, प्रो आरके वर्मा, प्रो.बीडी यादव, प्रो विनीत शेखर, प्रो. अकर्म,प्रो. एससी दत्ता, प्रो. इम्तियाज ने आयोजकों का उत्साहवर्द्धन किया। टेक महोत्सव के प्रतिभागियों में स्मार्ट सिटी

चैलेंज ने किक आफ इवेंट में केंद्र स्तर पर कब्जा कर लिया ।प्रतिभागियों ने शहरों के निर्माण में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इनके प्रदर्शन में स्थिरता नवाचार के साथ जुडी रही,
स्मार्ट ग्रिड से लेकर ए आई संचालित सेवाओं तक, प्रत्येक विचार ने शहरी परिदृश्य को आकार देने में योगदान दिया। छात्र छात्राओ के विशाल भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम मे नवीन और यथार्थवादी विचारों का प्रभुत्व रहा ।निर्णायक डॉ. बीडी यादव, प्रो. ओमप्रकाश, प्रो. पीएन साहू ने प्रत्येक प्रस्तुति की जांच की। इस विषय पर उत्साह पूर्ण चचाएँ शुरू की और भविष्य की परिवर्तनकारी यात्रा के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया।

कर्मचारियों के लिए चश्मा का भी रीइंबर्समेंट का आदेश जारी

धनबाद : हिंद मजदूर सभा (एच एम एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह जनता मंजूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के निर्देश पर कोयला भवन शाखा के सहायक सचिव कृपा शंकर सिंह के प्रयास से कर्मचारियों के लिए चश्मा का भी रीइंबर्समेंट का आदेश जारी हो गयी है। यह आदेश पिछले दिनों संबंधित बोर्ड की हुई बैठक के आलोक में जारी हुई है।
इसके तहत बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक एचओडी एस मुख्यालय, चिकित्सा परिचर्या नियमों के अंतर्गत चश्मे की प्रतिपूर्ति :
नेत्र उपचार के तहत सभी प्रकार के नेत्र रोगों का उपचार पात्र कर्मचारियों और उनके पात्र परिवार के सदस्यों के लिए 3 साल में एक बार अपवर्तन की त्रुटियों के सुधार के लिए आंखों का परीक्षण और नेत्र कृत्रिम अंग के प्रावधान की अनुमति होगी ,लेकिन चश्मे की लागत अस्वीकार्य 2 वर्षों के ब्लॉक में चश्मे की लागत जारी करने के तौर तरीकों के आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए ग्रेड वार सेलिंग श्रेणी गैर कार्यकारी सेलिंग 10 हजार रुपए उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा के अंतर्गत चश्मे की प्रतिपूर्ति 6 मार्च 2024 से भुगतान किया जा सकता है। यह निर्णय सीआईएल बोर्ड के गत दिनों हुई बैठक में मिली स्वीकृति के आलोक में दिया गया है। यह जानकारी बीसीसीएल के विभागीय पत्रों से प्राप्त हुई है।

राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता में न्यू एंजेल्स होम की छात्रा श्रेया को मिला गोल्ड मेडल

जोड़ापोखर (धनबाद) : न्यू एंजेल्स होम की कक्षा नवमी की छात्रा श्रेया राज ने राष्ट्रीय लेजर रन प्रतियोगिता जिसका आयोजन 26 से 29 अप्रैल 2024 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था, दो गोल्ड मेडल लाकर झारखंड के साथ-साथ स्कूल का नाम रोशन किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर ने उसे पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खेलकूद में भी रुचि रखना चाहिए और स्वर्ण पदक एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होता है इसके लिए खिलाड़ी को प्रतिदिन मेहनत और बहुत कुछ तयाग करना होता है और यह स्कूल के लिए गर्व की बात है।

एनडीए प्रत्याशी सीपी सिंह ही एकमात्र विकल्प : सदानंद महतो

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : तोपचांची क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा आजसू पार्टी द्वारा शुक्रवार को किया गया। इसके तहत करमाटांड़, भंवरदाहा तथा साहूबहियार में पंचायत प्रभारी तथा ग्राम प्रभारी की संयुक्त बैठक की गई। जिसमें आजसू पार्टी के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो भी मौजूद थें। बैठक में सदानंद महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी सी पी चौधरी एकमात्र विकल्प है। देश को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मजबूत प्रधानमंत्री बनने के लिए एनडीए को मतदान करें। आजसू पार्टी झारखंड के सभी क्षेत्रीय मुद्दों के साथ राष्ट्रीय आदि मौजूद थें।

दौरा

भाजपा की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने को लेकर बैठक सम्पन्न

झरिया (धनबाद) : शुक्रवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित बिहार बिल्डिंग भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने को लेकर अहम बैठक रखी गई। जहां श्रीमती सिंह ने सभी पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर अपनी दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उमेश यादव, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, अरुण साव, अखिलेश सिंह, दिलीप भारती, अजय वर्मा, विजय सिंह चंद्रवंशी, मनोज प्रसाद, अभिषेक पाण्डेय, संतोष शर्मा समेत कई अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

डीसीएलआर ने की मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक, जीरो एरर चुनाव सम्पन्न कराने के लिए बनायी रणनीति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने शुक्रवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई। डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के पूर्व एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई। इसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथ साथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया। मौके प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

शत प्रतिशत मतदान के लिए लोक जागरण मंच ने की बैठक

झरिया (धनबाद): आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में इस बात का ध्यान हर मतदाता को रखना है। उक्त बातें अधिवक्ता हरीश जोशी ने झरिया कोयरीबांध में लोक जागरण मंच द्वारा आयोजित बैठक में कहीं। अध्यक्षता विधानसभा संयोजक राजेंद्र साव ने किया। जबकि विषय वस्तु से अवगत मंडल संयोजक अखिल देव जी एवं चंदन केसरी ने कराया। बैठक में बताया गया कि मतदान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है इसलिए हमारा यह प्रथम लक्ष्य होना चाहिए कि पहले मतदान तब जलपान। जागरूकता कार्यक्रम में आचार्य बलदेव पांडेय, राजेंद्र केसरी, महेश गुप्ता, सिद्धेश्वर साव, राजेंद्र केसरी बृजनंदन बरनवाल, डॉ. वीरेंद्र शर्मा, अरुणा देवी, शोभा, आदि मौजूद थे।

03 लोगों ने लिया नोमिनेशन फॉर्म

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 3 लोगों ने नोमिनेशन फॉर्म लिया है। अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग में 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म लिया है। नोमिनेशन फॉर्म के काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु मालतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

04 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

धनबाद : लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष शुक्रवार को 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। लक्ष्मी देवी, अनिन्दिता दास, मोहम्मद जहिरूद्दीन खान तथा सुनैना किन्नर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय.....

सवाल हमारे संविधान की अहमियत का...?

विश्व के सभी प्रजातंत्रीय या लोकतंत्री देश हमारे देश के संविधान की न सिर्फ तारीफ करते हैं, बल्कि अमेरिका जैसे देशों ने तो उसकी नकल भी की है, किंतु आज जब हमारे संविधान को लागू हुए करीब पचहत्तर वर्ष पूरे होने जा रहे है...., इस पर अनेक सवाल उठाए जा रहे है और ये सवाल और कोई नही बल्कि उसी दल के नेता उठा रहे है, जिन्होंने आजादी के बाद से अब तक सर्वाधिक समय सत्ता में रहकर मौजूदा संविधान को जन्म देने का श्रेय लूटा, इसी दल ने सत्ता में रहते अब तक इस संविधान पर एक सौ से अधिक तीर चलाकर इसे 'शरशैय्या' पर पड़े रहने को मजबूर किया है, अपनी मनमर्जी से संविधान को तोड़ने-मरोड़ने वाला दल आज सत्तारूढ़ दल पर संविधान के विपरीत काम करने के आरोप लगा रहा है, आज के मुख्य प्रतिपक्षी दल के वे नेता जिनका जन्म इस संविधान के लागू होने के बाद हुआ और जिन्होंने स्वयं संविधान नही पढ़ा। आज संविधान में मीन-मैख निकाल रहे है। वैसे यह भी एक कटु सत्य है कि अब तक हर सत्तारूढ़ दल ने हमारे संविधान को धार्मिक ग्रंथ रामायण, श्रीमद्भागवत गीता, कुरान और गुरूग्रंथ साहब की तरह लाल कपड़े में लपेट कर रखा और इसका उपयोग सिर्फ और सिर्फ इसे हाथों में लेकर शपथ तक ही सीमित रखा, इसका सही अर्थों में अनुसरण करने का किसी भी सत्ताधारी दल ने प्रयास नही किया, जबकि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आम्बेड़कर ने बड़ी आशा व उम्मीदों के साथ इसकी रचना की थी, किंतु सिर्फ पचहत्तर साल की अवधि में ही हमारे संविधान की अंतिम यात्रा की तैयारी की जा रही है और उसे देश का मार्गदर्शक नहीं मानकर एक धर्मग्रंथ की मानिंद इसका उपयोग किया जा रहा है। हमारे इसी संविधान का अगले साल हीरक जयंति वर्ष है, इस वर्ष को जोर-शोर से मनाने की तैयारी भी की जा रही है, सत्ता और विपक्ष दोनों ही इस दिशा में तैयारी कर रहे है, किंतु मेरी दृष्टि में संविधान की हीरक जयंती मनाने के सही पात्र वे है, जिन्होंने इसकी कायदे से इज्जत कर इसे ईमानदारी से लागू करने और इस पर अपने आपको समर्पित करने का प्रयास किया हो, लेकिन अब तो हमारे इस संविधान को भी 'राजनीतिक नारा' बनाने का प्रयास किया जा रहा है? क्या संशोधन की 'शरशैय्या' पर पड़े इस संविधान की गति भी द्वापर के महाभारत के भीष्म पितामाह जैसी ही होगी? इसी बात को लेकर आज पूरे विश्व के देश भारत का मजाक उड़ा रहे है और आरोप लगाया जा रहा है कि संविधान को भारत के सत्ता में रहने वाले राजनीतिक दलों ने 'सत्ता-सुरक्षा-हथियार' बना रखा है। अब यह आरोप कहा तक सही है, यह तो भारत के आत्मचिंतन के बाद ही पता चलेगा, किंतु यदि इसमें तनिक भी सच्चाई है तो यह हमारे लिए 'शर्मनाक' है, क्योंकि संविधान को हमने हमेशा सत्ता का मार्गदर्शक सिद्धांत माना है और वही मंत्र रहा है। इसलिए अब यह जरूरी हो गया है कि मौजूदा हालातों में हमारे संविधान पर समय व परिस्थिति के अनुसार सही समीक्षा होना चाहिए और विश्व के अलोचक देशों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाना चाहिए तथा अब इतनी देरी से ही सही हमारे संविधान को पूरी निष्ठा-ईमानदारी और सच्चाई के साथ लागू किया जाना चाहिए और यह अपेक्षा मोदी जी के प्रधानमंत्री रहते उनसे ही की जा सकती है?

भाजपा के चक्रव्यूह में नहीं फंसे राहुल व प्रियंका?

विशेष | सनत जैन

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राजनीति के कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं। राहुल गांधी को पप्पू से नेता बनने में 5 साल का समय लगा है। सही मायने में भाजपा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को चुनाव लड़ना सिखा दिया है। मार-मार कर कैसे पहलवान बनाया जाता है, इसका सटीक उदाहरण राहुल गांधी हैं। मोदी और राहुल के बीच में अब सीधा मुकाबला है। विपक्ष में रहकर किस तरीके से चुनाव लड़ा जाता है। किस तरह की रिस्क ली जाती है। जिनसे लड़ रहे हैं, उन्हें कैसे भ्रमित कर लड़ाई लड़ी जाती है। रायबरेली और अमेठी सीट को लेकर जितनी बीजेपी परेशान थी, वैसी परेशानी कांग्रेस में नहीं थी। सारा गोदी मीडिया अमेठी और रायबरेली में डटा हुआ था। अंतिम समय पर कांग्रेस ने जो निर्णय लिया, उससे भाजपा के साथ-साथ गोदी मीडिया भी हतप्रभ है।

लगता है कांग्रेस चुनाव लड़ना सीख गई है। रायबरेली और अमेठी को लेकर अंत तक कांग्रेस ने सस्पेंस बनाकर रखा। भाजपा अमेठी और रायबरेली में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के लिए जाल बिछाकर बैठी हुई थी। इस जाल में फंसने के स्थान पर कांग्रेस ने तगड़ी चुनौती, भाजपा के लिए खड़ी कर दी है। भाजपा ने सोचा था, दोनों भाई बहन खड़े होंगे। अगले चरण के चुनाव प्रचार में राहुल और प्रियंका अपनी सीटों पर फंस जाएंगे। कांग्रेस, राष्ट्रीय स्तर के चुनाव प्रचार में बहुत कमजोर पड़ जाएगी। दोनों अपनी-अपनी सीटें निकालने के लिए पूरा अस्तित्व दांव पर लगा देंगे। तीसरे चरण के बाद के सारे चुनाव में भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं रहेगी। परिवारवाद को लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार को घेरने में भाजपा सफल होगी। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा की सारी ताकत यूपी में है। मुख्यमंत्री के रूप में आदित्यनाथ योगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो स्वयं बनारस से चुनाव लड़ रहे हैं। इन दोनों योद्धाओं के होते हुए राहुल और प्रियंका को सबक सिखाने की जो रणनीति भाजपा ने बनाई थी, उस चक्रव्यूह में कम से कम राहुल और प्रियंका नहीं फंसे।

राहुल गांधी सबसे सुरक्षित रायबरेली से लड़ने जा रहे हैं। यहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। गाँधी परिवार की सक्रियता रायबरेली में बनी हुई थी। राहुल गांधी को रायबरेली में ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का असर अमेठी सीट पर भी पड़ेगा। अमेठी की सीट एक बार राहुल गांधी हार चुके हैं। वहां से गांधी परिवार ने अपने सबसे विश्वासी किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतार दिया है। राजीव गांधी के समय से वह अमेठी संसदीय क्षेत्र में काम कर रहे हैं। अमेठी के मतदाता उन्हें जानते हैं। उनके माध्यम से कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चुनौती दी है। स्मृति ईरानी यदि किशोरी लाल शर्मा से हार गईं तो स्मृति ईरानी का राजनीतिक कैरियर भी खत्म हो जाएगा। वहीं गांधी परिवार को दांव भी नहीं लगाना पड़ा। प्रियंका गांधी कांग्रेस की स्टार प्रचारक बनकर देश भर के सभी राज्यों में घूम- घूम कर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार करेंगी। राहुल गांधी भी अगले चरणों के चुनाव प्रचार में लगे रहेंगे। बीच-बीच में वह रायबरेली में भी रहेंगे। भाई बहन की यह जोड़ी राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार करती रहेगी। भाजपा चाहती थी, इन दोनों को उत्तर प्रदेश में रायबरेली और अमेठी में फंसाकर उन्हें चुनाव प्रचार से बाहर कर दिया जाए। भाजपा को इंडिया गठबंधन और कांग्रेस से जो चुनौती मिल रही है, उसका मुकाबला करने की रणनीति भाजपा की फेल हो गई है। अब राहुल गांधी को भगोड़ा कहा जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है, कि यदि किशोरी लाल शर्मा को लड़ाना था, तो कांग्रेस को पहले ही घोषणा कर देनी चाहिए थी। प्रियंका गांधी रायबरेली या अमेठी से चुनाव लड़ती, तो आसानी से जीत सकती थीं। वह क्यों नहीं लड़ीं। राहुल कहते हैं डरो नहीं, लेकिन राहुल और प्रियंका खुद चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। सही मायने में इन्हें भी मालूम था, कि उनके लिए यह सब कहा जाएगा। गांधी परिवार व्यक्तिगत लड़ाई लड़ने की जगह पर इस बार राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को जिताने के लिए चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने जिस तरह से कांग्रेस संगठन को छिन्न-भिन्न कर, राहुल गांधी और कांग्रेस को चुनाव मैदान से बाहर करने की कोशिश की थी। इसका माकूल जवाब समय आने पर कांग्रेस की ओर से दिया गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राजनीति के कच्चे खिलाड़ी नहीं हैं। राहुल गांधी को पप्पू से नेता बनने में 5 साल का समय लगा है। सही मायने में भाजपा ने राहुल गांधी और कांग्रेस को चुनाव लड़ना सिखा दिया है। मार-मार कर कैसे पहलवान बनाया जाता है, इसका सटीक उदाहरण राहुल गांधी हैं। मोदी और राहुल के बीच में अब सीधा मुकाबला है। विपक्ष में रहकर किस तरीके से चुनाव लड़ा जाता है। किस तरह की रिस्क ली जाती है। जिनसे लड़ रहे हैं, उन्हें कैसे भ्रमित कर लड़ाई लड़ी जाती है। रायबरेली और अमेठी सीट को लेकर जितनी बीजेपी परेशान थी, वैसी परेशानी कांग्रेस में नहीं थी। सारा गोदी मीडिया अमेठी और रायबरेली में डटा हुआ था। अंतिम समय पर कांग्रेस ने जो निर्णय लिया, उससे भाजपा के साथ-साथ गोदी मीडिया भी हतप्रभ है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और गोदी मीडिया ने जो जाल बिछाया था, उसमें राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस नहीं फंसी। भाजपा के लिए तीसरे चरण से लेकर सातवें चरण तक के चुनाव में भाजपा के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। यह बात भाजपा और मीडिया अच्छे तरीके से जानता है। प्रियंका गांधी की चुनावी सभाओं और रेलियों में जिस तरह की भीड़ जुट रही है। जिस तरह से वह मतदाताओं के साथ संवाद कर रही हैं। मीडिया की भाषा में इफेक्टिव कम्युनिकेशन के रूप में माना जाता है। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के संवाद का असर मतदाताओं के बीच में हो रहा है। 2013 और 2014 में नरेंद्र मोदी को लेकर जो भरोसा मतदाताओं के बीच में जगा था। भाई बहनों की इस टीम से भाजपा और नरेंद्र मोदी को वही चुनौती मिल रही है। इसकी कल्पना किसी ने भी नहीं की थी।

कोविशील्ड : जो शक था, वह कमोबेश सहीं साबित हुआ

गौरतलब | मुस्ताअली बोहरा

सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा बनाए गए कोविशील्ड टीका लोगों को लगाया गया था। दरअसल कोविशील्ड के साइड इफेक्ट को लेकर अदालत में चल रहे केस के जवाब में इसे विकसित करने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया कि कुछ मामलों में टीटीएस के लक्षण दिखे हैं। वहीं, भारत में कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट की निगरानी दो स्तरों पर की जा रही है। एक तरफ आइसीएमआर के विशेषज्ञों की टीम इसका अध्ययन करती है, तो दूसरी ओर चिकित्सा सेवाओं का महानिदेशालय (डीजीएचएस) भी जमीनी स्तर पर इसकी निगरानी करता है।

आखिरकार, जो शक था वो कमोबेश सहीं साबित हुआ। कोरोनाकाल और वैक्सीनेशन के बाद से अचानक बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों ने पहले ही शक की सुई वैक्सीन के साईड इफेक्ट की ओर घुमा दी थी। और अब ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटिश अदालत के सामने माना है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन कुछ दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के का कारण बन सकती है। प्लेटलेट काउंट भी इससे घट सकता है। मालूम हो कि एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इस वैक्सीन को डेवलप किया था। वहीं भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने इसे बनाया था। एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन, जिसे भारत में कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया के नाम से जाना जाता है। भारत में कोवैक्सिन और कोविशील्ड दो टीके प्रमुख तौर पर लगे थे। अब, लोकसभा चुनाव के बीच हुए इस खुलासे ने भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वो इसलिए भी क्योंकि कोरोना काल में वैक्सीनेशन को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान बताकर प्रचारित किया गया था। कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट को लेकर एस्ट्राजेनिका की स्वीकारोक्ति को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो गया है। वहीं इस मामले में सियासत शुरू हो गई है। लोस चुनाव से पहले कोरोना वैक्सीन को प्रचारित करते हुए भाजपा नेता वोट देने की अपील कर रहे थे और अब इन्हीं नेताओं को सफाई देनी पड़ रही है। विपक्ष इस मामले में मुखर हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन को लेकर जो बात उन्होंने पहले कही थी वही एक्सपर्ट लोगों ने कही और अब अदालत ने भी कह दिया। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा ने आपदा में अवसर तलाशते हुए वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। दूसरी तरफ, कोविशील्ड के इस तथ्य के सामने आने के बाद कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट की दो स्तरों पर निगरानी की जा रही है, लेकिन इनमें खून के थक्के जमने वाली दुर्लभ बीमारी थ्रोंबोसिस विथ थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के गंभीर मामले सामने नहीं आए हैं। गौरतलब है कि टीटीएस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम एक ऐसी बीमारी है, जिसमें प्लेटलेट कम होने लगता है साथ ही इसका असर मरीज के दिमाग या अन्य अंगों पड़ने लगता है, जिससे की ब्लड क्लॉटिंग होने लगती है।

आज का इतिहास

- पोप एलेक्जेंडर षष्ठम ने 1493 में अमेरिका महाद्वीप को पुर्तगाल और स्पेन के बीच बांटा।
- पेरिस में खुलने और बन्द होने वाली पहली छतरी 1715 में बनाई गई।
- अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना 1780 में हुई।
- नीदरलैंड और ब्रिटेन ने 1818 में गैरकानूनी दास व्यापार के खिलाफ समझौता किया।
- अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को 1846 में खत्म किया गया।
- भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से 1854 में जारी हुआ।
- ओपेरा थियेटर में टॉमस एल्वा एडीसन ने अपने आविष्कार फोनोग्राफ का सार्वजनिक प्रदर्शन 1878 में किया था।
- लंदन में डेली मेल समाचार पत्र का पहला संस्करण 1896 में प्रकाशित हुआ।
- फ्रांस में पेरिस बाजार में आग लगने से 1897 में करीब 200 लोगों की मौत हुई।
- अमेरीका में फिल्म कला अकादमी (मोशन पिक्चर आर्ट्स एकेडेमी) की स्थापना 1927 में की गई थी, जिसने 'ऑस्कर' पुरस्कार देने शुरू किए।
- अतातुर्क मुस्तफा कमाल पाशा तुर्की के राष्ट्रपति 1931 में बने।
- जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे मे आत्मसमर्पण 1945 में किया।
- पहला ग्रेमी अवॉर्ड्स 1959 को आयोजित हुआ।
- 'द किड' और 'ग्रेट डिक्टेटर' जैसी मूक फिल्मों के स्टार चार्ली चैपलिन को बकिंघम पैलेस में नाइट की उपाधि 1975 को प्रदान की गई।
- श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री 1979 में बनीं।
- कोल माइंस डे की घोषणा 1980 में हुई।
- जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति नेता रॉबर्ट मुगाबे ने 1980 में चुनाव में भारी जीत हासिल की और प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति बने।
- चीन ने 1983 को परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका का पहला बैंक नेशनल हिस्टोरिक लैंडमार्क नाम से सूचीबद्ध 1987 मे हुआ।

सुविचार

काम की समाप्ति संतोषप्रद हो, तो परिश्रम की थकान याद नहीं रहती।

कालिदास

हथौड़ा कभी-कभी अपना निशाना चूक भी जाता है; लेकिन फूलों का गुलदस्ता कभी नहीं।

अज्ञात

किसने क्या कहा

कांग्रेस को इस बार 50 और तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

उद्धव ठाकरे में अब वीर सावरकर का नाम लेने की हिम्मत नहीं

अमित शाह
गृहमंत्री

अंकजाल - 7537

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	25	19	23		31	19	16	11	
14		2				8		4	24
18	9		7		5		7		25
13		8				3		2	16
32	6		9		7				
				2		9		3	21
26	8		6				6		13
18		2		6		3		7	14
29	8		5				4		14
	21	15	16	26		21	16	18	

अंकजाल 7536 का हल

	19	24	21		20	20	18	16	
18	8	6	4		6	8	7	5	26
15	4	9	2		7	5	8	7	27
16	5	3	8		2	7	3	4	16
28	2	6	7	9	3				
				7	2	5	7	2	23
29	5	7	8	9		2	3	5	10
22	6	7	3	6		4	5	2	11
18	5	6	3	4		7	8	8	25
	16	20	14	35		18	23	17	

Jagrutidaur.com, Bangalore

संत की उदारता

संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं। इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है।

पशु जीवन के साथ भी हो गरिमापूर्ण व्यवहार

डॉ. सत्यवान सौरभ

दंड संहिता में संशोधन करके, जानवरों को अनावश्यक दर्द या कष्ट देने और जानवरों को मारने या गंभीर रूप से दुर्व्यवहार करने के लिए सजा बढ़ा दी गई। इसमें क्रूरता के विभिन्न रूपों, अपवादों और किसी पीड़ित जानवर के खिलाफ कोई क्रूरता होने पर उसे मार डालने की चर्चा की गई है, ताकि उसे आगे की पीड़ा से राहत मिल सके। अधिनियम का विधायी इरादा ₹जानवरों को अनावश्यक दर्द या पीड़ा पहुंचाने से रोकना₹ है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड की स्थापना 1962 में अधिनियम की धारा 4 के तहत की गई थी। यह अधिनियम जानवरों पर अनावश्यक क्रूरता और पीड़ा पहुंचाने के लिए सजा का प्रावधान करता है। यह अधिनियम जानवरों और जानवरों के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है। पहले अपराध के मामले में, जुमार्ना जो दस रुपये से कम नहीं होगा, लेकिन जो पचास रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। पिछले अपराध के तीन साल के भीतर किए गए दूसरे या बाद के अपराध के मामले में जुमार्ना पच्चीस रुपये से कम नहीं होगा। जिसे एक सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है या तीन महीने तक की कैद या दोनों से दंडित किया जा सकता है। यह वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए जानवरों पर प्रयोग से संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। यह अधिनियम प्रदर्शन करने वाले जानवरों की प्रदर्शनी और प्रदर्शन करने वाले जानवरों के खिलाफ किए गए अपराधों से संबंधित प्रावधानों को स्थापित करता है। प्रतिशोध (किए गए अपराध का बदला लेने के लिए दी गई सजा), निवारण (अपराधी और आम जनता को भविष्य में ऐसे अपराध करने से रोकने के लिए दी गई सजा), सुधार या पुनर्वास (अपराधी के भविष्य के व्यवहार को सुधारने और आकार देने के लिए दी गई सजा), कानून का खराब कार्यान्वयन और इसके द्वारा निर्धारित कम दंड से पीसीए अधिनियम अत्यंत अप्रभावी प्रतीत होता है। अधिनियम के तहत अधिकांश अपराध जमानती हैं (आरोपी अधिकार के तौर पर पुलिस से जमानत मांग सकता है) गैर-संज्ञेय (जिसका अर्थ है कि पुलिस स्पष्ट अनुमति के बिना न तो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सकती है और न ही जांच कर सकती है या गिरफ्तारी कर सकती है। पीसीए अधिनियम के तहत जुमार्ने के रूप में निर्धारित राशि वही है जो इसके पूर्ववर्ती, पीसीए अधिनियम 1890 में निर्धारित है। जुमार्ना महत्वहीन है (कई मामलों में ?10 से कम) क्योंकि 130 से अधिक वर्षों में उनमें संशोधन नहीं हुआ है। कानून को इस तरह से लिखा गया है कि मामले से निपटने वाली अदालत को आरोपी पर कारावास या जुमार्ना लगाने के बीच चयन करने का विवेक है।

यह पशु क्रूरता के अपराधियों को अधिकांश मामलों में केवल जुमार्ना अदा करके पशु क्रूरता के सबसे क्रूर रूपों से बच निकलने की अनुमति देता है। कानून में स्वयं 'सामुदायिक सेवा' के लिए कोई प्रावधान नहीं है जैसे कि सजा के रूप में पशु आश्रय में स्वयंसेवा करना, जो संभावित रूप से अपराधियों को सुधार सकता है। जानवरों के लिए पाँच मौलिक स्वतंत्रताओं का समावेश, दंडों में वृद्धि और विभिन्न अपराधों के लिए जुमार्ने के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि, नए संज्ञेय अपराधों को जोड़ना, मसौदा विधेयक में पशु क्रूरता के मामले से निपटने वाली अदालत के लिए दो विकल्पों के रूप में कारावास और जुमार्ने का प्रावधान जारी रखा गया है।

राशिफल

मेष जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।	**तुला** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।
वृष श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।	**वृश्चिक** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।
मिथुन समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।	**धनु** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
कर्क परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।	**मकर** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।
सिंह जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।	**कुंभ** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।
कन्या व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।	**मीन** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें।

अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान

गौरतलब | आरके सिन्हा

उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है।

श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवानों के ही झुंड के झुंड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चचाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की थी। तबसे कश्मीरी हिन्दुओं में एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्यधारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग पहुंचे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

महुआडांड़ बाजार क्षेत्र में प्याऊ का उद्घाटन

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ बाजार में स्थानीय बीज विक्रेता एवं किसानों की उपस्थित मैं प्रचंड गर्मी को देखते हुए त्रिमूर्ति प्लांट साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा एक प्याऊ का उद्घाटन किया गया। मौके खाद बीज विक्रेता मनोज गुप्ता, दुर्गेश प्रसाद, उज्जवल कुमार, अरविंद कुमार, मोनु मलिक, कम्पनी एम्प्लोई गोपाल कुमार, आनन्द उपाध्याय, विद्याधर पाण्डे, धीरज पाण्डे, संजय प्रजापति, महावीर पाल आदि मौजूद थे।

ओझा गुनी के शक में बेटे ने की बाप की हत्या

छतरपुर (पलामू) : जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के अति सुंदरवर्ती डगरा पंचायत के ग्राम रत्नाग टोला यूगीनियाटांड़ में गुरुवार की रात्रि 60 वर्षीय कृष्णा सिंह को छोटे बेटे सरोज कुमार सिंह ने घरेलू विवाद एवं ओझा गुनी के शक पर अपने पिता को देसी हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी कृष्ण सिंह के बेटी रीना देवी, गुप्तेश्वर सिंह ने बताया कि कई महीनो से अपने गोतीया परिवार एवं घर में कृष्ण सिंह से ओझा गुनी के शक पर आपसी विवाद होता रहता था उसी के शक में पिता का छोटे भाई ने हत्या किया है। सरोज कुमार सिंह अपने पिता को गोली मारकर फरार हो गया सूचना मिलते ही मौके पर नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है थाना प्रभारी ने बताया कि ओझा गुनी एवं आपसी विवाद में बेटा ने पिता को हत्या की है पुलिस सभी बिंदु के जांच करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

आपका पांच मिनट बदलेगा आपके पांच साल : शर्मिला

प्लामू : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हमेशा जनहित में सक्रिय रहने वाली संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम भूसही गांव पहुंची। वहां चौपाल में इकट्ठा किसानों और बुर्जुगों को अवश्य मतदान करने की सलाह दी, साथ ही घर-आंगन तक पहुंचकर टीम वरदान ने आधी आबादी (महिलाओं को) से मतदान करने की अपील की। वहीं पहली बार मतदान करने वाले कुछ उत्साही युवाओं से भी टीम वरदान की मुलाकात हुई जो मतदान के प्रति सजग और उत्साहित दिखे। भूसही हरिजन टोला में महिलाओं ने अपनी समस्याओं से भी टीम वरदान को अवगत कराया और जरूर वोट करने का भरोसा दिलाया! टीम के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों को समझाया कि आपका वोट आपका अधिकार है, और आपका एक वोट देश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें! मतदान केंद्र तक जाने का आपका पांच मिनट का समय अगले पांच साल का भविष्य तय करेगा। जागरूकता अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मयूरेश द्विवेदी, लक्ष्य श्रेष्ठ, सुमन शर्मा, धनंजय तिवारी और डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

मोदी सरकार पलामू भाजपा प्रत्याशी के लिए जुमले की बारिश करेंगी : गणेश रवि

मेदिनीनगर : हर बार की तरह इस बार भी चुनावी महाकुंभ में मोदी सरकार डाल्टनगंज में जुमले की बारिश करेंगे।किसी डैम का हवा में शिलान्यास या उद्घाटन करेंगे। उक्त बातें पलामू लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी गणेश रवि ने कही। उन्होंने कहा कि मोदी जी आप लोकसभा सदस्य के लिए लड़ रहे हैं। और मैं एक निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि पलामू से लोकसभा सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहा हूं। मोदी जी बताइए यह कैसा लोकतंत्र है। एक तरफ इसी पद के लिए एक व्यक्ति करोड़ों रुपया बहा रहा है। और उसी पद के लिए दूसरा निर्दलीय प्रत्याशी हजारों रुपए में चुनाव लड़ रहा है। श्री रवि ने कहा कि मोदी सरकार को भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को हवा में नहीं बहाना चाहिए। मोदी जी को बताना चाहिए कि पिछले दो बार से वह जीस मंडल डैम का उद्घाटन शिलान्यास किए थे।

'मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर' कार्यक्रम के आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक

लोगों को मतदान के महत्व के प्रति करें जागरूक : गरिमा सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा मैं भी इलेक्सन एम्बेसडर कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु आगामी 7 मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोसल मीडिया

हैंडल्स पर मैं भी इलेक्सन एम्बेसडर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय, ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले के सभी स्टेक होल्डर्स के अलावा जिले के सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन तथा पीडब्ल्यूडी आईकॉन का वोट अपील आदि को रिकॉर्ड कर उसका सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया, जिससे कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। वहीं स्वीप के तहत विद्यालयों में कराए जा रहे प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने हेतु उन्हें सम्मानित करने की बाट कही। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, श्रम अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी, स्टेक होल्डर्स, समेत अन्य उपस्थित थे।

लोस चुनाव के मद्देनजर उड़नदस्ता टीम ने जांच अभियान किया जारी

महुआडांड़/लातेहार : लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर पुलिस प्रशासन प्रखंड में पूरी तरह मुस्तैद है। प्रत्येक दिन शहरी क्षेत्र समेत मुख्य सड़कों पर उड़नदस्ता टीम के द्वारा वाहनों के जांच समेत आचार संहिता को ध्यान में रखकर वाहनों से हुटर एवं नेम प्लेट को हटाया जा रहा है। साथ ही प्रखंड के सभी सार्वजनिक स्थानों से राजनीतिक होर्डिंग और पोस्टर की हटा दिया गया हैं। प्रखंड अंतर्गत अक्सी, बांसकरचा कैंप, आईआरबी कैंप महुआडांड़, महुआडांड़ से डाल्टेनगंज एवं रांची जाने वाले मुख्य सड़कों पर पुलिस की उड़न दस्ता टीम लगातार गस्त कर रही है।

विकास भारती ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

लातेहार : सदर प्रखंड के परसही में आसन्न लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर विकास भारती विशुनपुर की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही मतदान करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गई। मौके पर प्रमिला देवी ,कार्यकारणी सदस्य, विकास भारती सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

उपायुक्त ने किया साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसे उपायुक्त ने क्रमवार तरीके से सुनी एवं अश्वासन दिया कि सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए समाधान कराने की बाट कही।इस जनता दरबार में कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से विद्यालय में नामांकन, नियोजन, जमीन रशीद, चापानल अधिग्रहण आदि से संबंधित थे। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

मतदाता जागरण अभियान के पोस्टर का विमोचन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा योघ सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष सुरभि ठाकुर की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं एवं सामान्य जनों के बीच मतदाता जरूरता अभियान का कार्यक्रम किया गया इस दौरान मतदाता जागरण अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया, उक्त अवसर पर उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कूमारी ने कहा कि भारत ने अपनी सफल निर्वाचन प्रक्रिया द्वारा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सफल संचालन का परिचय कराया है, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा चुनी गयी सरकार से ही हमारे लोकतंत्र की पहचान है, मतदाताओं की जागरूकता एवं

भारत की चुनाव प्रक्रिया ही हमें और मजबूती देगी हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं चुनते बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं, एबीवीपी द्वारा इस चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरण पोस्टर का वितरण, नुक्कड़ नाटक, मतदान का महत्व जैसे विषयों पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, कॉलेज उपाध्यक्ष सपना पांडे ने कहा कि मत का उपयोग लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है। इसलिए आगामी चुनाव में हम सब परिवार वोट डालने जाएं एवं सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें इस अवसर पर मूख्य रूप से खूशी कूमार, सोनाली कूमार, काजल तिवारी, रौशनी कूमारी, ऋध्दा कूमारी आदि दर्जनों छात्राएं उपस्थित थी।

सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने का लगाया आरोप, डीसी से शिकायत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : सदर प्रखंड के पेशरार पंचायत के उलगड़ा, कुलगाडा एवं कुमाड़ के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में में बाधा उत्पन्न करने का आरोप उलगाड़ा गांव के तीन ग्रामीणों पर लगाया है। शुक्रवार को उक्त गांवों के ग्रामीण समाहरणालय में पहुंचकर डीसी गरिमा सिंह को आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि चंदवा प्रखंड कार्यालय से लातेहार जिला मुख्यालय तक पीएम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यह सड़क ग्राम रूद्र मूर्तियां, चैटर, रखात, सोंस, बुल्हू व चंदवा प्रखंड होते हुए कुलगाड़ा, उलगाड़ा कुमाड़ होते हुए लातेहार जिला मुख्यालय पहुंचेगी। इस सड़क के बनने से चंदवा और लातेहार की दूरी काफी कम हो जायेगी। इस योजना के तहत

उलगाड़ा में लगभग 300 फीट सड़क निर्माण किया जाना है। आवेदन में कहा गया है कि उक्त गांव के किशोर उरांव, शुबलाल उरांव और जबिर उरांव के द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य जनहित में है। आवेदन देने वालों में अशोक कुमार सिंह, रोशन कुमार, संजू कुमार भुईया, दिनेश भुईया, सरोज कुमार, कुलेंद्र उरांव पिंटू उरांव, ब्रह्मदेव भगत, महेंद्र भगत, सूरज देव भगत, मंगल देव उरांव जमीदार उरांव, पकलू उरांव, दिलीप उरांव, रानी उरांव, संगीता देवी व जनार्दन साव समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

521 किलो अफीम-डोडा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत कुछ गांवों में नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले तस्कर सक्रिय हो रहे हैं। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम के नेतृत्व में बरियातू थाना क्षेत्र के श्रीसमाध गांव में छापेमारी की। पुलिस की टीम ने जब भगत गंझू के घर छापेमारी की तो वहां से 521 किलो अफीम डोडा बरामद किया गया।बरामद डोडा की खुले बाजार में कीमत करीब 81 लाख रुपये है। इस दौरान पुलिस ने तस्कर भगत गंझू को भी गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मामले की जानकारी

देते हुए बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष सत्यम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर 541 किलो अफीम डोडा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तस्कर गिरोह का सरगना गोल्डेन नामक व्यक्ति है जो बरियातू थाना क्षेत्र के शिबला गांव का रहने वाला है। इसके अलावा इस गिरोह में महेंद्र गंझू, गणेश गंझू आदि शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में पता चला कि गोल्डेन गिरोह के अन्य तस्करों के माध्यम से अफीम डोडा का स्टॉक करवाता है। इसके बाद गोल्डेन उसे बाहर के बाजार में बेच देता है। एसडीपीओ ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। ज्ञात हो कि पुलिस ने इस साल अब तक तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं. इधर, पुलिस की मुस्तैदी से घबराकर तस्कर गिरोह के लोगों ने जिले से अपना धंधा समेटना शुरू कर दिया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी राजा दिलावर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे।

माओवादी का मिला बंकर, नक्सलियों को पनाह देनेवाली महिला गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पलामू : नक्सलियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार से संबंधित पोस्टर लगाये जाने के बाद पुलिस की ओर से की गयी कार्रवाई में शुक्रवार को माओवादियों का बंकर बरामद किया गया। मौके से विस्फोटक समेत कई सामान बरामद किए गए। इस सिलसिले में माओवादी नक्सलियों को पनाह देने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा हरही के इलाके में की गयी है। बुधवार की रात जिले के हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू और मोहम्मदगंज में नक्सलियों के द्वारा

लोस चुनाव का विरोध करते हुए पोस्टरबाजी की गयी थी। मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी। सर्च अभियान के दौरान घाघरा इलाके में पुलिस को एक बंकर मिला। बंकर से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री समेत कई सामान बरामद किए गए। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 लाख के इनामी नीतीश यादव की हुसैनाबाद इलाके में गतिविधि है। सूचना के आलोक में कार्रवाई करने पर सफलता मिली। घाघरा के हरही में अखिलेश यादव के घर के पास बंकर मिला। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी अंजू देवी (40वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अखिलेश यादव की पत्नी पर माओवादी जोनल कमांडर नीतीश यादव का संरक्षण देने का आरोप है।

मोदी के पुरानी वादों को याद दिलाने के लिए यज्ञ करें भाजपा के नेता, विधायक व सांसद : भाकपा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी का डाल्टनगंज में कार्यक्रम पलामू वासियो के लिए सिर्फ छलावा है इससे पहले भी मोदी जी डाल्टनगंज कई बार आ चुके हैं लेकिन पलामू वासियों को छलने के सिवा उन्होंने कोई काम नहीं किया है जिसका उदाहरण चुनावी स्टैंड में जपला सीमेंट फैक्ट्री को चालू करने की घोषणा करके जपला सीमेंट फैक्ट्री का बंद हो जाना और उसका सामान स्क्रिप्ट के भाव में बिकना वही मंडल डैम के उद्घाटन करने के बाद भी कोई काम नहीं होना जीता जागता उदाहरण है। पलामू भाजपा के नेता विधायक एवं सांसद मोदी के आगमन के पहले एक सद्बुद्धि यज्ञ कारण ताकि देश के प्रधानमंत्री जी को जनता के समक्ष किया गया अपनी पुरानी वादा याद रह सके और उसे पर वह माफी मांग सके। एवं कल के भाषण में वह दोबारा कोई झूठी आश्वासन न कर दे जिससे ज्ञान जनता गुमराह हो जाए। वैसे भी प्रधानमंत्री मोदी जी के झूठ बोलने के कारण ही ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा के सभी शीर्ष के नेता झूठ बोलने लगे हैं इन्हें विकास केवल धारा 370 हिंदू मुसलमान मंदिर मस्जिद आदि के इर्द गिर्द नजर आता है।

लातेहार में मतदाता पर्ची का वितरण शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर मतदाताओं के बीच पर्ची वितरण शुरू कर दिया गया। शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र के धर्मपुर ,करकट, माको, अंबाटीकर, चंदनडीह, डुरुआ समेत अन्य मतदान केंद्रों के बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण किया। इस दौरान मतदाताओं को 20 मई को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करने की अपील की गयी। पूजा देवी ने बताया कि मतदाता पर्ची वितरण के दौरान मतदाताओं में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह देखा

गया। सभी ने 20 मई को मतदान केंद्र में जाकर वोट देने की बात कही। पूजा ने बताया कि अगले चार दिनों में मतदाता पर्ची का वितरण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बीएलओ पर्ची पर अपना मूल हस्ताक्षर करके दे हैं। मतदाता पर्ची वितरण में बीएलओ सुनीता देवी, सोनिया कुमारी, रेखा देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, रेणु देवी, कालिंदी कुमारी, अंजला देवी, मनोरमा देवी व कुंती देवी समेत कई बीएलओ मौजूद रहीं।

जनकपुरी में भगवान का राग भोग 10 मई को शुरू किया जायेगा : श्याम लाल तिवारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य सह वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम तिवारी व संचालन समाज सेवी श्यामलाल तिवारी ने किया। बैठक में श्याम लाल तिवारी ने कहा कि 10 मई को ही अक्षय तृतीय दिवस के शुभ अवसर पर वर्षों से लंबित भगवान का राग भोग का विधिवत शुरूआत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक दिन प्रत्येक दिन भगवान का राग भोग लगेगा जिसका प्रसाद उपस्थित सभी भक्त जनों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए कमेटी हर तरह से सहयोग करेगी।

साथ ही ग्राम वासियों व दानदाताओं का भी सहयोग लेगी। उन्होंने कहा कि 10 मई को बारालोटा के ग्रामीण तथा सभी धर्म प्रेमी संजनो से कमेटी आग्रह करती है कि वे निश्चित रूप से 10 से 11 बजे दिन मे उपस्थित होकर भगवान के राग भोग का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि मंदिर में विगत कई महीनो से सुंदरीकरण का कार्य व नए भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसमें श्रद्धालु भक्तगण बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इसी का नतीजा है कि भगवान के रसोइया घर का निर्माण हो सका है।

तेली समाज को सभी राजनीतिक दलों ने अछूत समझा रखा है : दिलीप निलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक टोटो ग्राम के अंतर्गत तेली टोला के सामुदायिक भवन में हुई, इस बैठक में तेली टोला के तेली समाज के सभी लोगों एवं महिलाओं ने भारी भीड़ के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बैठक को समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश ने सम्बोधित कर कहा कि तेली समाज को सभी राजनीतिक दलों ने अछूत समझ कर रखा है। एक खास राजनीतिक दल ने सिर्फ बंधुआ वोटर के रूप में दशकों से तेली समाज का शोषण किया है,अब समय आ गया है इस अछूत मानसिकता का भरपूर

जवाब देने का, इसलिए अब जो भी राजनीतिक दल तेली समाज को मान सम्मान देगा समाज उसी को समर्थन देगी, इस आह्वान का उपस्थित सभी लोगों एवं महिलाओं ने गगनभेदी नारों एवं तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया तथा सभी स्वजातीय बन्धुओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि समाज का हित के बारे में नेतृत्व जो भी फैसला लेगा सभी लोग एक एक कदमताल से करबद्ध होकर उसका पालन करेंगे। इस बैठक को समाज के जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल ने भी सम्बोधित किया और आह्वान किया कि चाहे भूखे रहना क्यों न पड़े अपना मान सम्मान को बरकरार रख कर एकजुट होकर इस बार तेली समाज उस राजनीतिक दल को वोट करेगा जो समाज को सम्मान देगा उसकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाएगा, समाज के जिला महामंत्री विनोद कुमार साह ने भी सम्बोधित कर समाजहित में अपने विचार व्यक्त किये। इस महत्वपूर्ण महाबैठक में जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश उपाध्यक्ष महेश कुमार लाल महामंत्री विनोद कुमार साह अशोक कुमार साहू रोहित कुमार सोनू साहू दीपक कुमार शारदा देवी सविता देवी सुनीता देवी संगीता देवी मधु देवी सीता देवी सुशांति देवी पूनम देवी चांदनी देवी उगन्ति देवी सुमित्रा देवी प्रतिमा देवी राधा देवी बसंती देवी मधु देवी उमा देवी मोहदरी देवी अनिता देवी सोनी देवी रीना देवी रेणु देवी बबिता देवी सरिता देवी सविता देवी बन्धइन देवी तेतरी देवी लीला देवी कुंती देवी फुलो देवी मुनिया देवी सुमन देवी हेमंती देवी सीता कुंवर रीना देवी एवं कमला देवी सहित भारी स्वजातीय महिलाएं उपस्थित थी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने किया पदभार ग्रहण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के पद पर राम कुमार लाल गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व सचिव निर्मला

बरला ने उन्हें अपना पद भार सौंपा। स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह, लीगल डिफेंस काउंसिल के बुदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मचारी प्रकाश पांडे, अरविंद कुमार, मनीष कुमार, आशा लकड़ा, के द्वारा पूर्व सचिव वर्तमान सचिव दोनों का सम्मान किया गया। माननीय सचिव रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन पर डालसा कार्य करेगी, लोगों के बीच कानून संबंधी जागरूकता प्रदान करना, पीड़ित मुआवजा ,निशुल्क विधिक सहायता, आदि का लाभ दिया जाएगा। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के निदेर्शानुसार दिनांक 02-05 -24 से 07-05-24 सात दिनों तक डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

एक झलक

लोहरदगा के दो मजदूरों की उप्र में मौत

लोहरदगा : जिले के किस्को प्रखण्ड के बेठहठ व पतरातू के दो मजदूरों की उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक ईंट-भट्ठे में दबकर बुधवार को मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार बेठहठ पंचायत के जामुन टोली निवासी 28 वर्षीय संतोष उरांव एवं बगडू पंचायत के पतरातू खलिहान टोली निवासी 27 वर्षीय छटू लोहरा की पत्नी पार्वती देवी की मौत ईट-भट्ठा में काम करने के दौरान दीवार में दबने से हो गई। वे छह माह पूर्व ईट-भट्ठा में काम करने गोरखपुर गए हुए थे।

'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' अभियान सात मई को

लोहरदगा : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर सात मई को संध्या छह बजे से रात आठ के बीच सभी सोशल मीडिया पर 'मैं भी इलेक्शन एंबेसडर' अभियान चलाया जाएगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी, जिसका फोटो-वीडियो ट्विटर, फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक होगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बडाइक ने बताया कि साथ मई को चलाये जाने वाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकता है। इसके लिए सेल्फी के साथ फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें। साथ ही उसे लोहरदगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें। फोटो व वीडियो राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भी टैग करें।

भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारी की बैठक

झुमरीतिलैया : भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कि एक बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी के निवास स्थान में हुई। बैठक की जिला अध्यक्षता अनुप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक में अनूप जोशी ने कहा की सभी मंडलों के अध्यक्ष एक या दो दिन के अंदर परमिशन लेकर चुनाव कार्यालय खोलें, और सभी प्रभारी एवं सभी मंडल अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्यों को घर घर जाकर संपर्क कर जनता के हित में किए गए कार्यों के बारे में बताएं और प्रचार वाहन का परमिशन लेकर प्रचार करवाऐ। सभी मंच मोर्चा के अध्यक्षों से भी आग्रह किया कि आप भी अपनी पूरी टीम के साथ सुबह शाम घर-घर जाकर प्रचार करें। और 20 तारीख को अधिक से अधिक मतदान करावे। बैठक में उपस्थित प्रभारी देवनारायण मोदी, सुधीर सिंह,महेन्द्र यादव, मनोज कुमार झुन्नु, परमेश्वर यादव, शशिभूषण प्रसाद, सुनील सिन्हा, कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, मुकेश राम, महेश वर्मा, विजय यादव, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी, विजय राणा, सुरेन्द्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, नवीन चौधरी, आदि उपस्थित हुए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में आदर्श आचार संहिता से सम्बन्धित प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

देवघर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को आदर्श आचार संहिता (टउउ) से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सूचना भवन के सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने कुछ नियम बनाए हैं। इन नियमों को ही आचार संहिता कहा जाता है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात इसका शक्ति से पालन करवाने में निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अलावे प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि आदर्श आचार संहिता के दौरान अगर कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है तो चुनाव आयोग उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर सकता है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आचार संहिता में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के आचरण, चुनावी सभा, रैली, जुलूस और रोड शो से जुड़े कायदे-कानून, मतदान के दिन पार्टियों और उम्मीदवारों के

उपायुक्त ने सी-विजिल एप की कार्य प्रणाली व इससे जुड़ी जानकारी से सभी को कराया अवगत

आचरण, मतदान बूथ के अनुशासन, चुनाव के दौरान ऑब्जरवर और सत्ताधारी दल की भूमिका का जिक्र इसमें है। ऐसे में आप सभी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह

इसके अलावे प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु सी-विजिल एप्प का उपयोग किया जा रहा है। सी-विजिल एप्प पूरी तरह से अपना कार्य कर कर रही है। सुरक्षित एवं निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु चुनाव आयोग द्वारा सी-विजिल एप्प का प्रयोग किया जा रहा है। सी-विजिल एप्प के जरीके कोई भी व्यक्ति आचार संहिता उल्लंघन के लिए शिकायत कर सकता है। इसके लिए एप्प पर सीधा लाइव वीडियों अपलोड करना होगा। यह शिकायत सीधे रिटर्निंग अधिकारी तथा भारत निर्वाचन चुनाव आयोग के पास पहुचेगी, शिकायत प्राप्त होने के बाद एफएसटी की टीम को निर्धारित समय अवधि में टीम द्वारा जांच किया जायेगा। उम्मीद्वार सहित राजनीतिक पार्टियों अथवा कोई व्यक्ति विशेष आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाते है, तो आप उससे जुड़ी तस्वीरों अथवा दो मिनट का वीडियों तक इस एप्प के माध्यम से शेयर कर सकते है। शिकायत पर तत्काल एक्शन लेते हुए 100 मिनट में एफएसटी टीम को कार्य करना होता है। इस एप्प पर सिर्फ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामलों को अपलोड किया जा सकता है। यह एप्प मतदान के एक दिन बाद तक सक्रिय रहेगा।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुमो चौक मुख्य मार्ग रांची पटना रोड एवं गूमो - 1 में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें आगामी 20 मई 2024 को होने वाली लोकतंत्र की महापर्व लोकसभा चुनाव से सम्बन्धित विविध जानकारियां साझा किए साथ ही एक एक वोट का महत्व को बताते हुए सभी को अपना मताधिकार का सही प्रयोग निर्भिक एवं प्रलोभन रहित होकर करने हेतु जागरुक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा एवं बी. एड. सत्र 2023-2025 के प्रशिक्षु सुनील कुमार वर्मा ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। प्रशिक्षु विकास कुमार एवं सागर कुमार ने मतदाताओं को गाना के माध्यम से मताधिकार का महता से अभिभूत कराया। स्वीप ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के ब्रांड एम्बेसडर प्रशिक्षु मो.सम्मीउल्ला ने वोट डालने हेतू मतदाता पहचान पत्र के आलावा बारह अन्य पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड इत्यादि) के बारे में ग्रामीणों को बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि मतदाताओं द्वारा मताधिकार का उचित प्रयोग करना ही समाज एवं राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत नींव हैं हमें सदैव अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने हेतु लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

जेबीकेएसएस के अध्यक्ष को बोकारो प्रशासन ने भेजी नोटिस, सात मई को बुलाया

बोकारो : जिला प्रशासन ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार जयराम महतो को अब नोटिस भेजी है। नोटिस निर्वाचन शाखा ने जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि आपके नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है, जिसका सत्यापन निर्वाचन पदाधिकारी को करना आवश्यक है। नोटिस में कहा है कि इस संबंध में आपको अवगत कराने के लिए बोकारो निर्वाचन शाखा ने आपको दो मई को दो बार फोन किया गया लेकिन आपने फोन नहीं रिसीव किया। आपको इस बात की सूचना देने के लिए आपके घर नोटिस भेजा गया है। साथ ही चार दैनिक अखबारों में नोटिस प्रकाशित की गयी है। आप सात मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों।

दबंगों ने बिना सूचना के विद्यालय के गेट में ताला व गेट के सामने चारदीवारी देकर विद्यालय का रास्ता किया बंद

- भुक्तभोगी ने उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंप लगायी न्याय की गुहार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम लरियाडिह में अवस्थित विद्यालय श्यामली पब्लिक स्कूल में दबंगो के द्वारा विद्यालय के मेन गेट में अपना ताला बंद कर दिया। साथ ही विद्यालय के गेट के सामने चारदीवारी दे दिया। घटना के भुक्तभोगी सत्यम कुमार सिंह पिता स्व० जय प्रकाश सिंह ग्राम पंचायत लरियाडिह ने बताया की मैं उक्त जगह का मूल निवासी हूँ। मैं अपने पुस्तैनी जमीन खाता संख्या 36 प्लॉट संख्या में निजी विद्यालय का संचालन करता हूँ। मेरी पुस्तैनी जमीन पर भू-माफियाओ - 1148 में निंशात सिंह पिता किशोर सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष (सरकारी शिक्षक), निशिकांत सिंह पिता किशोर सिंह उम्र -40 लगभग,पंकज सिंह,पिता महेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष लगभग होमगार्ड के पद पर सामाहारणालय में कार्यारत है। किशोर सिंह,पिता स्व. बाबूलाल सिंह,महेन्द्र सिंह पिता बाबूलाल सिंह, निरंजन सिंह पिता महेन्द्र सिंह इन सभी लोगो के द्वारा दिनांक 28-04-2024 को खउइ लगाकर हमारे विद्यालय परिसर का मेन गेट पर अपना ताला लगाकर बंद कर दिया। साथ ही मेन गेट के सामने ऊँची दिवार एवं गहरा गढ्ढा काट दिया। जिससे विद्यालय में आने-जाने का सारा रास्ता बंद हो गया। जिससे विद्यालय संचालन में व्याधन खडा हो गया है।जब उसको कार्य को बंद करने को कहा गया तो संख्या बल दिखाते हुऐ मेरे साथ गाली गलोज करने लगे।

सिमडेगा में नशे का कैप्सूल बेचने का आरोपित गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिमडेगा : पुलिस ने शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार में नशीले कैप्सूल कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित साप्ताहिक बाजार में कपड़े दुकान की आड़ में यह कारोबार करता था। पुलिस ने इसके पास से 38 पत्ता में 304 पेइवॉन स्पा प्लस और मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित मो. दानिश सिमडेगा थाना क्षेत्र के नूर मुहल्ला खैरनटोली का रहने वाला है। सूचना मिली थी कि साप्ताहिक बाजार टाड़ में कपड़ा दुकान खोलकर दानिश नाम का एक लड़का नशीले कैप्सूल की चोरी-छिपे बिक्री कर रहा है। पुलिस दल ने छापेमारी कर दानिश के पॉकेट से पेइवॉन स्पा प्लस लिखा हुआ आठ पत्ता में 64 कैप्सूल और आरोपित के कपड़ा दुकान पर कपड़ा रखे बोरे में एक गुलाबी रंग के प्लास्टिक में पेइवॉन स्पा प्लस लिखा हुआ 30 पत्ता में 240 कैप्सूल बरामद किया। इस संदर्भ में सिमडेगा थाना (कांड सं0-52/24) एनडीपीएस और आईपीसी की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

सुरक्षाबलों ने एक दर्जन आईईडी किया बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : चतरा जिला मे आगामी 20 मई को लोकसभा का चुनाव होना है। जिसको लेकर पोलिंग पार्टी व पुलिस को नुकसान तथा क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए नक्सलियों के द्वारा बम लगाया गया था। लेकिन पुलिस ने उनके मनसुबे पर शुक्रवार को पानी फेर दिया है, थाना क्षेत्र के कुसमाहा जंगल में शुक्रवार को सीआरपीएफ 190 बाटालियन के सर्च अभियान में 11 आई०ई०डी० केन बम को बरामद किया है। बरामद सभी केन बम को निरोधक दस्ते के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया।अभियान के नेतृत्वकर्ता सहायक कमाण्डेन्ट मनिष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि आगामी लोकसभा में पोलिंग पार्टी एवं पुलिस को नुकसान देने के लिए नक्सलियो के द्वारा

कुसमाहा जंगल में बम लगाया गया है जिसके बाद सीआपीएफ 190 बटालियन के द्वारा उक्त जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। जिसमे 11 आईईडी केन बम बरामद किया गया। जिसको सीआरपीएफ के निरोधक दस्ते के द्वारा विनिष्ट कर दिया गया है।आगे बताया कि चतरा जिला कमाण्डेन्ट मनोज कुमार के निर्देश पर प्रतापपुर थाना क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके उपरांत बम लगाने की सूचना मिला था, नक्सलियो को हर गतिविधि को नाकाम किया जाएगा एवं किसी भी हालत में बख्शा नही जाएगा। इस अभियान में सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला

(समाज कल्याण) जिला बाल संरक्षण ईकाई

-: आम सूचना :-

बाल कल्याण समिति, गुमला के निदेश के आलोक में।

नाम	– आफिया प्रवीण
उम्र	– 4 वर्ष
वजन	– 15 किलोग्राम
लम्बाई	– 3'7"
लिंग	– बालिका
पिता	– आरिफ अंसारी
माता	– स्व0 मुस्कान

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालिका आफिया प्रवीण , पिता– आरिफ अंसारी, माता– स्व0 मुस्कान, उम्र– 4 वर्ष, वजन– 15 किलोग्राम, रंग– साफ, पता– रहमत नगर, पंचायत– लखिया, थाना– सिसई, जिला– गुमला का निवासी है। बालिका को बाल कल्याण समिति, विलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक– 30.09.2023 को बाल कल्याण समिति, गुमला को स्थानांतरण किया गया। स्थानांतरित तिथि से अब तक बालिका के जैविक पिता/ विधिक संरक्षक की जानकारी नहीं है। उक्त बालिका के जैविक पिता अथवा विधिक संरक्षक को ज्ञात हो तो कृपया विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 60 दिनों के अन्दर कार्यालय, बाल कल्याण समिति, गुमला, एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई, गुमला में दस्तावेज के साथ दावा प्रस्तुत करें।

दावा प्रस्तुत करने के लिए दिये गए समय सीमा के समाप्ति के पश्चात बच्ची पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2015 के नियम 6 के उपनियम 12 के अंर्तगत बच्ची को दत्तक ग्रहण हेतू बाल कल्याण समिति, गुमला द्वारा कानूनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

सम्पर्क करें :–

मोबाईल न0 :– 08825206317, 08210499054, 09304803573 ।

प्रकाशन :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला।

PR 324350 Women, Child Development & Social Security (24-25)_D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी
गुमला

सीटेट तैयारी को लेकर ओरिएन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 02.05.2024 दिन गुरुवार को महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व पूर्वोत्तर छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में स्पेशल लेक्चर प्रोग्राम का आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया, जिसका विषय सीटेट प्रीपेरेशन ओरिएन्टेशन प्रोग्राम था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का विषय

प्रवेश सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने किया। तत्पश्चात रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद पूर्ववर्ती छात्रा निशि कुमारी (सत्रः 2021-23) ने उपस्थित सभी जूनियर प्रशिक्षुओं को सीटेट से संबंधित विषयों, तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि, सबसे पहले सीटेट के सिलेबस को अच्छी तरह समझना है। उम्मीदवारों को परीक्षा की बारीकियों और पेचीदगियों को समझने के लिए परीक्षा पैटर्न को अच्छी तरह समझना जरूरी है। एक सुव्यवस्थित स्टडी प्लान प्रभावी तैयारी की नींव है, इसलिए स्टडी प्लान को अच्छी तरह करना है। अध्ययन सामग्री का चयन बुद्धिमानी से करें, ताकि आपके पास सटीक जानकारी मिले। इसके अलावा मॉक टेस्ट और ऑनलाइन अभ्यास का भरपूर लाभ उठाएं। तैयारी के लिए समय प्रबंधन को ध्यान देना आवश्यक है। अंत में उन्होंने कहा हमें अपना स्वमूल्यांकन करना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में रिसोर्स पर्सन निशि कुमारी को डॉ. संजीव कुमार के हाथों सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रशिक्षु सोनी कुमारी व पवन यादव ने किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय जल पथ प्रमंडल सं0–2 हजारीबाग

Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 05/2024–2025

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost (INR)	Earnest Money (INR)	Cost of BOQ (INR)	Completion period of Work
1	सदर प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विधालय सलैया में सेप्टिक टैंक एवं बोरिंग सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण।	5,10,100.00	10,200.00	1,250.00	20 Days
2	सदर प्रखंड अन्तर्गत सामुदायिक भवन, चान्हो में सेप्टिक टैंक सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण।	1,96,200.00	4,000.00	500.00	20 Days
3	कटकमदाग प्रखंड अन्तर्गत उत्कमित मध्य विधालय कुसुम्बा में सेप्टिक टैंक सामुदायिक शौचालय निर्माण।	2,64,200.00	5,300.00	750.00	20 Days
4	विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत राजकीय उत्कमित मध्य विधालय, नागी में सबमरसिबल पम्प सहित डीप बोरिंग निर्माण।	5,16,500.00	10,500.00	1,250.00	20 Days
5	विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विधालय, नरकीकला में सबमरसिबल पम्प सहित डीप बोरिंग निर्माण।	5,16,500.00	10,500.00	1,250.00	20 Days
6	विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत उच्च विधालय, बारा में सबमरसिबल पम्प सहित डीप बोरिंग निर्माण।	5,16,500.00	10,500.00	1,250.00	20 Days
7	चौपारण प्रखंड अन्तर्गत +2 उच्च विधालय, दनुआ में सेप्टिक टैंक एवं सॉक पिट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण।	5,79,200.00	11,600.00	1,250.00	20 Days
8	चौपारण प्रखंड अन्तर्गत राजकीय मध्य विधालय, सिंहपुर में सेप्टिक टैंक, सॉक पीट एवं सबमरसिबल पम्प सहित डीप बोरिंग के साथ सामुदायिक शौचालय निर्माण।	13,58,190.00	27,200.00	2,500.00	20 Days
9	चौपारण प्रखंड अन्तर्गत डॉ0 बसन्त नारायण इन्टर कॉलेज, बसरिया में सेप्टिक टैंक, सॉक पीट एवं सबमरसिबल पम्प सहित डीप बोरिंग के साथ सामुदायिक शौचालय निर्माण।	9,26,896.00	18,600.00	1,250.00	20 Days

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 11.05.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 11.05.2024 अपराहन 02:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 11.05.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 324388 Water Resource(24-25).D

दहेज हत्या के आरोपी पति व ससुर को आजीवन सश्रम कारावास

- अपर जिला व सत्र न्यायाधीश दितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनायी सजा
- 20000 रु. जुर्माना लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर 01 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : षडयंत्र रच हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी पति बंटी साव, पिता शुक्र साव, कटाडीह, जयनगर, वर्तमान पता -तीन नंबर कॉलोनी आम बागान, रेलवे फाटक, आसनसोल वेस्ट बंगाल, जिला - वर्धमान एवं ससुर शुकर साव पिता - स्वर्गीय चोकन साव को 302, एवं 201 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20000

जुमार्ना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 1वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2022 का है। इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 59/ 2022 एवं रळ-126/2023 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी ावाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए, न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रकाश मोदी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता महादेव साव ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री की शादी 2009 को बंटी साहू पिता शुक्र साहू के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। कुछ दिनों तक वह ससुराल में ठीक से रही। उसके बाद उसे ससुराल वालो द्वारा दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।

एक झलक

गैस सिलिंडर में विस्फोट से सहमे लोग

पटना : राजधानी पटना के बुद्ध कॉलोनी थाना क्षेत्र के नवीन पुलिस लाइन के पास बसे झुग्गियों में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गयी। यहां आग लगने के बाद लगातार विस्फोट की आवाज आ रही है, जिससे आसपास के लोग सहमे हुए है। अगलगी की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे । गोलघर इलाके में पास की एक झुग्गी में आग लग गयी। आग ने अपने लपेटे में एक के बाद एक झुग्गियों को अपने जद में ले लिया और पछुआ हवा के कारण आग ने कुछ देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया । फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई हैं ।इस अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना अब तक नहीं है। इस अगलगी में कई घर स्वाहा हो गए। यहां तक कि झोपड़ियों में रखे गैस सिलेंडर भी धमाके के साथ उड़ गए इससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई।

वाहन की चपेट में आने से दो युवक की मौत

नवादा : बिहार में नवादा जिले के काशीचक थाने के बोझवा गांव के निकट शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक की मौत हो गई।आसपास के लोगों ने देखा कि दो युवक सड़क के किनारे खून से लथपथ गिरा पड़ा है । इसके बाद पुलिस को खबर की गई। पुलिस ने दोनों युवकों को सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रौंद दिया गया है। जिससे दोनों युवक की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना के बाद उनके परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक युवक की पहचान गोंदा गांव निवासी बासो चौहान के 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू चौहान और जगदीश चौहान के 26 वर्षीय पुत्र ललन चौहान के रूप में किया गया है। दोनों युवक बाजार से दवाई लेकर बाइक से अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की खबर सुनकर उनके परिवारजनों की होश उड़ गए। पूरे परिवार में मातम छा गया। घटना के बाद काशीचक पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रसाद रत्नेश्वर को सरकार ने रिसोर्स पर्सन किया नामित

पूर्वी चंपारण : जिले के प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के इजेडसीसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स सदस्य प्रसाद रत्नेश्वर को बिहार सरकार ने रिसोर्स पर्सन नामित किया है। रत्नेश्वर बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से कला-संस्कृति एवं युवा विभाग में नव नियुक्त जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारियों को विशिष्ट प्रशिक्षण देंगे। 38 पदाधिकारियों का यह सांस्थानिक प्रशिक्षण बिपार्ड पटना में इस माह शुरू होकर आठ सप्ताह तक चलेगा। रत्नेश्वर लोक संस्कृति के स्रोत एवं संरक्षण, कला का सौंदर्य बोध और प्रशासनिक दृष्टि तथा लोक जीवन में कला व संस्कृति जैसे विषयों को केंद्रित करते हुए पदाधिकारियों से संवाद करेंगे। इसके साथ ही वह रंगकर्म के अपने 40 वर्ष के अनुभव के आधार विशिष्ट व्याख्यान देंगे।

गंगा किनारे गांव में जल संकट, नल जल के पाइप से नहीं आ रहा पानी

भागलपुर : भीषण गर्मी के बीच भागलपुर के गंगा के तट पर बसे गांव में जल संकट गहराने लगा है। गंगा नदी से महज सौ मीटर की दूरी पर बसे मीराचक गांव में लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। नल जल योजना के तहत पानी की पाइपलाइन तो जरूर बिछाई गई लेकिन उसमें पानी नदारद है।

जनता को रिझाने की तेजस्वी प्रसाद की कोशिश

एजेंसी

अररिया :विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की धरती अररिया के सिमराहा मध्य विद्यालय मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर प्रहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में दस साल से और बिहार में पंद्रह सालों से भाजपा की सरकार है।लेकिन वे मुद्दे की बात नहीं करते हैं। जबकि वह सिमराहा की धरती पर मुद्दे की बात करने आए हैं। आज देश का दुश्मन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी है। जिससे जनता जूझ रही है। उन्होंने कहा कि 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने लाखों नौकरियां दी। विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज,और शिक्षामित्र के मानदेय को दुगना करने का काम किया। जाति आधारित जनगणना के साथ-साथ आईटी पॉलिसी, स्पोर्ट्स पॉलिसी और टूरिज्म पॉलिसी डेवलप करने का काम किया। निवेशकों को बुलाकर बिहार में निवेश करवा रहे थे। और जब हम लोग यह काम कर रहे थे और नौकरी दे रहे थे तो भाजपा वालों ने उनके चाचाजी को हाईजैक कर लिया। लेकिन वह उनकी इज्जत करते हैं। चाचाजी बुजुर्ग और अभिभावक हैं। उन्होंने कहा कि 17 माह के कार्यकाल में उन्होंने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का काम किया। तीन लाख युवाओं के रोजगार की प्रक्रिया अंतिम रूप में थी और सरकारी नौकरी देने वाले थे। लेकिन ऐन वक्त पर भाजपा वालों ने मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया और सरकार से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनी तो 15 अगस्त तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे।

वाहन चेकिंग अभियान में डेढ़ लाख से ज्यादा की राशि जब्त

एजेंसी

सहरसा : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु जिला अंतर्गत चारों विधानसभा में विभिन्न चेक पोस्ट पर कार्यरत सटैटिक टीम द्वारा 24 घंटे सघन जांच किया जा रहा है ।वही उड़न दस्ता दल के द्वारा सभी संदिग्ध स्थलों पर सूचना मिलते ही जाकर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में सिमरी बख्तियारपउर के गोरा पुल के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान के द्वारा सुरेंद्र कुमार शाह पिता अशोक शाह जिला मधुबनी के पास कुल एक लाख 59 हजार सात सौ रुपए पाया गया। जब्त राशि के विरुद्ध कोई भी प्रमाणिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्टैटिक जांच दल के द्वारा उड़दस्ता दल के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा राशि की जब्ती की कार्यवाही की गई।व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि एफ एसटी दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि की जब्ती कर सिमरीबख्तियारपुर थाना में जमा करवाई गई। इसी के साथ आगामी दिनों में पूरे जिले को हाई एलर्ट पर रखा गया है। किसी भी परिस्थिति में मतदान को अप्रभावित रखा जाएगा।वही निष्पक्ष एवं सफल मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

टीके लगवाए बिना आप नहीं जा पाएंगे हज यात्रा पर : सिविल सर्जन

एजेंसी

किशनगंज : जिले के सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य नियामक निकायों ने हज यात्रियों को दो टीके लगवाने की सिफारिश की है। हज पर जाने वाले जिले के सभी हज यात्रियों के लिए गुरुवार और शुक्रवार को पोलियो, मेनिनजाइटिस व इन्फ्लुएंजा का टीका लगाया गया। सदर अस्पताल प्रांगण में शिविर लगाकर दो दिनों में कुल 247 यात्रियों को टीका लगाया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया की टीकाकरण का अर्थ है कि यात्री को रोग पैदा होने की संभावना को कम किया जा सकता है। इससे न केवल वे खुद सुरक्षित रहेंगे, बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय को भी संक्रमण से बचा सकते हैं। दूसरा लाभ है कि टीकाकरण हज यात्रा को सुगम बना सकता है। उन्होंने कहा कि टीके लगवाने वाले यात्री अन्य यात्रियों के साथ मिलनसार हो सकते हैं, जिन्हें खतरा हो सकता है। इससे समूह के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और हज यात्रा का समृद्ध अनुभव बनता है। सही जानकारी और समर्थन से, यात्री अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रख सकते हैं, जिससे वे हज यात्रा का आनंद ले सकते हैं और समृद्धि से पूरा कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक की

सहरसा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी बैभव चौधरी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर यथोचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन प्रयोजनार्थ आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की अधतन स्थिति, डिस्पैच सेन्टर पर की गयी तैयारी, प्रखंडवार मतदाता पर्ची वितरण एवं ए0एस0डी0 सूची प्राप्ति की अद्यतन स्थिति, मतदान दिवस के अवसर पर अधिकाधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड स्तर पर मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों आदि के संदर्भ में समीक्षा की गयी। लोकसभा आम निर्वाचन निमित आकलन के अनुसार वाहन उपलब्धता की प्रखंडवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम कुछ प्रखंडों में वाहन अधिग्रहन/जब्ती कार्य अपेक्षाकृत धीमा पाया गया है। तदनुसार ऐसे प्रखंडों को उक्त वर्णित कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभर कर सामने आया कि अधिकांश सेक्टर पदाधिकारियों को वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेक्टर पदाधिकारी संबंधित भौगोलिक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में आगामी 07 मई को होने वाले मतदान के अवसर पर माताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगें। उन्हें मतदान केन्द्रों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं एवं जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष/निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने हेतु निरन्तर की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी देंगें ताकि अधिकाधिक मतदाता निर्भिक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें।

शराब पीने के आरोप में जिला कोषागार पदाधिकारी गिरफ्तार

एजेंसी

किशनगंज : शराब के नशे में जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार गिरफ्तार हो गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने जिला कोषागार पदाधिकारी के सुभाषपल्ली स्थित आवास पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में लेकर उत्पाद थाना ले आए, जहां पर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होते ही जिला कोषागार पदाधिकारी नरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार की देर शाम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं, उत्पाद विभाग द्वारा आम शराबियों की गिरफ्तारी होने पर हथकड़ी लगाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है लेकिन उत्पाद विभाग द्वारा ट्रेजरी ऑफिसर की गिरफ्तारी के बाद भीआईपी टीट देते नजर आए। ट्रेजरी ऑफिसर को न तो हथकड़ी लगाया गया था। वहीं, न्यायालय लाने के दौरान डुमरिया ओवर ब्रिज के पास भवन निर्माण विभाग कार्यालय के एक चेंबर में उन्हें बैठाया गया था। वहां भी उत्पाद विभाग के कर्मी नहीं थे। उत्पाद कर्मी भवन निर्माण के मुख्य द्वार के बाहर खड़े थे। वहीं भवन निर्माण के चेंबर में बैठकर गिरफ्तार ट्रेजरी ऑफिसर मोबाइल में बात कर रहे थे। मीडिया को देखते ही उत्पाद विभाग की कर्मी उन्हें वहां से बाहर निकाल कर बिना हथकड़ी के ही न्यायालय में ले गए।

चुनाव ड्यूटी में किशनगंज से आए होमगार्ड जवान की हर्ट अटैक से मौत

एजेंसी

अररिया : किशनगंज में दूसरे चरण के चुनाव के बाद अररिया में तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले चुनाव कराने के लिए आए होगार्ड जवान 45 वर्षीय सुधीर कुमार सिंह की गुरुवार की शाम हर्ट अटैक से मौत हो गई।मुजफ्फरपुर में पदस्थापित होमगार्ड के जवान सुधीर कुमार सिंह मुज्जफरपुर जिला के सरैया थाना क्षेत्र के पुलवारा गांव का रहने वाला था। होमगार्ड का जवान किशनगंज में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान कराने के बाद तीसरे चरण के लिए 28 अप्रैल को किशनगंज से अररिया आया था ।वह जिले के कुसाकांटा थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय रहटमीना में ठहरा हुआ था, जहां गुरुवार की देर शाम अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसे आनन फानन में कुसाकांटा पीएचसी ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने होमगार्ड जवान को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी समेत मुजफ्फरपुर से परिजन भी देर रात सदर अस्पताल पहुंचे।सूचना के बाद होमगार्ड के समादेष्टा ममता कुमारी सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और मृतक को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल 15 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। जवान का रात में शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर शव को पुलिस लाइन लाया गया,जहां एसपी अमित रंजन,एसडीपीओ रामपुकार सिंह,होमगार्ड के जिला समादेष्टा ममता कुमारी समेत जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों सदस्यों ने अंतिम विदाई देते हुए मृतक जवान के शव को परिजन को सौंप दिया गया। रात में ही परिजन शव को लेकर पैतृक गांव लेकर चले गए।दिवंगत होमगार्ड के जवान के परिजनों को जिला प्रशासन ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

नव मतदाता अभियान को लेकर एनडीए की बैठक

अररिया : अररिया नगर में शुक्रवार को एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह ने शंखनाद कार्यक्रम के बैनर तले नव मतदाता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदीप कुमार सिंह ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के निर्माण में युवा का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी काफी संख्या में हमारे अररिया में युवा - युवती फर्स्ट टाइम वोट डालने जाएंगे। इन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी जी के नेतृत्व में देश का पूरे विश्व में अलग ख्याति मिली है इससे सारे युवा जागरूक है। प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे अररिया के युवा मतदाता से इस लोकतंत्र के पर्व का भागीदार बनते हुए नव मतदाता से वोट डालने की अपील की।

स्किल डेवलपमेंट के सहारे युवा कर सकते बड़े व्यवसाय

एजेंसी

नवादा : नवादा के प्रसिद्ध महिला व्यवसायी रेशम सिन्हा ने कहा है कि स्किल डेवलपमेंट के आधार पर ही युवा बड़े व्यवसायी बन सकते हैं, जिसके लिए उन्हें सजगता के साथ काम करने की जरूरत है। वे शुक्रवार को नवादा के आदर्श सिटी में आयोजित साईं जागरण कार्यक्रम के अवसर पर उद्यमियों तथा समाजसेवियों से अपने विचार साझा कर रही थी। वे अपने जन्मदिन के साथ ही जीवनसाथी व्यवसायी राजीव सिन्हा के साथ की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर अपना विचार साझा कर रही थी। देश के इलाहाबाद, बनारस ,कोलकाता तथा मुंबई से आए कलाकारों की टीम साईं जागरण कार्यक्रम में भक्ति भाव जगा कर श्रोताओं को बागबाग कर दिया।प्रसिद्ध व्यवसायी राजीव सिन्ह ने कहा कि जीवन में हर अच्छे मौके पर भक्ति संगीत का होना जरूरी है ।तभी जीवन सार्थक हो सकता है ।जीवन साथी के मिलने के 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया गया कार्यक्रम कई मायने में खास रहा ।जहां युवा उद्यमियों के साथही नवादा शहर के कई समाज सेवियों ,पत्रकारों,अधिवक्ताओं, चिकित्सको तथा बुद्धिजीवियों को भी सम्मानित किये गए। प्रसिद्ध महिला व्यवसायी रेशमा सिन्हा के पुत्र रितिक सिन्हा का जन्मदिन मां के साथ रहने के कारण उद्यमियोंनेऔर भी बेहतर तरीके से मनाया ।समारोह में जुड़े सैकड़ो उद्यमियों ने व्यवसाय के क्षेत्र में नवादा वासियों के लिए कुछ बेहतर करने का भी संकल्प लिया।

नए जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने लिया पदभार

एजेंसी

भागलपुर : भागलपुर के नए जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार ने शुक्रवार को जिला परिषद कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार को डीडीसी कुमार अनुराग ने पदभार ग्रहण कराया। कुछ महीने पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष टुनटुन साह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। 22 अप्रैल को भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के समक्ष मतदान हुआ जिसमें मिथुन कुमार विजय घोषित हुए। इसके बाद आज जिला परिषद कार्यालय में लगभग सभी जिला परिषद सदस्यों के साथ अपना पदभार ग्रहण किया।

संकुल स्तरीय शिशु/बाल/कन्या भारती प्रबोधन वर्ग सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पिस्का नगड़ी : आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर कुदलुम में विद्या भारती के मोराबादी संकुल का शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के भैया बहनों के लिए प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर की गई। जिसके बाद फणिंद्रनाथ झा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गई जिसमें उन्होंने विद्या भारती के पंचपदी शिक्षण पद्धति के बारे में बताते हुए कहा कि विद्या भारती का यह लक्ष्य है कि सभी भैया बहनों का सर्वांगीण विकास हो, वे हर क्षेत्र में आगे रहें और उनकी इस प्रकार की छवि बने जो लोक कल्याण को समर्पित हों और अच्छे व्यक्तित्व वाले व्यक्ति बन सके। तीन सत्रों में यह वर्ग चला जिसमे प्रथम वर्ग में प्रिया दीदी जी द्वारा सभी भैया बहनों को वंदना अभ्यास कराया गया। दूसरे वर्ग में जितेंद्र तिवारी ने भैया बहनों को बाल सभा गठन करने का महत्व बताते हुए कहा कि आप भगवान कृष्ण से सारथी बने जो विद्यालय रूपी रथ का संचालन करें । इस निमित विद्यालय में भैया बहनों के बीच से ही अध्यक्ष, सेनापति सह सेनापति जैसे पद निर्धारित गए हैं। तृतीय सत्र में पंचकोशीय शिक्षण पद्धति पे प्रकाश डाला गया। डॉ रामकेश पांडेय ने कहा कि भैया बहनों में कुशल नेतृत्व क्षमता छिपी होती और उसे उजागर करने का कार्य विद्या भारती करती है। कार्यक्रम में विद्या भारती रांची के विभाग निरीक्षक फानेंद्र नाथ झा, आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर कुदलुम के प्रधानचार्य जितेंद्र तिवारी, गंगा प्रसाद बुधिया विद्या मंदिर मोराबादी के प्रधानाचार्य आशीष कुमार झा, आ प्र जा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय, एस वी एम बिनगांव के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह,सरस्वती विद्या मंदिर चुटिया, एस वी एम अंबा पकना तथा एस वी एम कुल्ही के आचार्य दीदी जी भी उपस्थित थे । सभी आचार्य दीदी जी ने कहा कि इस प्रबोधन वर्ग से भैया बहनों के साथ साथ हमने भी बहुत कुछ सीखा। विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी ने मिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें हर जगह उनकी हार तय है : सम्राट

पटना : लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी में नामांकन के अंतिम दिन अपने पत्ते खोल दिए। पार्टी ने रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। राहुल गांधी के सीट बदलने पर बिहार के दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने तंज कसा है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले उनको डर था तो हम लोगों ने उनको मंदिर भिजवाया। अब पूरा गांधी परिवार परंपरागत सीट को भी छोड़कर भाग रहा है। इनका पूरा खानदान परंपरागत सीट छोड़कर भाग रहा है। यह लोग कहीं से चुनाव लड़ें हर जगह इनकी हार तय है। सम्राट ने कहा कि एक बात लिखकर रख लीजिए 2025 में जब नवंबर के महीने में विधानसभा का चुनाव होगा तो उससे पहले 10 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका होगा। विधानसभा चुनाव से पहले एक-एक व्यक्ति की सूची निकाल कर हम बताने का काम करेंगे कि नीतीश कुमार ने जो वादा किया था उसे किस हद तक पूरा किया है। यह हमारी गारंटी है। यह लालू का राज नहीं है कि 15 साल में एक भी लोगों को रोजगार नहीं मिला। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी किसी भी जगह से चुनाव लड़ें जनता का विश्वास उनके साथ नहीं है।

डीएम ने मतदान की तैयारी पर किया निरीक्षण

एजेंसी

फारबिसगंज/अररिया : अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे चरण में 07 मई को मतदान होना है जिसको लेकर जिलास्तर पर निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, अररिया, इनायत खान द्वारा सभी पोलिंग पार्टी -सह- ईवीएम-वीवीपैट डिस्पैच सेंटरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित गति से आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा डिस्पैच सेंटर पर कर्मियों का ब्रीफिंग स्थल, मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतदान कर्मियों के लिए हेल्प डेस्क, वाहन पार्किंग स्थल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उल्लेखीय है कि अररिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु चार विधानसभावार पोलिंग पार्टी -सह- ईवीएम-वीवीपैट डिस्पैच डिस्पैच सेंटर क्रमशः 47 रानीगंज एवं 49 अररिया विधानसभा क्षेत्र हेतु अररिया अररिया कॉलेज, 46 नरपतगंज एवं 48 फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र हेतु कृषि उत्पादन बाजार समिति, 50 जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र हेतु अल शम्स मिल्लिया कॉलेज अररिया तथा 51 सिकटी विधानसभा क्षेत्र एम.एल.डी.पी.के. यादव कॉलेज अररिया को बनाया गया है। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा, अररिया, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया एवं फारबिसगंज एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

भागलपुर के जदार्लू को टक्कर देगा लॉकडाउन वेरायटी का आम

एजेंसी

भागलपुरः मैंगो मैन के नाम से मशहूर अशोक चौधरी ने आम की एक नई वेरायटी लॉकडाउन को विकसित किया है। यह पौधा मात्र 5 से 6 फिट का होता है।एक पौधा करीब 50 मीटर का सर्कल लेता है। ऐसे में छोटी से जगह पर इस आम के पौधे को लगा सकते हैं। यह आम देखने में सिंदूरी और हरा रंग का होता है। खाने में भागलपुर के जदार्लू आम से ज्यादा स्वादिष्ट है। अशोक चौधरी ने आम की इस वेरायटी का इजाद किया है। लोगों को यह आम पसंद भी आने लगा है। लोग इस आम के स्वाद के दीवाने हो गए हैं। यह आम देखने में भी खूबसूरत होता है। इसमें गुद्दा अधिक होता है। पतला छिलका के साथ यह आम काफी स्वादिष्ट होता है। सिंदूरी और बीजू के क्रॉस से पौधा तैयार किया गया है। मैंगो मैन अशोक चौधरी ने बताया कि लॉकडाउन था। उस समय पूरा भारत बंद था। सभी चीजें बंद हो गई थी। घर पर अकेले बैठे मन नहीं लग रहा था। तो सोचा कि एक नए आम का पौधा ही इजात कर दिया जाए। तभी सामने सिंदूरी और बीजू आम नजर आया।

एक झलक

सौरभ यादव ने की शानदार बल्लेबाजी, सहारा ने जीता मैच

लखनऊ : एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 के लीग मैच में सीएसडी सहारा एकेडमी ने अशरफी क्रिकेट ग्राउंड को 296 रन से मात देकर बढ़त बना ली। इस मैच में सीएसडी सहारा के सौरभ यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाये। सीडीएस सहारा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट गवांकर 421 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज आदित्य कृष्णा 17 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं सुजीत कुमार ने 44 बाल पर 68 रन बनाये, जबकि सौरभ यादव ने 14 चौका और एक छक्का की मदद से 95 बाल पर 116 रन का योगदान दिया। जय वर्मा ने 41 रन का योगदान दिया। ऋषभ ने 65 रन बनाये। वहीं अशरफी की पूरी टीम 125 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और सीएसडी सहारा ने 296 रन से मैच को जीत लिया।

विराट का अनुभव टी-20 विश्वकप के लिए अहम रहेगा : अगरकर

मुम्बई : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है उनका अनुभव बहुमूल्य है और वह टी20 विश्व कप में हमारे लिए बेहद अहम हैं। अगरकर ने कहा कि इसी कारण हम आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर विचार नहीं कर रहे क्योंकि हम जाने हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं।
विराट ने अब तक 10 पारियों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं पर उनके 147 से कुछ अधिक का उनका स्ट्राइक रेट को कम बताया जा रहा है। वहीं अन्य बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड का स्ट्राइक रेट 194 से अधिक हैं। इसके अलावा फिल सॉल्ट 180 से अधिक और सुनील नारायण 182 से अधिक हैं। अगरकर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। वह आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।

टी-20 विश्व कप में अहम भूमिका निभा सकते थे रिंकू : रैना

नयी दिल्ली : पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को टी20 विश्वकपक के लिए शामिल नहीं किये जाने पर हैरानी जतायी है। रैना ने कहा कि रिंकू ने हमेशा ही भारतीय टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में उन्हें टीम में रखा जाना चाहिये था। रैना ने इससे पहले भी रिंकू की तारीफ करते हुए कहा था कि वह धोनी जैसे फिनिशर हैं। साथ ही कहा था कि उनमें टीम को कठिन हालातों में जीत दिलाने की क्षमता है। रैना ने कहा कि इस विश्व कप के दौरान रिंकू भारत के लिए अगला एक्स-फैक्टर खिलाड़ी हो सकते थे। वह कल्पना करते थे कि रिंकू विजयी छक्का लगाकर भारत के लिए आईसीसी ट्रॉफी जीतेंगे। रिंकू के बारे में रैना की तरफ से कही ये बात सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि जिस दिन भारत अगला विश्व कप जीतेगा, रिंकू वहां मौजूद होंगे और टीम को कठिन हालातों में जीत दिलाने और विजयी छक्का लगाने में सफल होंगे।

राजस्थान रॉयल्स पर जीत से उत्साहित हैं कमिंस

हैदराबाद : आईपीएल के एक रोमांचक लीग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स पर जीत से सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस बेहद उत्साहित हैं। सनराइजर्स ने इस मैच में राजस्थान को केवल एक रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें भी बढ़ गयी हैं। इस जीत के बाद हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने कहा कि मैं अच्छा हूं। आज रोमांचक खेल रहा। यह टी20 क्रिकेट है और इसमें कुछ भी हो सकता है। भुवेश्वर कुमार ने मैच की अंतिम गेंद में विकेट लेकर कमाल कर दिया। साथ ही कहा, आप बीच में कुछ विकेट लेने का प्रयास करते हैं कभी यह अभियान सफल हो जाता है कभी नहीं। हमारे पास टी नटराजन अच्छे यॉर्कर गेंदबाज हैं। हम घरेलू मैदान पर कुछ मैच खेल चुके हैं।

आईपीएल में आज होगा आरसीबी-गुजरात का मुकाबला

एजेंसी

बेंगलुरु : आईपीएल में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी। आरसीबी को इस मैच में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलने की उम्मीदें रहेंगी। ये दोनो टीम अंकतालिका में काफी पीछे हैं। आरसीबी दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस के दस मैचों में आठ अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। ऐसे में प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिए दोनो ही टीमों को ये मैच हर हाल में जीतना होगा। इन दोनो ही टीमों की संभावना चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैचों में मिली हार से बनी हैं। इन दोनों ही टीमों को अब हर मैच जीतने के साथ ही दूसरी टीमों के परिणामों पर भी आधारित रहना होगा। आरसीबी के लिए अब तक इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सबसे अधिक रन बनाये हैं। इस मैच में भी टीम को उनसे इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। आरसीबी की ओर से विराट के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी और रजत पाटीदार ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया है। वहीं टीम के गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं जिससे टीम अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पायी है। ऐसे में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज , यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह को अब अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इन गेंदबाजों में इस मैच में गुजरात के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोकना होगा। गुजरात के पास कप्तान शुभमन गिल , साई सुदर्शन और

डेविड मिलर सहित कई अच्छे गेंदबाज हैं पर टीम को निरंतरता की कमी से लाभ नहीं मिला है। टीम अभी तक एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं कर पायी है। इसी कारण वह करीबी मुकाबले हारी है। गुजरात के पास राशिद खान जैसा शानदार स्पिनर है पर वह भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। राशिद ने हालांकि अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं। पिछले साल उन्होंने 8 . 24 की इकॉनॉमी रेट से 27 विकेट लिये थे। उसके तेज गेंदबाज उमेश यादव और मोहित शर्मा ने विकेट लिए हैं पर काफी रन भी दिये हैं। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक रहेगा। इसमें टॉस पर भी काफी कुछ परिणाम आधारित रहेगा। बल्लेबाजी पिच होने के कारण टॉस जीतने वाली टीम बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी।

दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।
गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी डेवोन थॉमस पर भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत लगा पांच साल का प्रतिबंध

एजेंसी



दुबई : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाड़ी डेवोन थॉमस को सभी प्रकार के क्रिकेट से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। थॉमस ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी), अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के सात मामलों के उल्लंघन करने की बात स्वीकार की थी। निलंबन की यह अवधि 23 मई, 2023 से मानी जाएगी, जिस दिन थॉमस को अनंतिम रूप से निलंबित कर दिया गया था। आईसीसी ने एक बयान में कहा, श्थॉमस, जिन्होंने आरोपों को स्वीकार करने का विकल्प चुना और भ्रष्टाचार निरोधक न्यायाधिकरण की सुनवाई के बदले आईसीसी के साथ प्रतिबंध पर सहमति व्यक्त की, ने एसएलसी, ईसीबी और सीपीएल कोड के निम्नलिखित प्रावधानों का उल्लंघन करने की बात स्वीकार की, जो इस प्रकार हैः एसएलसी संहिता का अनुच्छेद 2.1.1 - लंका प्रीमियर लीग 2021 में मैचों के परिणाम, प्रगति, आचरण या अन्य पहलुओं को अनुचित तरीके से तय करने, तय करने या प्रभावित करने का प्रयास करने के लिए किसी समझौते में शामिल होना। एसएलसी संहिता का अनुच्छेद 2.4.4 - लंका प्रीमियर लीग 2021 में भ्रष्ट आचरण में शामिल होने के लिए प्राप्त संपर्क या निमंत्रणों का पूरा विवरण, अनावश्यक देरी के बिना, नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी को बताने में विफल रहना।

पीसीबी ने आईसीसी से कहा

चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत के मुकाबले एक ही शहर में रखें

एजेंसी

लाहौर : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी में भारतीय टीम के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों को एक ही जगह रखना चाहता। इसी कारण पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि इन मुकाबलों को कराची, रावलपिंडी और लाहौर को में से किसी एक जगह पर रखा जाए। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों पर बात की थी। तब पीसीबी ने उन्हें सलाह दी थी कि सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए। ऐसे में वह क्वालीफाइंग दौर के मैच कराची में चाहता है। भारत और पाक अभी केवल आईपीसी टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं पर इसके बाद भी भारतीय टीम के पाक जाने की कोई संभावनाएं नजर नहीं आती हैं। इससे पहले एशिया कप में भी भारत ने सुरक्षा करणों से पाक जाने से इंकार कर दिया था। तब भारत के मुकाबले श्रीलंका में हुए थे। वहीं पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के अनुसार इस बार किसी अन्य देश में मुकाबले नहीं रखे जाएंगे और सभी टीमों को पाक में ही खेलना होगा। पीसीबी ने आईसीसी ने कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड पर चैम्पयंस ट्रॉफी में खेलने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। पीसीबी के अनुसार उसने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

शैफाली को उम्मीद, मंधाना के साथ पूरी करेंगी 5000 की साझेदारी

एजेंसी

सिलहट : भारतीय महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी बनाया है। इस मैच के साथ ही सलामी बल्लेबाज के तौर पर इन दोनो के बीच 2000 रनों की साझेदारी हुई। ये उपलब्धि हासिल करने वाली शेफाली और मंधाना सलमी बल्लेबाज के तौर पर पहली महिला जोड़ी है। इस मैच में शेफाली ने तेजी से अर्धशतक लगाया और कहा कि मंधाना के साथ वह टी20 में 5000 रन की साझेदारी का भी रिकार्ड बनाएंगी। इस मैच में शेफाली की 51 रन की तूफानी पारी और मंधाना की 47 रन की पारी के बल पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 3 विकेट पर 18.3 ओवर में 3 121 रन बनाकर तीसरा टी20 मैच जीता। मंधाना ने अपनी पारी में 42 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्का लगाया, वहीं शेफाली ने 38 गेंदों पर 8 चौके लगाये। इस प्रकार 5 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम ने 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी हुई। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने के बाद शेफाली ने कहा, ह्य मुझे लगता है कि गेंद बल्ले पर आसानी से आ रही थी।

स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष बनीं डॉ. मल्लिका नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली : डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल ओलंपिक के एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. मल्लिका नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (शिमला) से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी। डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत क्षेत्र में एसओ भारत के प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगी, जहां स्पेशल ओलंपिक भारत को स्थायी सीट प्राप्त है। उनका कार्यकाल तीन साल (1 मई 2024 से 31 मार्च 2027 तक) का होगा। अपनी नियुक्ति पर डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा, मैं एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद के सदस्यों का मुझ पर भरोसा जताने के लिए आभारी हूं। एसओ भारत का प्रतिनिधित्व करना और पूरे क्षेत्र में एथलीटों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं, और स्पेशल ओलंपिक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपने साथी सदस्यों के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हूं। साथ मिलकर तीनों क्षेत्रों - खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा में निरंतर गुणवत्ता विकास की दिशा में आंदोलन को आगे बढ़ाऊंगी।

हैदराबाद को रोमांचक जीत दिलाने पर भुवनेश्वर कुमार ने कहा

आखिरी ओवर में परिणाम के बारे में नहीं सोच रहा था

एजेंसी

हैदराबाद : राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को आखिरी ओवर में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को रोमांचक जीत दिलाने वाले तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह आखिरी ओवर में परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे थे और उनका ध्यान केवल सहीं जगह गेंद फेंकना था। । राजस्थान को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीत के लिए 2 रन चाहिए थे और सामने थे रोवमन पॉवेल। भुवी ने इस गेंद पर पॉवेल को एलबीडब्ल्यू आउट कर हैदराबाद को 1 रन से रोमांचक जीत दिला दी। भुवनेश्वर ने मैच में अपने 4 ओवरों में 41 रन देकर 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि यह मेरा स्वभाव है, मैं आखिरी ओवर में परिणाम के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। आखिरी ओवर में कोई चर्चा नहीं हुई, बस प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित था। बस दो अच्छी गेंदें फेंकने के बारे में सोच रहा था, कुछ भी हो सकता था। 34 वर्षीय पेसर ने कहा कि जब गेंद स्विंग होती है तो वह अपने ओवरों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं क्योंकि उन्हें गेंदबाजी करने में बहुत मजा आता है। उन्होंने कहा, गेंद बहुत स्विंग हुई, मैं वास्तव में इसका ठीक-ठीक अनुमान नहीं लगा सकता, मुझे गेंदबाजी करने में बहुत मजा आया। सौभाग्य से आज विकेट मिले। जब सीजन शुरू हुआ तो मेरी सोच अलग थी लेकिन जब बल्लेबाजों ने इस तरह से खेला तो यह बदल गई। ईमानदारी से कहूं तो मेरी सोच पूरी तरह से बदल गयी है।

फीडे कैंडिडेट्स के विजेता डी गुकेश ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से की मुलाकात

एजेंसी

नयी दिल्ली : अप्रैल में अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ कैंडिडेट्स (फीडे) का खिताब जीतने वाले भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने गुरुवार को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने गुकेश को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुकेश और खेल मंत्री दोनों ने खेल और टूर्नामेंट के दौरान के अनुभव के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। फीडे कैंडिडेट्स के राउंड 14 में, गुकेश ने काले मोहरों का इस्तेमाल करके प्रति द्वंद्वी चैंपियनशिप के दावेदार हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोका और अपनी जीत सुनिश्चित की। 17 वर्षीय गुकेश ने अप्रैल में इतिहास रचते हुए फीडे कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2024 जीता और टोरंटो में रोमांचक अंतिम दौर के बाद डिंग लिरेन के विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार बन गए।

इंग्लैंड के युवा स्पिनर जोश बेकर का निधन

एजेंसी

लंदन : वॉर्सेस्टरशायर के स्पिनर जोश बेकर का 20 साल की उम्र में निधन हो गया है, क्लब ने गुरुवार को एक बयान में इस दुखद खबर की पुष्टि की है। हालांकि, मौत का कोई कारण नहीं बताया गया, लेकिन काउंटी के मुख्य कार्यकारी एशले जाइल्स ने कहा कि बेकर के निधन की खबर ने हम सभी को स्तब्ध कर दिया है। इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जाइल्स ने कहा, श्जोश एक टीम-साथी से कहीं बढ़कर थे; वह हमारे क्रिकेट परिवार का अभिन्न अंग थे। हम सभी को उनकी बहुत याद आएगी। हमारा सारा प्यार और प्रार्थनाएं जोश के परिवार और दोस्तों के लिए हैं। बेकर, जिन्होंने अंडर-19 स्तर पर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया था, इस सप्ताह की शुरूआत में ब्रॉम्सग्रोव स्कूल में समरसेट के खिलाफ काउंटी सेकंड इलेवन के मैच में शामिल थे। उन्होंने पिछले साल क्लब के साथ तीन साल का अनुबंध किया था और वॉर्सेस्टरशायर को डिवीजन वन में पदोन्नति दिलाने में मदद करने के लिए पांच काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेले था। उन्होंने इस सीजन में दो मैच खेला, जिसमें से आखिरी मैच डरहम के खिलाफ था। क्लब के बयान में कहा गया, स्पिन गेंदबाज के रूप में उनके कौशल से ज्यादा, यह उनकी जीवंत भावना और संक्रामक उत्साह था जिसने उन्हें हर किसी का प्रिय बना दिया, उनकी गर्मजोशी, दयालुता और पेशेवर रवैया उल्लेखनीय था, जिससे वो हमारी टीम के प्रिय सदस्य बन गए थे। अपनी श्रद्धांजलि में, प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) के सीईओ पॉल लिंच ने कहा, पीसीए में हर कोई जोश के निधन की खबर सुनकर दुखी है और हम उनके परिवार, दोस्तों और टीम के सभी साथियों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। जोश एक ऐसे क्रिकेटर थे जिनका पूरा करियर और जीवन उनके आगे था और इस खबर को समझ पाना असंभव है। पीसीए और प्रोफेशनल क्रिकेटर्स ट्रस्ट जोश के परिवार, उनके साथियों और सभी पीसीए सदस्यों की सहायता करने के लिए काम कर रहे हैं जो प्रभावित हुए हैं।

आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए की मैच अधिकारियों की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की घोषणा की है। इस आयोजन के नौवें संस्करण में बीस अंपायर और छह मैच रेफरी होंगे, जिसमें 20 टीमें 28 दिनों में नौ स्थानों पर 55 मैच खेलेंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा आईसीसी टी20 विश्व कप होगा। अंपायरों के अनुभवी समूह में वार्षिक आईसीसी पुरस्कारों में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी 2023 के विजेता रिचर्ड इलिंगवर्थ के साथ-साथ कुमार धर्मसेना, क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल शामिल हैं, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 2022 संस्करण के फाइनल के लिए नियुक्त किया गया था। इनके अलावा जयरामन मदनगोपाल, सैम नोगाज्स्की, अल्लाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब बतौर अंपायर अपने सीनियर पुरुष इवेंट की शुरूआत करेंगे।

टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

नयी दिल्ली : पिछले साल ओवल में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वार्षिक अपडेट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। अपडेट में 2020-21 सत्र के परिणाम शामिल नहीं किए गए हैं और मई 2021 से पूरी हुई सभी सीरीज को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया अब 124 रेटिंग पॉइंट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, दूसरे स्थान पर काबिज भारत (120) ऑस्ट्रेलियाई टीम से केवल 4 अंक पीछे है, जबकि तीसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड से 15 अंक आगे है।

टी-20 और वनडे में भारत की बादशाहत बरकरार

दक्षिण अफ्रीका 103 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर है। तीसरे से नौवें स्थान पर रहने वाली टीमों का क्रम वही है। अब केवल नौ टीमें ही रैंक की गई हैं, क्योंकि अफगानिस्तान और आयरलैंड ने अभी तक पर्याप्त टेस्ट नहीं खेले हैं, जबकि जिम्बाब्वे भी बाहर है, क्योंकि उसने पिछले तीन वर्षों में केवल तीन टेस्ट खेले हैं। रैंकिंग तालिका में आने के लिए टीमों को तीन साल की अवधि में कम से कम आठ टेस्ट खेलने होंगे। हालांकि, वार्षिक अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, अपडेशन में मई 2023 से पहले पूरे किए गए मैचों का 50 प्रतिशत और उसके बाद के मैचों का 100 प्रतिशत परिणाम शामिल है। भारत भले ही आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया हो, लेकिन उसने वनडे में अपनी बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक कर ली है और 122 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन आयरलैंड जिम्बाब्वे को पछाड़कर 11वें स्थान पर पहुंच गया है। तीसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया से अंतर आठ से घटाकर चार अंक कर लिया है, जबकि श्रीलंका पांचवें स्थान पर काबिज इंग्लैंड से केवल दो अंक पीछे है। टी20आई रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से आगे बढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, लेकिन भारत से सात अंक पीछे है, जो 264 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। अपडेट से पहले छठे स्थान पर रहने के बाद दक्षिण अफ्रीका इंग्लैंड से सिर्फ. दो अंक पीछे है। न्यूजीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन वे अंशों में पीछे हैं, जबकि वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं, जिसका मतलब है कि तीसरे स्थान पर रहने वाले इंग्लैंड और छठे स्थान पर रहने वाले वेस्टइंडीज के बीच सिर्फ.तीन अंक का अंतर है।

रोम में यूईएफए यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।

एक झलक

सैमसंग के समर सेल 'फैब ग्रैब फेस्ट' की घोषणा

रांची : सैमसंग ने अपनी सबसे बड़े समर सेल 'फैब ग्रैब फेस्ट' की घोषणा की है। इस सेल में सैमसंग.इन, सैमसंग शॉप ऐप और सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर ग्राहक सैमसंग के प्रॉडक्ट्स को असाधारण डील्स और रोमांचक कैशबैक के साथ खरीद सकते हैं। 'फैब ग्रैब फेस्ट' के दौरान, ग्राहक गैलेक्सी एस सीरीज, गैलेक्सी जेड सीरीज और गैलेक्सी ए सीरीज के स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडलों पर 64 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी टैबलेट, एक्सेसरीज और वियरेबल्स के चुनिंदा मॉडल 77 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे, वहीं गैलेक्सी बुक4 सीरीज के लैपटॉप के चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर ग्राहक 24 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। सैमसंग टीवी के चुनिंदा मॉडल जैसे फ्लैगशिप नियो-क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी, द फ्रेम टीवी और क्रिस्टल यूएचडी सीरीज 43 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगे। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी के चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर ग्राहक 20,000 रुपये तक के बैंक कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक सभी टीवी की खरीद पर एक्सचेंज बोनस के रूप में 5000 रुपये तक का लाभ उठा सकते हैं। 'फैब ग्रैब फेस्ट' 2024 के तहत ग्राहक रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव, मॉनिटर और एयर कंडीशनर जैसे कई डिजिटल उपकरणों पर छूट और बेजोड़ कीमतों का लाभ उठा सकते हैं। हमारे 'बाय मोर, सेव मोर' प्लेटफॉर्म के साथ, ग्राहक सैमसंग.इन या सैमसंग शॉप एप के माध्यम से दो या दो से अधिक उत्पादों की खरीद पर अतिरिक्त 5% की बचत कर पाएंगे। 'बाय मोर, सेव मोर' प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को सैमसंग के कई प्रॉडक्ट्स पर बंडल ऑफर का लाभ उठाने का मौका देता है।

मारुति सुजुकी ने शुरू की अपनी बहुप्रतीक्षित कार एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग

रांची : मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी बहुप्रतीक्षित कार चौथी पीढ़ी की एपिक न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। ग्राहक 11,000/- रुपए का भुगतान कर एपिक न्यू स्विफ्ट की प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस ऑल न्यू जेनेरेशन, एपिक न्यू स्विफ्ट को पहले से बेहतर डायनेमिज्म और मजेदार ड्राइविंग के अनुभव के साथ इसकी बहुचर्चित सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। मारुति सुजुकी की स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट के बेंचमार्क को नए सिरे से परिभाषित किया है। अब, एपिक न्यू स्विफ्ट दमदार तरीके से अपनी इस समृद्ध विरासत को आगे ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, पार्थो बनर्जी ने कहा, एपिक न्यू स्विफ्ट को अपने बहुचर्चित स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। इसी के साथ ही जहां नयी पीढ़ी का अत्यधिक जोर पर्यावरण सुरक्षा की ओर है, इस दिशा में बेहद कम उत्सर्जन के साथ यह कार इस अपेक्षा को भी पूरा करती है।

सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,627 अंक लुढ़का

नयी दिल्ली : चौतरफा बिकवाली और हेवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में निफ्टी ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड भी बनाया। लेकिन बाद में मंदड़िये पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। आज के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,627 अंक और निफ्टी 446 अंक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.98 प्रतिशत और निफ्टी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार में मेटल और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स में मामूली खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, टेलीकॉम, रियल्टी और पीएसयू बैंक जैसे तमाम सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा दो लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 406.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 408.49 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.25 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में एनएसई में 2,223 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 747 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,476 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान और 35 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 406.71 अंक उछल कर 75,017.82 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 484.07 अंक की मजबूती के साथ 75,095.18 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिरता चला गया।

टाइटन वर्ल्ड हरमू रोड में अक्षय तृतीया ऑफर, सोने की घड़ियों में 20% की छूट

रांची : टाइटन वर्ल्ड हरमू रोड में अक्षय तृतीया ऑफर, सोने की घड़ियों में 20% की छूट हरमू रोड, शनि मंदिर के निकट टाइटन वर्ल्ड शोरूम में अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में टाइटन नेबुला जो 18 करैट शुद्ध सोने की बनी होती है उनपर 20% तक की छूट दी जा रही है। नेबुला घड़ियां बेहतरीन भारतीय कारीगरी का नमूना है, साथ ही लाइफ टाइम वारंटी इनकी विशेष खासियत है। घड़ियों के अलावे टाइटन ऑय+ की गोल्ड फ्रेम्स अरिस्टों पर भी विशेष छूट दी जा रही है। स्टोर मैनेजर बबन चौधरी ने बताया ऑफर का लाभ 12 मई तक उठाया जा सकता है।

टीरा ब्यूटी ने लॉन्च किया नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स अवर वे'

नयी दिल्ली : सौंदर्य उत्पादों के बाजार में टीरा ब्यूटी ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। रिलायंस रिटेल से जुड़ी टीरा ब्यूटी ने अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स की रेंज को मजबूती देते हुए एक नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स अवर वे' लॉन्च किया है। इस नयी नेल पॉलिश प्रोडक्ट लाइन में, प्रीमियम नेल कलर और केयर उत्पादों की एक विस्तृत रेंज ग्राहकों को मिलेगी। कंप्लीट लुक की चाह रखनेवाले ग्राहकों के लिए 'नेल्स अवर वे' के प्रोडक्ट्स, ऑफिस से लेकर शादी ब्याह तक के लिए परफेक्ट मैच है। 'नेल अवर वे' के बोल्ड और चमकदार रंगों वाले इस कलेक्शन में कई तरह की नेल पॉलिश शामिल हैं, जिनमें जेल वेल, स्विफ्ट ड्राई, ब्रीथ अवे और ट्रीट कोट नेल खास हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों में साथ देने वाली 'नेल अवर वे' कलेक्शन में खूबसूरती के साथ नाखूनों को पोषण और सुरक्षा देनेवाले प्रोडक्ट्स का भी लम्बा लाइन-अप है। नो बंप बेस, क्यूटी केयर और टफन अप सॉल्यूशन सहित कई बेहतरीन नेल केयर उत्पाद प्रोडक्ट लाइन का हिस्सा हैं। रेंज में नेल पॉलिश और नेल केयर उत्पादों के साथ 2 टोन्ड वैनिशर और एसीटोन-फ्री स्क्वीकी क्लीन जैसे सौम्य लेकिन प्रभावी नेल इनेमल रिमूवर भी शामिल हैं। मैनीक्योर के शौकिन ग्राहकों के लिए फ्रेंच 'एम अप और 'नेल्ड इट' जैसी किट्स भी उपलब्ध हैं। 'नेल्स अवर वे' कलेक्शन के प्रोडक्ट्स को Tirabeauty.com पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।

मिआ बाय तनिष्क ने अक्षय तृतीया के लिए प्रस्तुत किया पारम्परिक कला से प्रेरित कलेक्शन 'नेटिव'

रांची : अक्षय तृतीया के पवित्र पर्व के लिए, भारत के सबसे ट्रेंडी मूल्यवान फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने प्रस्तुत किया है नया कलेक्शन नेटिव जो संस्कृति, कला और आध्यात्मिकता से प्रेरित है। पवित्रता और असीमित अवसरों का पर्व अक्षय तृतीया इस शानदार कलेक्शन को लॉन्च करने के लिए सबसे बेहतरीन अवसर है। नेटिव कलेक्शन अक्षय तृतीया के सार को बखूबी दर्शाता है। देखते ही मन मोह लेने वाली वारली कला, मिट्टी के बर्तनों की सादगी की खूबसूरती, आदिवासी नक्काशी की सुंदरता, कच्चे आम की ताजगी और मंडला चित्रों का मंत्रमुग्ध कर देने वाले संतुलन से प्रेरित होकर बनाये गये नेटिव कलेक्शन का हर एक आभूषण धरोहर और आधुनिक हुनर का खूबसूरत मिलाप है।

गुणवत्तापूर्ण पोषण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'खाना खाया क्या' आन्दोलन शुरू

- नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज बाजपेयी
- सोशल इम्पैक्ट प्रोजेक्ट नंद घर का उद्देश्य 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना

मुंबई : 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैपेन की शुरूआत की है, जिसका शीर्षक है ₹अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा, प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी जी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। उक्त मुहिम के लॉन्च के दौरान, मनोज बाजपेयी ने बतौर युवा थिएटर अभिनेता अपनी कहानी साझा की। उन्होंने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि कैसे उनके दोस्तों ने नियमित और पौष्टिक भोजन के माध्यम से उनके सपनों को पूरा करने में मदद की। बाजपेयी ने कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में भावुकता से बात की और इस बात पर जोर या कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए पर्याप्त भोजन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को www.nandghar.org पर जाकर दान, स्वयंसेवा या साझेदारी के माध्यम से योगदान करके नंद घर का समर्थन करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, ₹व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं। इसके समाधान के रूप में प्रोजेक्ट नंद घर जैसी पहलें बेहद कारगर हैं।

फोन पे ने नेपाल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अपनी यूपीआई आधारित सेवाएं को लोगों के सामने लाया

रांची : फोन पे ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म पर आधारित अपनी सेवाओं का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम से नेपाली फाइनेंशियल लैंडस्केप के मुख्य सहयोगियों को एक साथ लाया गया है। इनमें बैंकिंग क्षेत्रों के वरिष्ठ प्रतिनिधि, पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर, यू पी आई स्वीकार करने वाले मर्चेंट, और बिजनेस असोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल थे। इस कार्यक्रम को नेपाल के सबसे बड़े पेमेंट सिस्टम ऑपरेटर फोन पे पेमेंट सर्विस लिमिटेड ने आयोजित किया, जो नेपाल के लिए NIPL के समान है। इस कार्यक्रम में, फोन पे नेटवर्क के CEO, दिवस सपकोटा ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने नेपाल की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए वढककी क्षमता पर जोर दिया। इसके बाद, नेपाल की अर्थव्यवस्था और फाइनेंशियल लैंडस्केप पर दोनों देशों के बीच पेमेंट के प्रभाव पर पैनल ने जोरदार चर्चा की। इस पैनल में कई सम्मानित पैनलिस्ट शामिल थे, जैसे अनिश तमरारकर - मुख्य डिजिटल बैंकिंग अधिकारी, कुमारी बैंक, श्रद्धा क्षेष्ठा-प्रबंधक, नेपाल पर्यटन बोर्ड, जगदीश खड़का- CEO, eSewa, और विवेक राणा - ICT/MIS सलाहकार, एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB)। पैनल की चर्चा में सीमा पार से पेमेंट और नेपाल की अर्थव्यवस्था और फाइनेंशियल लैंडस्केप पर उनके प्रभाव से जुड़ी कई समस्याओं को शामिल किया गया है।

आंगन अपनों का : में बेनकाब करने की हो रही योजना

सोनी सब का 'आंगन अपनों का' एपिसोड्स में, पप्पी मेहरा की धोखेबाजी के कारण अवस्थी परिवार को काफी अपमान सहना पड़ा और जेल जाना पड़ा, हालाँकि, पल्लवी के बहनोई राकेश ने परिवार को बचाने के लिए कदम उठाया और उन्हें जेल से रिहा कराया। आगामी एपिसोड्स में, पल्लवी के पति आकाश को एक और मुश्किल हालात का सामना करना पड़ता है जब उसकी नौकरी चली जाती है, अपना दुःख व्यक्त करती है। इस बीच, पल्लवी सबके सामने पप्पी के धोखे को उजागर करने और अपने परिवार को निर्दोष साबित करने की अपनी कोशिश में दृढ़ बनी हुई है। कानूनी रास्ता अपनाने को लेकर आकाश की सतर्क सलाह के बावजूद, पल्लवी, अपने ससुर सुरेश और चाचा सुभाष के साथ मिलकर, पप्पी को उसके ही धोखेबाजी के खेल में फंसाने के लिए एक साहसिक योजना बनाती है। वह हैरान रह जाती है, क्योंकि कॉन्स्टेबल और पप्पी के साथी अमित टंडन की प्रेमिका, नीतू को जब पता चलता है कि उसका प्रेमी उसे भी धोखा दे रहा है, तो वह भी पल्लवी के साथ शामिल हो जाती है।

देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या मार्च में बढ़ कर 119.9 करोड़ हुई : ट्राई

नयी दिल्ली : देश में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या मार्च में मामूली बढ़कर 119.9 करोड़ हो गई है। दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में यह इजाफा रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के नए ग्राहकों को जोड़ने के कारण हुई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया कि भारत में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या फरवरी, 2024 के अंत में 1,19.77 करोड़ से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 1,19.93 करोड़ हो गई है। इस तरह इसमें मासिक आधार पर 0.13 फीसदी की वृद्धि हुई है। ट्राई की जारी मासिक ग्राहक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या मार्च में बढ़कर 92.4 करोड़ हो गई है। इस दौरान रिलायंस जियो ने 21.4 लाख मोबाइल ग्राहकों जोड़े हैं जबकि भारती एयरटेल ने 17.5 लाख ग्राहक जोड़े हैं। वहीं, वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) ने 6.8 लाख मोबाइल ग्राहक, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने 23.5 लाख और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) ने अपने 4,674 ग्राहक खो दिए हैं। दूरसंचार नियामक के अनुसार मार्च 2024 के अंत तक वायरलाइन ग्राहकों की संख्या बढ़कर 3.37 करोड़ हो गई है, जो फरवरी 2024 के अंत तक 3.31 करोड़ थी। वायरलाइन खंड में नए ग्राहक जोड़ने में रिलायंस जियो सबसे आगे रही और उसने 3.99 लाख नए ग्राहक को जोड़े हैं। इसके बाद भारती एयरटेल का स्थान रहा और उसने 2,06,042 नए ग्राहक जोड़े। इसके साथ ही वीआईएल में 39,713 उपयोगकर्ता शामिल हुए। कुल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या बढ़कर मार्च 2024 के अंत तक 92.40 करोड़ हो गई। इसमें 0.80 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।

पेज एक के शेष

प्रधानमंत्री की आभा पर मुग्ध हुई रांची...

इसके बाद बिरसा मुंडा चौक से पीएम का काफिला आगे बढ़ा।

पीएम ने तय कार्यक्रम के तहत रोड शो शुरू किया। इस दौरान पीएम ओपन जीप में रांची से बीजेपी के प्रत्याशी संजय सेठ और अमर बाउरी के साथ रोड शो में शामिल हुए है। पीएम ने रोड शो भारत माता चौक से न्यू मार्केट रातू रोड तक किया। झारखंड की राजधानी रांची में पीएम मोदी के आगमन को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह रहा। वहीं, बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक हजारों की संख्या में सड़क किनारे लोग पीएम मोदी के आने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही पीएम की झलक लोगों ने देखी, उनके चेहरे खिल उठे। साथ ही, मोदी..मोदी.. मोदी के नारों के साथ पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। वहीं, पीएम के स्वागत में जगह-जगह मंच बनाये गये थे। पीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के जवान पूरी तरह से अलर्ट रहे।

बंगाली हूं, किसी से डरनेवाला नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य...

कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि समीर के नामांकन में लाखों की संख्या में जुटी गांव से लेकर शहर तक की जनता इस बात की गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। ईडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरनेवाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

हमें झारखंड को विकास की राह पर निरन्तर ले जाना है आगे...

का ठेका ले लिया है। यह जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते, तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी।'

कल्पना सोरेन ने कहा, ₹मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं, वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं हैं? यदि वे भाजपा शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं, तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है। कोई तथ्य नहीं है। यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

चौथे चरण में 96 सीटों के लिए 1717 उम्मीदवार मैदान में...

में हैं। इस चरण में तेलंगाना में 17 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 1,488 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद 25 संसदीय क्षेत्रों से 1,103 नामांकन के साथ आंध्र प्रदेश का स्थान था। तेलंगाना में 7-मलकजगिरी संसदीय क्षेत्र में अधिकतम 177 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। इसके बाद उसी राज्य में 13-नलगोंडा और 14-भोंगीर में प्रत्येक में 114 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। चौथे चरण के लिए एक लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है।

इस चरण में इन सीटों पर होगा मतदान

आंध्र प्रदेश : दक्षिणी राज्य की सभी 25 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ले, अनंतपुर, अराकू, बापटला, चित्तूर, एलुरु, गुंटूर, हिंदूपुर, कडपा, काकीनाडा, कुरनूल, मछलीपट्टनम, नंदयाल, नरसरावपेट, नरसापुरम, राजमपेट, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और विजयनगरम शामिल हैं।

बिहार : राज्य की पांच सीटों, जिनमें बेगूसराय, दरभंगा, मुंगेर, समस्तीपुर और उजियारपुर शामिल हैं। इन पर 13 मई को मतदान होगा।

जम्मू-कश्मीर : श्रीनगर के लोग 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मध्य प्रदेश : यहां 29 में से 08 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। इनमें देवास, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम और उज्जैन शामिल हैं।

झारखंड : खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में सोमवार (13 मई) को मतदान होगा।

महाराष्ट्र : लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 48 लोकसभा सीटों में से 11 पर वोट डाले जायेंगे। इनमें अहमदनगर, औरंगाबाद, बीड, जलगांव, मावल, नंदुरबार, पुणे, रावेर, शिरडी और शिरूर शामिल हैं।

ओडिशा : बरहामपुर, कालाहांडी, कोरापुट और नबरंगपुर चार सीटों पर इस चरण में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

तेलंगाना : चौथे चरण में सभी 17 सीटों (आदिलाबाद, भोंगिर, चेवेल्ला, हैदराबाद, करीमनगर, खम्मम, महबूबाबाद, महबूबनगर, मल्काजगिरी, मेडक, नागरकुर्नूल, नलगोंडा, निजामाबाद, पेद्दापल्ले, सिकंदराबाद, वारंगल और जहीराबाद) पर मतदान होगा।

उत्तर प्रदेश : उप्र में 13 मई को 13 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। इनमें अकबरपुर, बराइच, धौरहरा, इटावा, फरुखार्बाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, खीरी, मिश्रिख, सीतापुर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल : पश्चिम बंगाल की 08 सीटों पर मतदान होगा। इनमें आसनसोल, बहरामपुर, बर्द्धमान, दुगार्नाथ, पुरबा, बीरभूम, बोलपुर, कृष्णानगर और राणाघाट शामिल हैं।

व्हाट्सएप ने 07 करोड़ से ज्यादा मोबाइल नम्बर को किया बैन...

अकाउंट को यूजर्स की तरफ से कोई रिपोर्ट मिलने से पहले ही सक्रिय रूप से बैन कर दिया गया। जनवरी 2024 में जारी मंथली रिपोर्ट में बताया गया था कि व्हाट्सएप ने 01 जनवरी 2023 से लेकर 31 नवम्बर 2023 तक कुल 69,307,254 अकाउंट पर प्रतिबंध लगा दिया था। माना जा रहा है कि सोशल मीडिया कम्पनी का प्रतिबंध करने का यह आंकड़ा 07 करोड़ के आंकड़े को पार कर जायेगा। व्हाट्सएप ने बताया कि जनवरी 2023 में उसने 29 लाख अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद यह सिलसिला बढ़ता ही गया। फरवरी में कम्पनी ने 45 लाख अकाउंट, मार्च में 47 लाख, अप्रैल में 74 लाख, मई में 65 लाख, जून में 66 लाख, जुलाई में 72 लाख, अगस्त में 74 लाख, सितम्बर में 71 लाख, अक्टूबर में 75 लाख और नवम्बर में 71 लाख अकाउंट प्रतिबंधित कर दिये।

इसके अलावा, व्हाट्सएप ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यूजर्स से कोई भी रिपोर्ट मिलने से पहले ही इनमें से 02 करोड़ से ज्यादा अकाउंट्स को सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

व्हाट्सएप की ओर से जारी मंथली रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से लेकर मार्च 2024 यानी इस साल के पहले तीन महीनों में कम्पनी की ओर से 22,310,000 यानी करीब 2.23 करोड़ अकाउंट बैन किये गये। फरवरी 2024 में कम्पनी ने 7,628,000 अकाउंट्स को बैन किया, जिनमें से 1,424,000 अकाउंट यूजर्स की तरफ से रिपोर्ट करने के पहले ही कम्पनी के नियमों का उल्लंघन करते हुए पहचान लिये गये और सक्रिय रूप से प्रतिबंधित कर दिये गये। इसी तरह मार्च 2024 में 7,954,000 अकाउंट बैन किये गये, जिसमें से 1,430,000 अकाउंट सक्रिय रूप से बैन किये गये।

कांग्रेस को इस बार 50 व तृणमूल को 15 सीटें भी नहीं मिलेंगी...

लेकिन, कांग्रेस, लेफ्ट और फिर तृणमूल ने सारे उद्योगों को बर्बाद कर दिया। जहां तोलाबाजी हो, दंगे हों, वहां निवेश करने कौन आयेगा ? आप जानते हैं कि कांग्रेस ने देश का विभाजन धर्म के आधार पर किया। इसमें हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई साथियों का क्या दोष था, जो बॉर्डर के उस पार रह गये। ऐसे हर व्यक्ति की पीड़ा दूर करने के लिए ही हमारी सरकार ने सीएए लाने का साहस किया। लेकिन, तृणमूल इसका सबसे ज्यादा विरोध कर रही है। बंगाल में तोलाबाजी (रंगदारी वसूली) और दंगे की संस्कृति है। यहां कौन निवेश करना चाहेगा।

मोदी को ज्यादा एमपी इसलिए चाहिए, ताकि वे हर संसदीय क्षेत्र को आगे बढ़ा सकेः। आज देश में कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, गांव, गरीब, किसान और महिलाओं से जुड़े कितने काम हो रहे हैं। अगर आपके यहां भाजपा-एनडीए के सांसद होंगे तो और तेजी से विकास होगा।

बीरभूम में बोले प्रधानमंत्री : बंगाल को लूटनेवालों को नहीं छोड़ूंगा...

कि मैं बंगाल के लोगों को लूटनेवालों को नहीं छोड़ूंगा। जिले के बोलपुर में मोदी ने कहा कि बीते 10 साल मोदी ने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन-रात मेहनत की। मैंने अपने समय का पल-पल आपकी, देश की सेवा में पूरे कर्तव्य भाव से, पूरी नम्रता से समर्पित किया है, इसलिए आज देश ने वे उपलब्धियां भी हासिल की हैं, जो कांग्रेस 60 सालों में नहीं कर पायी। मोदी ने कहा कि तृणमूल शिक्षक भर्ती घोटाला करके आपके बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल रही है। 25 हजार से अधिक शिक्षकों को अदालत ने बर्खास्त कर दिया है। उन्होंने नौकरी के योग्य उम्मीदवारों की मदद का आश्वास देते हुए कहा कि मैंने भाजपा बंगाल से अनुरोध किया है कि जो युवा इस घोटाले का शिकार हुए हैं, उनकी सहायता के लिए एक कानूनी सेल और एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्थापित करें। मैं बंगाल के युवाओं को आश्वासन देता हूं कि जिन लोगों ने आपको परेशान किया है, उन्हें दंडित किया जायेगा। मोदी ने आगे कहा कि तृणमूल और कांग्रेस केवल अपने वोट बैंक के बारे में चिंतित हैं, इसलिए वे सीएए के बारे में अफवाहें फैला रहे हैं, जिसका उद्देश्य विभाजन के दौरान पड़ोसी देश में बचे लोगों की सहायता करना है। तृणमूल और कांग्रेस को आपके भविष्य की चिन्ता नहीं है; उन्हें केवल अपने वोट बैंक की परवाह है। वे नहीं चाहते कि हम उन समुदायों को न्याय प्रदान करें, जो विभाजन के बाद अपना देश छोड़ कर भागने को मजबूर हुए।

एक झलक

सीजेआई चन्द्रचूड़ नेपाल दौरे पर काठमांडू पहुंचे

काठमांडू : भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चन्द्रचूड़ तीन दिनों के नेपाल दौरे पर आज काठमांडू पहुंचे। वह शनिवार को यहां होने वाले एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए काठमांडू आए हैं। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश विश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ के निमंत्रण पर सीजेआई के काठमांडू आने की जानकारी दी गई है।
विमानस्थल पर नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश आनन्द मोहन भट्टराई ने सीजेआई चन्द्रचूड़ का स्वागत किया। इस दौरान नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

सिंधु नदी के तट पर गिरी बस, 20 की मौत

इस्लामाबाद : उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक प्राइवेट यात्री बस सुदूर पहाड़ी इलाके से फिसलकर सिंधु नदी के तट पर गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन महिलाएं भी हैं। यह हादसा गिलगित बाल्टिस्तान के डायमेर जिले में आज सुबह साढ़े पांच हुआ। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने निर्देश दिया है कि घायलों को हर संभव चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए। स्थानीय समाचार पत्र डॉन के अनुसार, यह बस रावलपिंडी से गिलगित जा रही थी। डायमर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर गुनार फार्म के पास चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बस पलटते हुए सीधे सिंधु नदी के तट पर जा गिरी। हादसे में अन्य 21 यात्री घायल हो गए। इनमें से ज्यादातर की हालत नाजुक है।

स्वीडन में कुरआन जलाने की पुलिस ने दी मंजूरी

स्टॉकहोम : स्वीडन ने एक बार फिर मुस्लमानों की पवित्र किताब कुरआन को जलाने की इजाजत देने से इलाके में तनाव फैल गया है। एक एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी स्वीडन की माल्मो पुलिस ने शुक्रवार को कुअरान जलाने के कार्यक्रम को ऐसे समय में मंजूरी दी गई है जब स्वीडन का माल्मो शहर यूरोविजन सप्ताह गीत प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी कर रहा है। मीडिया के अनुसार प्रदर्शन को आयोजित करने वाले आयोजकों का इस तरह के कार्यक्रम करने का इतिहास रहा है। इसके अलावा पुलिस के सामने शनिवार को कुरआन जलाने की मंजूरी देने के लिए एक और आवेदन मिला है, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। स्वीडन में इसके पहले ही कुरआन जलाए जाने की घटनाएं हुई हैं, जिसने कई मुस्लिम देशों के साथ स्टॉकहोम के संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है।

दमिश्क के बाहरी क्षेत्र में इजरायली हमला

दमिश्क : इजरायल ने फिर सीरिया की राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य स्थल पर कब्जे वाले गोलान हाइट्स की दिशा से हवाई हमला किया है। इस इजराइली हमले में आठ सैनिक घायल हो गए। यह जानकारी सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि दमिश्क के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण इलाके, कुनीत्रा प्रांत और कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स के साथ साझा प्रशासनिक सीमा पर धमाकों की आवाज सुनाई दी।

सावधान! चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर

- एसटीएफ ने बंद करायीं 12 फर्जी वेबसाइट, अब तक 76 वेबसाइट ब्लॉक
- चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे ठग

एजेंसी

देहरादून : चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने क्4सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी। चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है। साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी।
इस प्रकार की ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु वेबसाइट के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं। कोई भी भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल अवश्य कर लें। वहीं श्रद्धालुओं को साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाने के लिए एसटीएफ ने अभियान चलाया है। ऐसी फर्जी वेबसाइटों पर एसटीएफ की कड़ी नजर है। उन्हें चिह्नित कर एसटीएफ सबक सिखाने का काम करेगी।

अब तक 76 फर्जी बेवसाइट कराई जा चुकी हैं बंद

आए दिन ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइटें प्रकाश में आती रहती हैं। इसके लिए उत्तराखंड एसटीएफ को एमएचए क्4सी टीम से लगातार सहयोग मिल रहा है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लगातार फर्जी वेबसाइट की निगरानी कर रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 76 फर्जी बेवसाइटों को बंद कराया जा चुका है।

आईआरसीटीसी से अनुबंध कर युकाडा करेगी यात्रियों की सहायता

चारधाम के लिए यात्रियों को उत्तराखंड सरकार की युकाडा की ओर से आईआरसीटीसी के साथ अनुबंध कर सहायता प्रदान की जाएगी।

फरीदाबाद में 7.59 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा अब तक 16 गिरफ्तार, चीन तक जुड़े हैं ठगी के तार

फरीदाबाद : नगर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी के मामले में फरीदाबाद पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। पुलिस ने इनके पास बड़ी संख्या में कई बैंकों की पासबुक व चेक बुक, सैकड़ों सिम कार्ड और 14 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित आसपास के लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और उनसे पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं। ऐसा करने के लिए इन्हें मोटा कमीशन मिलता है। दरअसल, बीते दिनों फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लडकी ने साइबर पुलिस से शिकायत करी बताया था कि उसके साथ स्टॉक मार्केट से करीब 7 करोड़ 59 लख रुपये की ठगी हुई है। इसके बाद फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने पुलिस अधिकारियों की एक टीम गठित की। जिसका इंचार्ज साइबर एसीपी अभिमन्यु गोयत को बनाया। एसआईटी की टीम ने अब तक कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

संविधान बदलने का झूठ फैला रही कांग्रेस : दुष्यंत

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने दलितों और पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था का प्रावधान किया था लेकिन कांग्रेस लगातार उस पर कुठाराघात करती रही। इसके साथ ही कांग्रेस ने संविधान बदलने वाला नैरेटिव सेट किया।
केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दुष्यंत गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 लगाया, जिसके कारण जम्मू कश्मीर में दलितों को आरक्षण की सुविधा और बराबरी के अधिकार नहीं मिले और शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद वहां की सरकार ने सदैव उन्हें सिर्फ सफाई कर्मी की नौकरी के लायक ही समझा। कांग्रेस ने कभी इसका विरोध भी नहीं किया। तत्पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 27 जून 1961 को मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर आरक्षण के प्रति अपनी नापसंदगी जताई थी।
गौतम ने कहा कि देश के सभी केंद्रीय विश्वविद्यालय संविधान सम्मत और केन्द्र की योजनाओं के अनुसार संचालित होने के लिए बाध्य हैं लेकिन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में केन्द्र सरकार द्वारा बजट मिलने के बावजूद संविधान की मयादा को तार-तार करते हुए दलितों और आदिवासियों को आरक्षण नहीं दिया जाता है। कांग्रेस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में लागू व्यवस्था का कभी विरोध नहीं किया। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस का आचरण पूरी तरह दलित विरोधी रहा है। कांग्रेस के दलित विरोधी चेहरे का प्रमाण यह भी है कि 2004 में सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने जस्टिस रंगनाथ मिश्रा रिपोर्ट के माध्यम से एक वर्ग विशेष को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण देने का षड्यंत्र रचा था। देश के कुछ हिस्सों में मुस्लिम समुदाय को पहले से ही एसटी कोटे के माध्यम से आरक्षित किया गया है। कर्नाटक में कांग्रेस ने एक वर्ग विशेष को ओबीसी बनाकर ओबीसी समुदाय के साथ कुठाराघात किया है।

दो लोगों को जिंदा जलाने वाले 15 गिरफ्तार

मुंबई : गढ़चिरौली जिले में जादू-टोना के शक में एक महिला समेत दो लोगों को जिंदा जलाने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस के अनुसार गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील के बारसेवाड़ा में 1 मई को शाम को करीब छह बजे गांव वालों ने जामनी तेलामी (52), देउ अटालामी (60) को जादू टोना करने के शक में जमकर पीटा। इसके बाद गांव वाले रात करीब 10 बजे मरणासन्न अवस्था में दोनों को घसीटकर गांव के बाहर नाले में ले गए और दोनों को जिंदा जला दिया। अगले दिन देर तक इसके बारे में किसी को पता नहीं चला लेकिन गुरुवार को इसकी भनक एटापल्ली पुलिस को लगी। इसके बाद पुलिस ने मौके से दोनों के अधजले शव बरामद किये।

फिल्म 'सिंघम अगेन' में एक्शन सीन करती नजर आयेंगी दीपिका

एजेंसी

मुम्बई : बॉलीवुड की पॉपुलर जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। कुछ दिन पहले दीपिका-रणवीर ने फैंस को ये खुशखबरी दी थी। दीपिका अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान खुद को ज्यादा से ज्यादा समय दे रही हैं। साथ ही वह बची हुई शूटिंग भी पूरी करती नजर आ रही हैं। कुछ दिनों पहले दीपिका को 'सिंघम अगेन' के सेट पर स्पॉट किया गया था। अब सेट से एक बार फिर उनकी फोटो सामने आई है।
इस फिल्म में वह एक महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। कुछ दिनों पहले उन्हें 'सिंघम' के सेट पर एक पुलिस अधिकारी के रूप में शूटिंग करते हुए देखा गया था। इन तस्वीरों में दीपिका का बेबी बंप भी नजर आया। अब जूनियर आर्टिस्ट के साथ दीपिका की फोटो वायरल हो रही है।

ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंप

- भोपाल में रोक कर ली गयी तलाशी, अफवाह फैलाने वाला हिरासत में

एजेंसी

भोपाल : प्रदेश की राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद जीआरपी ने रानी कमलावति स्टेशन पर ट्रेन को रोका और सतर्कता के साथ पूरी ट्रेन की चेकिंग की गई, लेकिन कोई विस्फोटक नही मिला। जीआरपी ने ट्रेन में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है।

झेलम एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 8.31 बजे रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचती है। रानी कमलापति स्टेशन पहुंचने से पहले ट्रेन की एस 9 बोगी में सवार पुणे के एक यात्री ने टीसी को ट्रेन में बम होने की जानकारी दी। बम की जानकारी मिलते ही टीसी ने तुरंत कंट्रोल रुम को सूचित किया। इसके बाद ट्रेन को रानी कमलापति स्टेशन पर रोका गया। यात्री सहित सुरक्षाकर्मी अलर्ट हो गए। स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और हबीबगंज पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ पूरी ट्रेन की सघन जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को भोपाल से आगे के लिए रवाना किया गया।

शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने आया हेलीकाप्टर क्रैश

एजेंसी

मुंबई : रायगढ़ जिले के महाड में शुक्रवार को सुबह शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे को सभा में ले जाने आया हेलीकॉप्टर अचानक क्रैश हो गया। हादसे के वक्त सुषमा अंधारे हेलीकॉप्टर में नहीं थीं, इसलिए वे बाल-बाल बच गईं। साथ ही हेलीकाफ्टर का पायलट और उनके सहायक भी सुरक्षित हैं। हेलीकाफ्टर क्रैश होने की छानबीन की जा रही है।
जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुषमा अंधारे और उनके भाई विशाल गुप्ते बारामती में आयोजित सभा में शामिल होने वाली थीं। इसके लिए उन्हें लेने के लिए हेलीकाफ्टर सुबह नौ बजे महाड आया था। हेलीकाफ्टर लैंडिंग कर रहा था, इसी दौरान क्रैश हो गया, लेकिन पायलट की टीम क्रैश होने से पहले ही हेलीकाफ्टर से छलांग लगा लिया था, जिससे वे बाल-बाल बच गए। इस घटना के बाद सुषमा अंधारे ने कहा कि मैं महिलाओं की एक बैठक के लिए बारामती जाना चाहती थीं।

कुत्तों के हमले में जान गंवानेवाले को मिले मुआवजा : एनएचआरसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव के माध्यम से आवारा कुत्तों के हमले में मारे गए सफदर अली खान के परिजनों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का निर्देश दिया है। पिछले साल अप्रैल में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के परिसर में खान की हिंसक आवारा कुत्तों के हमलों में मौत हो गई थी। एनएचआरसी ने शुक्रवार को जारी दिशा निर्देश में आठ सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने घटना के बारे में 17 अप्रैल की एक मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लिया था।

फिलीपीन्स और श्रीलंका का डेलीगेशन मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करने आयेगा मध्यप्रदेश

- डेलीगेशन 5 से 8 मई तक तीसरे चरण की निर्वाचन प्रक्रिया का करेगा अवलोकन

एजेंसी

भोपाल : भारतीय लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन-2024 की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन करने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न देशों के डेलीगेशन को अलग-अलग राज्यों में भेजा जा रहा है। इसी अनुक्रम में मध्यप्रदेश में फिलीपीन्स और श्रीलंका का 11 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आयेगा। यह डेलीगेशन 5 से 8 मई तक भोपाल में रहकर मतदान की तैयारियों व मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने शुक्रवार को बताया कि फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की एसोसिएट कमिश्नर सोकोरों बी. इंटिंग के नेतृत्व में 3 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आयेगा। इस डेलीगेशन में डायरेक्टर सेलिया बी. रोमेरो एवं एग्जीक्युटिव असिस्टेंट लेसली एन सी. कॉनक्विला भोपाल आएंगी। इसी तरह श्रीलंका के 'प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के चेयरमैन जस्टिस वीवेज प्रियसथ गेरार्ड डेप के नेतृत्व में 8 सदस्यीय डेलीगेशन भोपाल आ रहा है। इस डेलीगेशन में कमीशन मेम्बर सुंथारम अरूमैनायाहम, कमीशन मेम्बर अलीसंदारालेज सेनानायके, कमीशन मेंबर अहमद लेब्बे मोहम्मद सलीम, कमीशन मेंबर निमालका फर्नान्डो, कमीशन मेंबर विथारानागे दीपानी सामंथा रॉडरिगो, कमीशन मेंबर एलन करमाइकल वेरे तंबिनायागम डेविड सहित कमीशन सेकेट्री माधवा देवासुरेन्द्र भी भोपाल आएंगे।

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उष्म लहर (Heat Wave) से बचाव हेतु परामर्श

कृषि :–
क्या करें –
- खड़ी फसलों में हल्की एवं बार–बार सिंचाई करें।
- नर्सरी अवस्था वाली सब्जियों को पुआल से ढकें।
- फसलों के नाजुक स्थिति में आवश्यकतानुसार सिंचाई की आवृत्ति को बढ़ाएँ।
- मिट्टी की नमी को बनाए रखने के लिए फसलों के अवशेष जैसे–पुआल तथा पॉलिथिन आदि से ढ़कें, जिससे मिट्टी में नमी बरकरार रहे।
- खड़ी फसलों में सिंचाई सुबह एवं शाम के समय ही करें।
- सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर एवं टपक सिंचाई (Drip Irrigation) का प्रयोग करें।
- आम, नींबु, पपीता आदि के बागों में शाम के समय सिंचाई की जाय, ताकि बागों में पर्याप्त नमी बनी रहे।
- यदि आपके क्षेत्र में लू का प्रकोप हो तो हवादार एवं छायादार स्थानों में आश्रय लें।

पशुपालन :–
क्या करें :–
- **पर्याप्त आश्रय प्रदान करना** :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगहों पर रखें। पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रयों (झाला) का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की रौशनी से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
- **पानी के कटोरे और बर्तन रखना** :– जलसंचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुँजी है। पानी के कटोरे में साफ, ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें, साथ ही कुओं/हैंडपंप आदि के पास चौड़े खुले वाले बड़े मिट्टी के बर्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए, जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
- **गर्मी से तनाव के लक्षणों की निगरानी करें** :– गर्मी की थकावट या हीटस्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें, जिनमें अत्यधिक हांफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि संकट के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो **ओ0आर0एस0** का उपयोग करें एवं तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें।
- **जागरूकता** :– अपने समुदाय के भीतर जानवरों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं। यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

पशु क्रुरता की रोकथाम के अधिनियम **1965** के नियम **06** के उप–नियम **03** में कहा गया है कि जहाँ तापमान **37** डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो वहाँ दोपहर **12:00** बजे से **3:00** बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में वाहन खींचने या भार ढ़ोने के लिए किसी जानवर का उपयोग नहीं करेंगे।
सभी पशुपालकों से अपील किया जाता है कि अत्यधिक गर्मी के प्रतीकूल प्रभावों से बचाने के लिए अपने जानवरों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और संकटों से बचाने के लिए सक्रिय उपाय करें, ताकि अत्यधिक गर्मी की स्थिति के कारण जनवरों को कोई अनावश्यक दर्द या पीड़ा न हो। किसी भी आकस्मिक स्थिति में निकटम पशु चिकित्सालय में संपर्क करें।

क्या न करें :–
- दोपहर के समय मवेशियों/पशुओं को चराने या चारा देने से बचें।

PR- 324396 (Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25